स्थानान्तरण के समय टेथिस सागर बेसिन तलहट मुड़ गई और ऊपर उठा भाग पर्वत क्रम तथा अवतलित भाग सोल (सेल्फ) बना है और जिसके निर्माण का समय प्लास्टोसीन (लगभग दस लाख वर्ष) माना जाता है। यह काफी उपजाऊ मिट्टी वाला भूभाग है जो क्षेत्रीय कृषि कलापो मे संलग्न 91% जनसंख्या के भरण पोषण का आधार है।

3– उच्चावच– अध्ययन क्षेत्र की समुद्र तल से औसत ऊचाई 114 मी० है। यह भूभाग पूर्व तथा पश्चिम गंगा यमुना के मैदानी दोआब की औसत ऊचाई का संक्रमण क्षेत्र है। पूर्व की ओर (107 नरैनी) सें, पश्चिम की ओर 116 मोहनखेड़ा से यह ऊचाई धीरे–धीरे बढ़ती गई है। यह पूर्व में खागा तहसील से पश्चिम में बिन्दकी तहसील तक लगभग 46.5 किमी० तथा दक्षिण में यमुना नदी के बायें किनारे से उत्तर में गंगा नदी के दाहिने किनारे तक लगभग 34.2 किमी० पर फैला है। शोध क्षेत्र गंगा–यमुना दोआब का महत्वपूर्ण भाग है परन्तु स्थानीय प्रारूप पर यह ससुर खदेरी नं० 1 और 2 आदि नदियॉ भी क्षेत्रीय विकास मे अपना अद्वितीय योगदान दे रही है। ये यमुना की सहायक नदियॉ है जो शोध क्षेत्र के समतल भूभाग को स्थानीय परिप्रेक्ष्य में कई छोटे–छोटे आकारो मे विखण्डित करती है। इस मैदान का ढाल दक्षिण पूर्व को ही अध्ययन क्षेत्र की औसत ऊचाई मैदानी भाग की 114 मी० है चित्र नं० 1.3 अ के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि जैसे पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ते जाते है वैसे वैसे भू भाग भी ऊचाई भी सनैः सनैः बढ़ती जाती है।

अध्ययन क्षेत्र की भूसंरचनात्मक स्थिति
उ.
1000 200 400
किमी.
फतेहपुर जनपद
फतेहपुर तहसील
संकेत
ग्रेनाइट जमाव
एल्यूवियम डिपाजिट
मेसोजोइक एवं पैलियोजोइट
विंध्ययन क्रम
द्रविड कल्प
पैलियो जोयिक (पुराणकल्प)
अ
तहसील फतेहपुर : उच्चावच
1 0 1 2 3 4
किमी.
संकेत
समुद्रतल से ऊँ.(मीटर)
≥115
113-115
<112
ब
भौतिक विभाग
किमी.
पश्चिमोत्तरी भूभाग
मध्यवर्ती भूभाग
दक्षिण-पूर्वी भूभाग
स
उच्चतादर्शी वक्र
200
115
110
105
0
समुद्रतल से औसत ऊँचाई (मीटर में)
समस्त भौ. क्षे. प्रतिशत
25
50
75
400
800
1200
1600
सम्पूर्ण भौ. क्षे.(वर्ग किमी. में)
द

चित्र 1-2,3

इस मैदानी दोआबा पर दतौली ओती कोर्राकनक, सरवल, लम्हेटा, सरकण्डी, जरौली, असनी, जमुरावा, भिटौरा, लोहारी, आदि न्याय पंचायतो पर ऊची नीची जमीन पाई जाती है जो कि अध्ययन क्षेत्र की सीमा के अर्न्तगत गंगा यमुना नदियो के किनारे सिथित है और स्थानीय नदियो के लिये जल विभाजक का कार्य करती है। कई नदियो के मध्य स्थित होने के कारण यह कई छोटी–छोटी पट्टियो के रूप मे बट जाती है। स्थानीय लघु क्षेत्रीय अध्ययन के परिपेक्ष्य में क्षेत्र को उच्चावच की तीन श्रेणियो में विभाजित किया जा सकता है जो निम्नाकिंत सारणी से स्पष्ट होता है।

सारणी नं० 1.2

फतेहपुर तहसील – उच्चावच

कमॉक	नाम भौगोलिक भू भाग	ऊचांई मीटर में	भौगोलिक क्षेत्र० वर्ग किमी०	समस्त भौ० क्षेत्र० का प्रति०
1	पश्चिमोत्तर भू–भाग	115 से अधिक	220.87	13.9
2	मध्यवर्ती भू–भाग	112 – 115	556.15	35.0
3	द० पूर्वी भू–भाग	112 से कम	819.98	51.1

स्रोत– अध्ययन क्षेत्र में प्रयुक्त भू–पत्रको के अनुसार जिसके अर्न्तगत निहित क्षेत्र एवं समस्त भौगोलिक क्षेत्र मे प्रतिशत का अंकिक विवरण उपरोक्त सारणी नं० 1.1 से स्पष्ट होता है। यथा

3.1 **पश्चिमोत्तर भू–भाग** – इस वर्ग के अर्न्तगत तल से 115 मीटर से अधिक ऊचाई वाले भू– भाग सम्मिलित है। इस भू– भाग के

अर्न्तगत मोहनखेड़ा 116, अलावलपुर 116, कॉधी 115, रावतपुर 115, बनरसी 115, शाह 115, कोराई जगतपुर 115, तथा खानपुर तेलियानी 115 न्याय पंचायतो का लगभग 220.87 वर्ग किमी० क्षेत्र सम्मिलित है जो क्षेत्र के समस्त भौगोलिक क्षेत्रफल का 13.9 प्रतिशत है। इस भू– भाग पर गंगा यमुना तथा मध्य में ससुर खरेदी नं० 1 आदि नदियो के किनारे– किनारे अवनालिका अपरदन की सक्रियता का प्रभाव स्पष्ट रूप से दृष्टव्य है। जैसा कि चित्र नं० 1.2.3 से स्पष्ट होता है।

3.2 **मध्यवर्ती भूभाग** – यह समुद्र तल से 112 और 115 मीटर के मध्य ऊचाई वाला भू भाग है इस वर्ग के अर्न्तगत अध्ययन क्षेत्र का लगभग 556.15 वर्ग किमी० का क्षेत्र है जो समस्त भौगोलिक क्षेत्र का 35% है। इस भूभाग के अर्न्तगत तारापुर 114, ललितपुर 114, जमुरांवा 114, हुसेनगंज 114, वरारी 113, मथईयापुर 113, मकनपुर 113, लथीफपुर 113, बड़नुपर 113, चुरियानी 113, अयाह 113, चकसकरन 113, कोर्राकनक 113, कोड़ार 113, मुत्तौर 113 गाजीपुर 112 मीटर अत्याधिक विकसित भूभाग है। क्योकि इस क्षेत्र में यातायात साधनो, सिचाई सुविधाओ तथा शिक्षा की पर्याप्तता के कारण यहॉ प्रगति हुई है। साथ ही इसी भूभाग में जनपद का मुख्यालय फतेहपुर नगर भी स्थित है। इस भू–भाग के किनारे उत्तर में गंगा तथा दक्षिण में यमुना तथा मध्यवर्ती भाग में ससुर खरेदी नं० 2 नदियो द्वारा अवनालिका अपरदन से मृदा संरक्षण की समस्या विकट है।

3.3 **दक्षिणी भू–भाग–** यह क्षेत्र दक्षिणी पूर्वी भाग में एक त्रिभूजाकार रूप में फैला है जिसकी सीमा पश्चिमी ओर मध्यवर्ती भू–भाग तथा दक्षिण की ओर क्रमशः खागा तहसील एवं यमुना नदी बनाती है। यह क्षेत्र अवनालिका अपरदन से पूर्ण रूपेण प्रभावित है। इस भू–भाग के अर्न्तगत क्षेत्र का लगभग 819.98 वर्ग किमी० क्षेत्र आता है जो अध्ययन क्षेत्र का 51.1 प्रतिशत है। जिसके अर्न्तगत 24 न्याय पंचायते सम्मिलित है।

जिसमे लोहरी 111, हसनपुर 111, चितिसापुर 111, मुरॉव 111, ख्वाजीपुर सेमरैया 111, हस्वा 111, सनगॉव 111, असोथर 111, थरियॉव 111, बहरामपुर 111, सेमरी 111, कुसुम्भी 110, कंधियॉ 111, दतौली 109, देवलान 111, सरवल 111, जरौली 111, सातोजोगा 109, नरैनी 107, आदि प्रमुख न्याय पंचायते है। यहॉ का जनजीवन अस्त व्यस्त रहता है। जिसके कारण कृषि कार्य का पूर्ण विकास एक समस्या है परन्तु कही–कही क्षेत्रीय किसानो ने अधिक प्रयास करके सिंचन सुविधायें जुटाकर धान गेहूँ की फसलो को उगाकर अच्छी प्रगति की है।

4 – जलवायु– जलवायु एक प्राकृतिक महत्वपूर्ण तथ्य है जो मानव संस्कृति का कारक है। किसी क्षेत्र के प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक प्रतिरूप इससे प्रभावित होते है। और किसी स्थान विशेष की जनसंख्या का विकास, वितरण तथा उसके कार्य कलाप इससे पूर्णरूप से प्रभावित होते है। विशेष रूप से कृषि को जलवायु का कृपा पात्र कहा गया है। क्योकि फसलो के उत्पादन की सीमा निर्धारण के साथ–साथ

कृषि के विभिन्न प्रारूपो को भी जलवायु से नियंत्रित/निर्भर होना पड़ता है। जलवायु के अध्ययन के बिना जनसंख्या की विशेषताये तथा क्षेत्रीय नागरिको के जीवन का आधार एवं भावी विकास की योजना का सीमांकन भी असंभव है। शोध क्षेत्र पर तीन ऋतुऐं (ग्रीष्म, वर्षा तथा शीत) होती है। जनपद में मानसूनी जलवायु पाई जाती है परन्तु क्षेत्रीयता के परिपेक्ष्य में विभिन्न विशेषताओ के कारण सामान्यतः क्षेत्रीय विशेषताएं भी पाई जाती है। सम्पूर्ण शोध क्षेत्र उत्तर तथा दक्षिण भारत के मध्य संक्रमणात्मक उष्ण मानसूनी जलवायु के अर्न्तगत है क्योकि विन्ध्याचल पर्वत की कम ऊचाई से दक्षिण पठार की प्रभावी मानसूनी पवने बंगाल की खाड़ी की मानसूनी पवनो मे मिल जाती है। जिससे क्षेत्र के स्थानीय स्तर पर वर्षा में अन्तर दृष्टव्य है क्योकि वर्षा की नम जलवायु पश्चिम की शुष्क (ट्रापिकल कान्टीनेण्टल ड्राई टाइप) जलवायु द्वारा स्थान्तरित[4] हो जाती है सम्पूर्ण क्षेत्र कोपेन[5] द्वारा विश्वस्तर पर जलवायु वर्गीकरण के (सी० डब्लू० जी०) प्रकार की जलवायु के अर्न्तगत आता है और शीतकाल में यहॉ उपोष्ण कटिबन्धीय प्रकार के चक्रवात अदभुत[6] होते है। जो पूर्ण रूपेण उत्तर भारत में सक्रिय रहते है परन्तु वे शीतकालीन सामान्य वर्षा के सृजक होते है परन्तु इस प्रकार के चक्रवात वायुमंण्डलीय अन्तस्थानिक अवरोधो पर निर्भर करते है उक्त जलवायु का प्रभाव कॉटेदार वनस्पति पर अधिक देखा जाता है। वर्षा का असमान वितरण अन्य भौतिक विशेषताओ के साथ विरत्तृत भीषण सूखा एवं भयावह बाढ़ो के रूप

में देखा जाता है जो क्षेत्र के आर्थिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। अतः अध्ययन क्षेत्र की जलवायु का विस्तृत अध्ययन एवं क्षेत्रीयता का मूल्याकंन अपेक्षित है।

4.1 **तापमान–** तापमान को मौसम और जलवायु का सृजक कहा जाता है तो कोई अतिश्योक्ति न होगी क्योकि यह (तापमान) सामायिक स्थितियो के अनुसार परिवर्तित होता हुआ मानव के कार्यकलापो को भी प्रभावित करता है। अध्ययन क्षेत्र के तापमान पर दैनिक, वार्षिक एवं क्षेत्रीय परिवर्तन उल्लेखनीय है यहॉ पर सामान्य तापमान लगभग 32.00सें० ग्रे० (अधिकतम दैनिक औसत) रहा है सामान्य रूप से यहॉ गर्मी की ऋतु मार्च से अक्टूबर तक होती है। चित्र 1.4 से स्पष्ट होता है कि इस अवधि मे क्षेत्र के तापमान में भी धनात्मक (+) वृद्धि दिखाई पड़ती है। जो बढ़कर माह मई मे लगभग अध्ययन क्षेत्र में क्षेत्रीय स्तर तापमान का औसत निम्नलिखित तालिका नं० 1.3 से स्पष्ट होता है।

सारणी नं० 1.3

तहसील फतेहपुर – तापमान 2000 – 2001

कमॉक	माह	दैनिक तापमान डिग्री सेन्टीग्रेट		मासिक तापमान से० ग्रेड में
		अधिकतम	न्यूनतम	
1.	जनवरी	25.6	10.1	21.0
2.	फरवरी	26.3	12.3	23.0
3.	मार्च	34.7	17.8	30.0
4.	अप्रैल	41.5	21.4	38.0

5.	मई	43.0	27.0	41.0
6.	जून	42.0	28.0	30.0
7.	जुलाई	32.6	25.3	28.0
8.	अगस्त	30.0	23.0	26.0
9.	सितम्बर	29.0	22.0	24.0
10.	अक्टूबर	27.3	16.4	23.0
11.	नवम्बर	25.0	12.3	21.0
12.	दिसम्बर	25.4	10.0	20.0

स्रोत – सूचना कार्यालय फतेहपुर।

अध्ययन क्षेत्र में शीतकाल (नवम्बर–फरवरी 2000 - 2001) में ($25.0^0 > 26.3^0$ से० ग्रे०) अधिकतम ($12.3^0 > 12.8^0$ से० ग्रे०) न्यूनतम तापमान है। तथा मासिक $21.0^0 > 23.0^0$ से० ग्रे० है। मार्च अप्रैल में दैनिक तापमान ($34.7^0 > 41.5^0$ से० ग्रे०) अधिकतम ($17.8^0 > 21.4^0$ से० ग्रे०) न्यूनतम तापमान रहा। जबकि मार्च अप्रैल मे मासिक तापमान ($30.0^0 > 38.0^0$ से० ग्रे०) रहा है। मई माह में (41.0^0) मासिक दैनिक (43.00^0) अधिकतम (27.0^0) न्यूनतम तापमान नापा गया है। जो कि ग्रीष्म ऋतु मे सबसे अधिक तापमान मई माह में रहा है। जून जुलाई माह का मासिक तापमान ($39.0^0 > 28.0^0$ से० ग्रे०) है। तथा दैनिक ($42.0^0 > 32.0^0$ से० ग्रे०) अधिकतम ($28.0^0 > 25.3^0$ से० ग्रे०) न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया है। मई माह मे

तहसील फतेहपुरः की जलवायु विशेषताएँ (फतेहपुर मौसम केन्द्र)

चित्र स0—1.4

तापमान में गिरावट आने लगती है। सारणी नं० 1.3 जिससे फतेहपुर जनपद मुख्यालय तहसील मुख्यालय में उच्च तापीय ह्रास देखा जाता है। सम्पूर्ण अध्ययन क्षेत्र में उत्तर पश्चिमी हवाओ का विशेष प्रभाव रहता है। मार्च से मई तक तापमान में वृद्धि हो जाती है। फतेहपुर नगर में मार्च में अधिकतम दैनिक तापीय औसत लगभग 34.1^0 से० ग्रे० रहता है। जो बढ़कर मई में 43.0^0 से० ग्रे० तक हो जाता है। कभी–कभी पवनो के मौसमी बदलाव से तापीय स्थिति में अचानक परिवर्तन भी हो जाता है। मानसून के आगमन पर मध्य जून से यह तापीय स्थिति ह्रसात्मक हो जाती है। लेकिन वर्षा ऋतु मे तापमान सामान्य रहता है। वर्षा ऋतु मे आर्द्रता की अधिकता और ठंण्डी हवाओ के संचार से तापमान कुछ समय (घण्टो) के लिये घटकर 3.00^0 से० ग्रे० से 4.07^0 से० ग्रे० तक हो जाता है। इस प्रकार तापमान की विषमता के कारण क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियॉ एवं रोग फेल जाते है।

चित्र नं० 1.4 से ज्ञात होता है कि तापान्तर वर्षा ऋतु मे अत्याधिक दिखाई पड़ती है लेकिन मई में यह तापमान उच्च रहता है परन्तु अक्टूबर एवं नवम्बर से तापमान में तेजी से गिरावट आ जाती है। जिसकी आंकिक ह्रसात्मक प्रवृत्ति की पुष्टि सारणी नं० 1.2 से होती है।

4.2 वायुदाब एवं हवाऐं– ताप की ह्रसात्मक और दाब की धनात्मक स्थिति के कारण शीत काल मे सम्पूर्ण अध्ययन क्षेत्र में उच्च वायुभार होता है। तथा अधिकतम वायुदाब जनवरी मे रहता है।

तथा जैसे ही पश्चिम उच्च वायु भार पेटी दक्षिण पूर्व की ओर बढ़ने लगती है तो दाबीय ह्रास के साथ–साथ तापीय वृद्धि होने लगती है। और संचालित हवाओ की दिशा पंजाब उच्च वायु दाब से प्रभावित होती है और साथ ही उत्तर प्रदेश पवन के प्रभाव के कारण गंगा की निचली घाटी मे कुछ निम्न वायुदाब की स्थिति रहती है और उत्तर पवन निम्न वायुभार प्रबलता के कारण सामान्य होती है जिसकी प्रतिघंण्टा औसत गति नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी और फरवरी मे कमशः 1.2 किमी०, 1.1 किमी०, 1.5 किमी० तथा 2.1 किमी० के मध्य होती है जैसा कि तालिका नं० 1.4 से स्पष्ट होता है। सम्पूर्ण क्षेत्र की वायु की समान गति पाई जाती है। पश्चिमी भारत का निम्न वायु दाब क्षेंत्र उत्तर प्रदेश के निकट सकिय होने से मार्च में समस्त अध्ययन क्षेत्र निम्न वायु भार क्षेत्र मे आ जाता है। जिससे क्षेत्र में वायु भार की स्थिति यथा 783.7 मि० वार (मार्च) 980.2 (अप्रैल) और 995.7 मि० वार (मई–जून) के मध्य भिन्न–भिन्न होती है।

सारणी नं 1.4

तहसील – फतेहपुर वायुगति का माहवार विवरण (किमी० मे)

कमॉक	माह	वायुगति
1.	जनवरी	1.5
2.	फरवरी	2.1
3.	मार्च	2.9
4.	अप्रैल	3.4
5.	मई	4.2
6.	जून	4.9
7.	जुलाई	2.9
8.	अगस्त	2.2
9.	सितम्बर	1.7
10.	अक्टूबर	1.4
11.	नवम्बर	1.2
12.	दिसम्बर	1.1

अध्ययन क्षेत्र में इस समय शुष्क एवं उष्ण पश्चिमी हवाऐं प्रवाहित होती है। जिसकी औसत गति प्रति घण्टा मार्च में 2.9 किमी०, अप्रैल में 3.4 किमी०, मई में 4.2 किमी और जून मे 4.9 किमी० होती है। इस समय प्रवाहित होने वाली उष्ण एवं त्रीव हवा को लू कहते है, जो सम्पूर्ण ग्रीष्म ऋतु मे सकिय रहती है। परन्तु

गर्म हवा की यह सक्रियता तापमान के बदलाव पर आधारित होती है। लू का दैनिक संचार प्रातः 10 बजे से सायंकाल 4 बजे तक होता है। मई जून मे यह लू ज्यादा सक्रिय रहती है। लेकिन कुछ स्थानो पर लू दोपहर के बाद तीव्र गति से चलती है। तथा रात्रि मे देर तक यही स्थिति बनी रहती है। परन्तु कभी–कभी अचानक धूल भरे झंझावतो की तीव्र गति (40-70) किमी० प्रति घण्टा से इस गति का क्रम भंग हो जाता है। इस धूल भरे झंझावतो को क्षेत्र मे " ऑधी " के नाम सें सम्बोधित करते है। यह आंधियॉ अपने क्षणिक प्रभाव से छोटे–छोटे पेड़ो, छप्परो तथा खलियानो में पड़े आनाज भूसे के ढेरो की पूर्णरूपेण प्रभावित करती है। और कभी–कभी ये आधियां वर्षा ओलो से भी युक्त होती है। जिससे मौसमी वनस्पतिक फलो (आम, महुआ) और कृषि फसलो पर व्यापक प्रभाव पड़ता है और कभी–कभी क्षेत्र में निम्न वायु भार के कारण निम्न भू–सतही, पवन उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय शुष्क एवं शीत हवाओ से पारस्परिक संवाहनिक क्रिया से गर्जन युक्त धूल भरी आंधियां भी लाती है। अत्याधिक उष्णता एवं शुष्कता के कारण (मई–जून) ग्रीष्म काल के कुछ महीने कष्टदायक होते है उच्च्य वायुभार की उपस्थिति हिन्द महासागर में होने के कारण से हवाओ का संचार जल से स्थल की ओर होता है। जिसकी प्रति घण्टे औसत गति 2.9 किमी० जुलाई 2.2 (अगस्त) 1.7 सितम्बर और 1.4 किमी० (अक्टूबर) में होती है। यह प्रवाहित दक्षिणी पूर्वी मानसूनी पवन क्षेत्रो मे पूर्वा के नाम से पुकारी जाती है। साथ ही इन पवनो में

सापेक्षिक आर्द्रता धनात्मक स्थिति में होने के कारण तापीय स्थिति ऋणात्मक हो जाती है। जिससे अन्य वायुमंण्डलीय दशाओ मे भी परिवर्तन हो जाता है जिससे क्षेत्र में जुलाई से अक्टूबर तक वायु भार की धनात्मक स्थिति होती है। यह वायु भार विभिन्न महीनो मे बढकर यथा– 471.2 मिलीवार (जुलाई) 973.2 (अगस्त) 977.1 (सितम्बर) 783.7 मिलीवार (अक्टूबर) में हो जाता है।

4.3 वर्षा– जनपदीय स्तर के साथ अध्ययन क्षेत्र मे भी वर्षा का एक अनोखा मिश्रित रूप परिलक्षित होता है। यहॉ पर वर्षा की 83.36% मात्रा वर्षा ऋतु मे हो जाती है। शेष ग्रीष्म काल और शीत काल में क्रमशः 12.14% और 4.5% वर्षा होती है। अतः निम्न विवरण से स्पष्ट है कि जून से अक्टूबर तक वर्षा की अत्याधिक मात्रा समाप्त हो जाती है जैसा कि सारणी नं० 1.5 से स्पष्ट होता है।

सारणी नं० 1.5

तहसील – फतेहपुर सामान्य वार्षिक वर्षा 2000-01 सेमी० में

कमॉक	माह	वर्षा सेमी० में
1.	जनवरी	6.0
2.	फरवरी	4.3
3.	मार्च	3.0
4.	अप्रैल	0.99
5.	मई	2.89
6.	जून	19.00
7.	जुलाई	82.00
8.	अगस्त	74.00
9.	सितम्बर	48.00
10.	अक्टूबर	12.00
11.	नवम्बर	01.11
12.	दिसम्बर	01.11

अध्ययन क्षेत्र के फतेहपुर मुख्यालय (जो वर्षा मापक केन्द्र भी है) मे वार्षिक वर्षा का औसत 827.00 मिली०मी० है। वर्षा अधिकांशतः जुलाई (82) अगस्त (74) सितम्बर (48) सेमी० तक सीमित है। जून एवं अक्टूबर मे वर्षा की मात्रा कमशः 19 एवं 12 सेमी० है। न्यूनतम वर्षा अप्रैल मे 0.99 सेमी० अंकित की

गई। चित्र नं० 1.4 ब के सूक्ष्मतम अवलोकन से पता चलता है कि क्षेत्रीय वर्षा का मासिक औसत मे भी भिन्नता दिखाई पड़ती है तथा सबसे अधिक वर्षा का औसत माह जून (165.17) मिमी०, जुलाई 785.19 मिमी० और अगस्त 288.17 मिमी० आदि वर्षा कालीन महीनो मे होती है। जबकि सबसे कम औसत वार्षिक वर्षा अप्रैल (7.5 मिमी०) है। जबकि यहाँ की शीतकालीन वर्षा पश्चिमी वायु विक्षोभो (जो उत्तर भारत मे सक्रिय रहते है) पर निर्भर करती है साथ ही साथ चित्र नं० 1.4 से स्पष्ट निरिक्षण करने से पता चलता है कि वर्षा के दिनो में मेघाच्छादित दिनो की संख्या जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर आदि महीनो मे प्रायः अधिक होती है लेकिन सापेक्ष आर्द्रता का औसत भी अधिक वर्षा के कारण ऊँचा (80%) है। जिसका आंकिक विवरण तालिका संख्या 1.5 से स्पष्ट होता है।

क्षेत्रीय वर्षा की प्रमुख विशेषताओ में प्रथम स्तर पर अनियमितता है। तत्पश्चात बाढ़े तथा जल की कमी क्षेत्रीय वर्षा की अन्य विशेषताओ के रूप में विद्यमान है। क्योकि यहाँ मानसूनी वर्षा का अनिश्चित होना बरसाती दिनो मे मानसूनी पवनो मे अवरोध तथा मानसून का अचानक परिवर्तन फसलो को पूर्ण रूपेण प्रभावित करने के साथ–साथ अकाल को भी जन्म देता है। वर्षा की असमानता के कारण शोध क्षेत्र कभी–कभी सूखे से प्रभावित होता है। क्षेत्र मे वर्षा की इस अनिश्चितता में मानसूनी पवनो की दिशा का निश्चित न होना उपोष्ण कटिबन्धिय चकवातो से वर्षा की

स्थानीय असमानता तथा स्थानीय उच्चावच आदि महत्वपूर्ण प्रभावी कारक है। अतः अध्ययन क्षेत्र में जलवायु को निम्नलिखित शीषर्को के अर्न्तगत अध्ययन किया जा सकता है।

4.3.1 शीत कालीन वर्षा– इस काल मे सूर्य की दक्षिणायन स्थिति के कारण वायुमंण्डलीय दबाव बढ़ने लगता है जिससे अक्टूबर के पश्चात क्षेत्र के वातावरण मे शनैः–शनैः शीत का प्रभाव बढ़ने लगता है। जिसके फलस्वरूप यहॉ पर वर्षा दिसम्बर और जनवरी माह मे शीत काल का प्रभाव त्रीवतम होता है। इन दिनो में शोध क्षेत्र दैनिक उच्चतम तापमान का अन्तर नवम्बर से फरवरी तक 1.3 डिग्री सेन्टीग्रेट लगभग हो जाता है। जिसके कारण बादलो से स्वच्छ आकाश और आर्द्रता का प्रतिशत निम्न हो जाता है। परन्तु कभी–कभी जनवरी के पश्चात वायु विच्छोभो (भूमध्य सागरीय चक्रवातो के उत्तर पश्चिमी भारत से होकर आता है) के कारण यहॉ पर कृषि हेतु वर्षा होती है। जिससे रवी की फसलो का पाला से रक्षा होने के साथ अधिक पैदावार भी होती है। यहॉ पर शीत काल सुखद होता है परन्तु कभी–कभी उत्तरीय भारत की शीत लहरी से क्षेत्रीय सामाजिक एवं आर्थिक जनजीवन प्रभावित हो जाता है।

4.3.2 ग्रीष्म कालीन वर्षा– जनवरी माह से सूर्य की स्थिति उत्तरायण होते ही दैनिक तापमान धीरे–धीरे बढ़ने लगता है और ऋतुवत तापमान का औसत 29.5^0 से०ग्रे० से (मार्च–अप्रैल) 32^0 से०ग्रे० के मध्य रहता है। मई और जून वर्षा का अत्याधिक गर्मी प्रदान करने वाले महीने होते है इस समय अध्ययन क्षेत्र निम्नवायुदाब पेटी मे

रहता है। जिससे पवन संचार गति बढ़ जाती है और लू का संचार होने लगता है। कभी–कभी धूल भरी आधियॉ क्षेत्रीय निवासियो की शान्ति को अपने विनाशात्मक प्रभाव से बाधित कर देती है, इस ऋतु में आर्द्रता का प्रतिशत कम और आकाश मे मेघाच्छादन रहित रहता है। जिससे कि असहनीय गर्मी एवं "लू" के कारण क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। अतः यहॉ ग्रीष्म ऋतु अन्य ऋतु को भी अपेक्षा कष्ट कारक होती है।

4.3.3 वर्षा काल– जून से अक्टूबर के मध्य का समय वर्षा काल कहा जाता है इस ऋतु में हिन्द महासागर मे उच्च वायुदाब स्थापित होने के कारण पवनो का प्रवाह जल की ओर से स्थल की ओर हो जाता है। ये पवने जून के अन्तिम सप्ताह से प्रारम्भ होती है परन्तु 15 या 20 जून के बाद इसमे सकियता आती है जो अक्टूबर के प्रथम सप्ताह तक चलती है। यह मानसूनी पवनें क्षेत्र में वर्षा करती है। चित्र नं० 1.4 द मे अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि उच्च तापमान भी स्थिति के साथ–साथ सापेक्ष आर्द्रता का प्रतिशत भी 87 तक पहुॅच जाता है। जिससे आकाश मे मेघाच्छादन का प्रतिशत भी बढ़ जाता है और सागरीय पवनो से वर्षा शुरू हो जाती है। किसान धान की फसले बोने लगते है एवं मानसूनी वर्षा के बाद की फसले (रवी) जैसे जौ, गेहॅू, चना आदि के लिये खेतो की जुताई करने लगते है।

1.5 अपवाह तन्त्र – जल के रूप में नदी, तालाब, पोखरो तथा झीलो का मानव जीवन से गहरा सम्बन्ध रहा है। वही पृथ्वी पर

मानव ने प्रारम्भिक काल से ही जलराशि के संन्निकट ही अपनी बस्तियॉ बसाई और बाद में इन मानव बस्तियो का प्रसरण हुआ। प्राकृतिक जल प्रवाह से जल सम्बन्धी मानव की सभी आवश्यकताये यथा–सिंचाई, पेयजल, परिवहन, जल विद्युत की पूर्ति होती है। किसी क्षेत्र का अपवाह उस क्षेत्र विशेष में जल के प्राकृतिक प्रारूप को चित्रित करता है अपवाह तन्त्र क्षेत्रीय भू–आकृतिक तत्वो से प्रभावित होता है। अन्य क्षेत्रो की भॉति शोध क्षेत्र का अपवाह भी वर्षा के मात्रात्मक विवरण अपछरण तरीको, भूमि का कटाव, क्षेत्रीय सदावाही तथा सामयिक नदियो के विकास एवं प्रवाह से पूर्णरूपेण प्रभावित नदियो उत्तर पूर्व को प्रवाहित होती हुई अपने जल प्रवाह का निर्माण करती है। क्षेत्रीय प्रवाहित नदियॉ भी प्रवाह प्रणाली, अनुवर्ती प्रवाह प्रणाली का उदाहरण प्रस्तुत करती है। क्षेत्रीय जल प्रवाह मुख्यतः गंगा और यमुना नदियो से ही प्रवाहित है परन्तु स्थानीय स्तर पर ससुर खरेदी नं० 1 तथा 2 एवं कुछ स्थानीय तालाबो का भी महत्व है। अध्ययन क्षेत्र की दोनो बड़ी नदियॉ (गंगा और यमुना) सदावाही है। जो हिमालय की बर्फीली चोटियो से निकलती है और वर्ष पर्यन्त जल युक्त रहती है। ये दोनो नदियॉ अपने किनारो पर बालू युक्त अपघर्षित चूरे (मोरम) का जमाव करती है। परन्तु क्षेत्रीय नदियो की घाटिया नदी के आकार या प्रवाह के समानुपाती है तथा मुहाने जल स्तर के अनुरूप है एवं घटिया तीव्र प्रवाह के कारण प्रवाहित नदियो द्वारा परिवृत्त है।[12]

तहसील फतेहपुरः अपवाह तंत्र
अ
ब
अध्ययन क्षेत्र के अंर्तगत नदियों की लम्बाई
लम्बाई कि.मी. में
100
80
60
40
20
0
गंगा
यमुना
ससुरखदुरी नदी.1
ससुरखदुरी नदीन.2
1 0 1 2 3
कि.मी.
उ
गंगा नदी
गंगा का अपवाह क्षेत्र
ससुर खदेरी न01
नगरीय क्षेत्र
ससुर खदेरी न0 2 का अपवाह क्षेत्र
ससुर खदेरी न0 2
का अपवाह क्षेत्र
यमुना का अपवाह क्षेत्र
यमुना नदी
ससुर खदेरी नदी न01
संकेत
तालाब या झील
सदावाही नदी
सामयिक नदी नाले
अपवाह क्षेत्र सीमा

चित्र स0—1.5

क्षेत्रीयता के परिप्रेक्ष्य मे यहॉ का जल स्तर चट्टानीय कम के अनुसार भिन्न– भिन्न पाया जाता है। यह (जल स्तर) चट्टानीय प्रकृति के अनुसार स्थानीय प्ररिप्रेक्ष्य में भिन्न–भिन्न है कहीं कहीं बलुई मिट्टी में नमी के अभाव में आन्तरिक भू जलीय संरचना से प्रभावित जल स्तर की ओर संकेत करता है। अध्ययन क्षेत्र का जल प्रवाह मूलतः गंगा एवं यमुना नदी पर आधारित है। ये अध्ययन क्षेत्र की महत्वपूर्ण सदावाही नदियॉ है।

5.1 गंगा नदी– यह क्षेत्र की महत्वपूर्ण नदी है जो अध्ययन क्षेत्र की उत्तरी सीमा बनाती हुई प्रवाहित होती है। चित्र नं० 1.5 के निरीक्षण से ज्ञात होता है कि गंगा नदी क्षेत्र में आदमपुर गॉव के पास प्रवेश करती है तथा नरौली बुजुर्ग गॉव तक ही क्षेत्र का भाग आता है। यह एक सदावाही नदी है इसके किनारे भृगुओ (विक्पल्स) से रहित है साथ ही यह अपने किनारे किनारे पतली सफेद बालू का जमाव करती है। जिसे गंगा बालू और धार्मिक भावना से युक्त लोग " रेणुका " कहते है। शोध क्षेत्र के अर्न्तगत इसकी लम्बाई 27 किमी० है। मौसम एवं स्थल विन्यास के कारण क्षेत्र मे इसकी चौड़ाई भिन्न–भिन्न हो जाती है इस नदी के बालू के किनारे के कणो मे यूरेनियम नामक शक्ति का अपूर्व श्रोत निहित है। जिसको विकसित करके ऊर्जा आपूर्ति के नये विकल्प स्वरूप ऊर्जा के साधन में विकसित किया जा सकता है। जिस पर शोध की नितान्त आवश्यकता है इस नदी के किनारे अध्ययन क्षेत्र की

खानपुर तेलियानी , तारापुर, भिटौरा, तालिबपुर, जमुरावा और लोहारी न्याय पंचायतो का अधिकांश भाग आता है।

5.2 **यमुना नदी–** यह भी अध्ययन क्षेत्र की महत्वपूर्ण एवं सदावाही नदी है। जो क्षेत्र की दक्षिणी सीमा बनाती हुई अध्ययन क्षेत्र को बॉदा जनपद के भू भाग से अलग करती है। यह क्षेत्र में कोण्डार न्याय पंचायत के रेय गॉव से प्रवेश करती है और सरकण्डी गॉव तक (मात्र अध्ययन क्षेत्र के अर्न्तगत) प्रवाहित होती हुई आगे बढ़ जाती है। यह अपने किनारे पर पत्रत मोटी बालू (मोरम) का जमाव करती है जो उत्तर प्रदेश सरकार को बालू की नीलामी के माध्यम से एक बहुत बड़ी संख्या में राजस्व की प्राप्ति का साधन है। क्षेत्र में मोरम नीलामी केन्द्र ललौली (बेंदा घाट) कोर्राकनक (खामर घाट) अढावल मोरम खदान दन्तौली (ओटी घाट) सरकण्डी तथा लम्हेटा के पास (औगासी, द्विवलान घाट) है। यह नदी अपने किनारो पर बीच से पचास मीटर ऊचे कगारो एवं मृगुओ का निर्माण करती है। नदी की गहराई लगभग बीच से 50 फुट के मध्य है। परन्तु गर्मी से वर्षा ऋतु तक इसकी गहराई में अन्तर आता रहता है। नदी की प्रवाह गति 3 से 4.5 किमी० प्रतिघण्टा लगभग होता है। नदी के असमान धरातल एवं मृगु युक्त किनारो मे सिंचाई की सुविधाओ के लिये अनुपयुक्त भूमि है जिससे कृषि का विकास संभव हो सके कही कही पर क्षेत्रीय कृषि को विकसित करने के लिये (लिफ्ट ररीगेशन सिस्टम) को विकसित करके सिंचाई का साधन बनाया गया है। शोध क्षेत्र के ललौली गॉव , कोर्राकनक दतौली , देवलान

ओटी , वामनतारा गढ़ी , सरवल रामनगर कौहन , जरौली सरकण्डी आदि न्याय पंचायतो के गॉव इस नदी के किनारे बसे है। क्षेत्रीयता के रूप मे यह नदी वर्ष भर नौकायन के लिये उपयुक्त रहती है जिससे लोग बड़ी बड़ी नाव द्वारा सामान चारा, मोरम एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाते है तथा बॉदा सागर रोड पर एक पुल (ओती दतौली) के पास एक पुल (पीपे) का ललौली चिल्ला में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित किया गया है। जिससे क्षेत्रीय एवं जनपदो के लोगो को काफी सुविधा प्राप्त है। यमुना नदी से जल एवं बालू संसाधनो से क्षेत्र का ही नही अपितु फतेहपुर बॉदा जनपदो का आर्थिक एवं सामाजिक कियाओ पर पड़ा है। इस नदी का जीवन रेखा (लाइफ लाइन) के समान प्रमुख योगदान है। क्षेत्र में इसकी लम्बाई 62 किमी० है।

5.3 **ससुर खरेदी नं० 1–** यह एक मौसमी नदी है। अध्ययन क्षेत्र के ठिठौरा गॉव के पास एकत्रित जल को प्रवाहित करते हुये क्षेत्र की खागा तहसील के कोटा नामक गॉव के पास से यमुना नदी मे मिल जाती है। यह नदी अध्ययन क्षेत्र की कुसुम्भी, बड़नपुर, धरमपुर, शाह, बनरसी आदि न्याय पंचायतो की सीमा बनाती हुई वर्षा ऋतु में अपने पर्याप्त जल के आयतन में वृद्धि करके बाढ़ को जन्म देती है जिससे प्रतिवर्ष फसलो का भारी नुकसान होता है। अध्ययन क्षेत्र में इसकी लम्बाई 40 किमी० है। वर्ष भर सदाबाही नदी के रूप में यह कृषि क्षेत्र को सिंचित करती हुई प्रवाहित होती है। अतः लघु

सामायिक सरिता के रूप में इस नदी का स्थानीय रूप से विशेष महत्व है।

5.4 ससुर खरेदी नं० 2–_ यह एक लघु सदाबाही नदी है। जो अध्ययन क्षेत्र के मानपुर गॉव के पास से उदभूत होकर चिन्तिसापुर तथा अन्य न्याय पंचायती गॉवो से सीमा बनाती हुई इलाहाबाद जनपद में यमुना नदी से मिलती है। इन नदियो मे अपने किनारे किनारे छोटी–छोटी मैदानी पट्टियो का निर्माण किया है जिन्हे कंधार कहते है इसकी लम्बाई यहॉ पर 19 किमी० लगभग है।

उपरोक्त नदियो के अतिरिक्त यहॉ पर कुछ स्थानीय तालाबो यथा धारा तालाब (खेसहन) जगत (तालाब वरारी) वुघरामऊ तालाब (गाजीपुर) मनका झील मकनपुर, अखिनई झील (फरसी) चोप झील (जमुरॉवा) पराईन झाील (वरारी) आदि झीलो का भी अपवाह मे महत्वपूर्ण योगदान है।

5.5 नदी घनत्व– अध्ययन क्षेत्र का नदी घनत्व निम्नाकित रूप में आधारित किया गया[13] है। यथा–

द = ल/अ

द = नदी घनत्व

ल = अध्ययन क्षेत्र की समस्त नदियो की लम्बाई

अ = अध्ययन क्षेत्र का भौगोलिक क्षेत्रफल

उपरोक्त ऑकलन के आधार पर शोध क्षेत्र का नदी घनत्व 0.09314 प्रति वर्ग किमी० है। जबकि समस्त जनपद 0.1245 प्रति वर्ग किमी० तथा उत्तर प्रदेश का नदी घनत्व 0.20075 प्रति

वर्ग किमी० से कम है। अतः नदी घनत्व के तुलनात्मक अध्ययन से कहा जा सकता है कि यहॉ पर ऐतिहासिक समय से ही तालाबो एवं झीलो का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा है।

1.6 प्राकृतिक वनस्पति– मानव सभ्यता के विकास के ऊषा काल से पृथ्वी पर एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है जो जन्तु जगत को लगातार प्रभावित करता रहा है। किसी भी क्षेत्र विशेष की जलवायु का सही रूप वहॉ की प्राकृतिक वनस्पति से ही आंकलित किया जा सकता है। प्रत्येक प्रकार की वनस्पति का मानव जीवन पर एवं परिस्थिति की व्यवस्था में या जैव समिध में अपना अपना एक विशेष महत्व रहा है। समस्त फतेहपुर जनपद की भॉति ही शोध क्षेत्र की प्राकृतिक वनस्पति उत्तरी भारत की पतझड़ तुल्य वनस्पति की विशेषता है। यहॉ सभी वानस्पतिक वृक्ष बसन्त ऋतु मे अपनी पत्तियॉ गिरा देते है और नई पत्तियॉ धारण कर लेते है शोध क्षेत्र में समस्त भौगोलिक क्षेत्रफल के 6.00 प्रतिशत (95.34 हे०) भूमि पर छोटे छोटे जंगलो एवं बागो का विस्तार है। और छिटपुट रूप में 11.93% (189.57 हे०) भाग पर घासे उगी है। इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण भाग में कृषि योग्य भूमि के अर्न्तगत समस्त भूमि का 82.07% (1304.09 हे०) कृषि योग्य भूमि पर बिखरे रूप मे पतझड़ के वृक्षो का फैलाव है। अतः स्पष्ट है कि वनस्पति का निश्चित अस्तित्व वातावरणीय विशेषताओ की भिन्नता पर निर्भर करता है। क्षेत्र मे पतझड़ शुष्क तथा कॉटेदार वनस्पति पाई जाती है। परन्तु छोटे छोटे जुगलो के रुप में अधिकाश क्षेत्र के दक्षिण

तहसील फतेहपुर
प्राकृतिक वनस्पति

(अ)

उ.

0 1 2 3 4

कि.मी.

नगरीय क्षेत्र

संकेत

- घास युक्त क्षेत्र
- बबूल एवं झाड़ीदार वनस्पति
- पतझड़ वनस्पति युक्त कृषि क्षेत्र
- वनस्पति रहित ऊसर क्षेत्र

(ब)

जलवायु

वनस्पति

जीव

मिट्टी

चट्टानें

(स)

प्राकृतिक वनस्पति का विवरण प्रतिशत

कुल क्षेत्रफल

100

75

50

25

0

पतझड़ वनस्पति युक्त कृषि भूमि

घास युक्त भूमि

झाड़ियाँ तथा वन

चित्र स0—1.6

पूर्वी भाग पर ये पाये जाते है। अध्ययन क्षेत्र को वनस्पति की दृष्टि से तीन भागो में विभक्त किया गया है। जिसका आंकिक विवरण तालिका नं० 1.6 मे दिया गया है।

तालिका नं० 1.6

तहसील – फतेहपुर – क्षेत्रीय वनस्पति संगठन

कमॉक	वनस्पति के प्रकार	समस्त भौ० क्षे० हे० में०	समस्त भौ० क्षे० का प्रतिशत
1	झाड़िया एवं वन	95.34	6.00
2	घासें	189.57	11.93
3	कृषि युक्त भूमि	1304.09	82.07
योग –		1589.00	100.00

1.6.1 झाड़ियॉ एवं वन– अध्ययन क्षेत्र में झाड़ियॉ एवं वन वाली वनस्पति के अर्न्तगत 95.34 हे० क्षेत्र आता है। जो समस्त क्षेत्रफल का 6.00% है। इस प्रकार के झाड़ियो एवं वनो मे प्रमुख रूप से आम, महुआ, बरगद, जामुन, शीशम, पीपल, इमली, छियुल, बॉस, बेल, कैथा, आदि प्रमुख है जो जंगली बड़े बड़े वृक्षो के बीच बीहड़ एवं निम्न भूमि में उगे है। ये वृक्ष पूर्णतया मानसूनी जलवायु से प्रभवित है। जो बसन्त ऋतु में पत्तियां गिराकर नई पत्तियां धारण करती है। यही कम हर वर्ष चलता रहता है। कुछ उपलब्ध दशाओ को छोड़कर हर जगह पतझड़ एवं मिश्रित वनस्पति के वृक्ष पाये जाते है परन्तु यहॉ पर अच्छी किस्म की लकड़ी वाले वृक्षो का

पूर्णतया अभाव है। अतः यहाँ पर आपेक्षित भूमि पर उपयुक्त वृक्षारोपड़ की नितान्त आवश्यकता है।

बबूल एवं झाड़ीदार वृक्ष अत्याधिक रूप में दतौली, कोण्डार,कोर्राकनक, देवलान, जरौली, सरकण्डी, ससुर खरेदी 1व 2 के किनारे किनारे भी कटींले जंगलो के वृक्ष काफी संख्या में पाये जाते है।

1.6.2 घासें या स्थायी चारागाह– शोध क्षेत्र के जंगली एवं कृषि भूमि के बीच बीच स्थाई घास के चारागाह है तथा कृषि योग्य भूमि के क्षेत्र में कही कही छोटी छोटी पट्टियो के रूप में फैले है। इस प्रकार के चारागाह क्षेत्र ससुर खरेदी नं 1 व 2 के किनारे किनारे की बहरामपुर, सनगॉव, खुमारीपुर, शाह, बनरसी, में तथा चितिसापुर और मथईयापुर आदि की न्याय पंचायतो में पाई जाती है। चूँकि वर्षा ऋतु में क्षेत्रीय भागो में वर्षा ऋतु की घासे उग आती है। बरसाती घासो में दूब, दूधी, मोथा, लेदरा, सेमैया कुश और कांस प्रमुख है।

1.6.3 कृषि युक्त भूमि– अध्ययन क्षेत्र में 82.07% भाग पर कृषि होती है जिसके अर्न्तगत 1304.09 हे० क्षेंत्रफल पर जनसंख्या का भरण पोषण होता है। कृषि युक्त भूमि पर ऋतु एवं जलवायु के आधार पर तीन प्रकार की (रवी, खरीफ, जायद) फसलो के द्वारा कृषि कार्य सम्पादित किया जाता है।

वनस्पति से सम्बन्धित विवरण के अध्ययन से पता चलता है कि यहाँ पर वनस्पति के विकास में मनोरंजन के साधनो का

अभाव यत्र तत्र वृक्षो से फैले वृक्षो की चोटी, मृदा अपरदन, निम्न जल स्तर वानिकी की शिक्षा का अभाव कियान्वित वृक्षारोपण कार्यकम के प्रति क्षेत्रीय नागरिको की शिथिलता आदि महत्वपूर्ण कारण है। अतः उपरोक्त समस्याओ का सुधारात्मक कदम उठाकर प्राकृतिक वनस्पति से सम्बन्धित समस्याओ को सुधार कर वनस्पति का संरक्षण तथा विकास किया जा सकता है। जिसमे जलवायु भी प्रभावित होगी और क्षेत्रीय जनजीवन पर भी लाभकरी प्रभाव पड़ेगा।

1.7 मिट्टी –

उर्वरा मिट्टियो में वनस्पतियो तथा कृषि फसलो के उत्पादन की मात्रा अधिक होने के साथ–साथ उनमे भरण पोषण की क्षमता भी सबसे अधिक जनसंख्या केन्द्रियकृत है। जबकि क्षारीय मिट्टी में कम उत्पादन होता है। उपरोक्त तथ्यो के परिणम स्वरूप मिट्टी के महत्व एवं प्रभाव को ध्यान में रखकर हटिंगटन ने निम्न उत्पादन वाली मिट्टी से निर्धता बनाम उच्च उत्पादन वाली मिट्टी से सम्पन्नता का नारा लगाया था।

डा० त्रिपाठी के अनुसार शोध क्षेत्र में सम्पूर्ण मिट्टियां गंगा यमुना द्वारा निर्मित काप मिट्टियां है क्योकि इन सभी मिट्टियो का निर्माण बाढ़ के समय नदियो द्वारा लाई गई जलोढ़ मिट्टी से हुआ है। विभिन्न चट्टानो से निर्मित होने के कारण इन मिट्टियो में एकरूपता एवं समान मृदा उर्वरता का अभाव है।

राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण योजना 16 के प्रतिवेदन के अनुयार यहॉ की मिट्टी में नव निक्षेपित एवं वर्गीकृत है। जो जमाव द्वारा

निर्मित है। ब्रोकमैन[17] ने क्षेत्र की मिट्टी को निम्न प्रकार से विभाजित किया है। तत्पश्चात मुखर्जी एक अग्रवाल[18] ने प्रदेश की मिट्टियो का अध्ययन करके उनको विकसित पार्विविका के आधार पर विभाजित किया है।

अतः उपरोक्त वैचारिक विभिन्न युक्त मृदा वर्गीकरण के बावजूद अन्ततः मृदा संरक्षण संगठन[19] ने क्षेत्रीय मिट्टियो का गहराई से अध्ययन करके और सात प्रकारो में विभक्त किया है। जिसका विवरण तालिका नं० 1.7 में स्पष्ट किया गया है।

7.1 बलुई या रेत मिट्टी – यह रेतीली मिट्टी जिसमे खाद या पानी की अधिक व्यवस्था करके फसले पैदा की जा सकती है। यह नदियो की तली या किनारो में पाई जाती है। चित्र न० 1.7 अ के अवलोकन से पता चलता है कि क्षेत्र में प्रमुख रूप से गंगा और यमुना के किनारे स्थित न्याय पंचायतो के 10.14% भाग पर बलुई या रेत मिट्टी पाई जाती है। विशेषकर गंगा यमुना के किनारे – किनारे जल धारा के साथ साथ 2/3 किमी भी पतली पट्टी के रूप में विस्तृत है। इसका प्रयोग मकान बनाने में सीमेण्ट के साथ किया जाता है।

सारणी नं० 1.7

तहसील फतेहपुर की मिट्टियो का वर्गीकरण

कमॉक	मिट्टियो के प्रकार	समस्त हे० में	भौगोलिक क्षेत्र० में
1.	बलुई या रेत	161.12	10.14
2.	बलुई दोमट	395.66	24.50
3.	दोमट	452.59	31.03
4.	चिकनी दोमट	260.60	16.40
5.	कछारी	212.50	07.08
6.	ऊसर या रेत	136.20	08.076
7.	अन्य	029.23	01.85
	योग	1589.00	100.00

स्रोत – स्वायल सर्वे आर्गनाईजेशन यू० पी० पेज नं० **62**

7.2 बलुई दोमट– इस मिट्टी में जल सोखने की क्षमता कम होंती है इस प्रकार मिट्टी अपने अध्ययन क्षेत्र में नदियो के स्थान से कुछ दूरस्थ भागो में पाई जाती है इसमे खाद और पानी की व्यवस्था करके अच्छी फसल प्राप्त की जा सकती है। यह शोध क्षेत्र मे 24.9% (.395.66 हे०) भाग पर सामान्यतः लाल रंग की बलुई मिट्टी है। परन्तु इसमे चिकनी मिट्टह का अंश भी पाया जाता है। यह पानी पड़ने पर मुलायम तथा चिपचिपी हो जाती है। इस मिट्टी में जीवाणु की उपलब्धता सामान्यतः ठीक होती है यह 30, 60,120,147, तथा 183 सेमी० की विभिन्न गहराईयो की

पूर्ण परिपक्व मिट्टी है। इस मिट्टी में अपरदन काफी होता है।[20] इस मिट्टी में मूल तत्व का अंश उपरी सतह पर कम तथा तली पर अधिक पाया जाता है। परन्तु इसकी कमबद्वता विखंण्डित है। इस मिट्टी की बहुतामत कछारी और दोमट मिट्टियो के मध्य विस्तृत रूप में पाई जाती है। चित्र 1.7 अ से स्पष्ट होता है कि इस प्रकार की मिट्टी विशेष रूप कोण्डार, कोर्राकनक, दतौली, देवलान, सरवल, जरौली, नरैनी, मुरॉव, छ्ुनगंज, जमुरॉवा, आदि न्याय पंचायतो के लगभग 395.66 हे० पर एवं कमबद्व रूप से फैली हुई है। जो समस्त भौगोलिक क्षेत्र का 24.90% है।

इस मिट्टी की रासायनिक संरचना मे बालू तथा घुलनशील का तत्व 84.29 से 86.88% फेरिक आक्साइड तत्व 3.36 से 4.25% अमोनिया तत्व 4.42 से 5.35% चूना तत्व 0.014 से 0.07% पोटास 0.08 से 0.01% मृदा तत्व 13.45% तथा अन्य रासायनिक तत्व 81% से 0.75% है। इसमें कैल्शियम कार्वोनेट तत्व का पूर्णतया अभाव पाया जाता है।

7.3 दोमट मिट्टी– यह एक उपजाऊ मिट्टी है। इसके कण बलुई मिट्टी की तुलना मे मोटे एवं सघन होते है तथा जीवाश्म भी इससे अधिक मात्रा मे उपलब्ध होते है। याथ ही सूखे जल को साधारण करने की क्षमता भी बलुई दोमट से अधिक पाई जाती है इसमे खाद पानी भी साधारण व्यवस्था करके भी अधिक पैदावार की जा सकती है। इसमें सभी प्रकार की फसले उगाई जाती है। यह कीड़े बहुत अन्तर के साथ शोध क्षेत्र के मध्यवर्ती भाग की

तहसील फतेहपुरः मिट्टियाँ
समस्त मिट्टियों का वितरण प्रतिशत कुल क्षेत्रफल
ब
1 0 1 2 3
कि.मी.
अ
ग ं गा न दी
उ.
संकेत
बलुई या रेत मिट्टी
बलुई दोमट मिट्टी
दोमट मिट्टी
चिकनी मिट्टी
कछारी मिट्टी
ऊसर या रेह मिट्टी
अन्य मिट्टियाँ
य मु ना न दी
अपरदन से प्रभावित क्षेत्र
संकेत
अपरदित क्षेत्र
1 0 1 2 3
कि.मी.
न.क्षे.
स
मृदा उर्ववरता
संकेत (जनपदीय पोषक तत्वों के सूचकांक मूल्यदर)
फास्फोरस
नाइट्रोजन
पोटेसियम
1 0 1 2 3
कि.मी.
द

चित्र स0–1.7

कुसुम्भी अथवा वरारी लतीफपुर, बेरागढ़ीवा, कॉधी, और दक्षिणी पश्चिम भाग की मोहन खेड़ा, अलावलपुर, रावतपुर, आदि न्याय पंचायतो के विस्तृत भाग पर एक कम मे फैली है चित्र नं० 1.7 अ से स्पष्ट होता है इसके भी चिकनी मिट्टी का अंश 20-30% तथा बालू 2.10% तक पाई जाती है चूर्ण प्रधान संरचना के कारण यह स्वाभवतः नम है जो सूखने पर अंशतः कठोर हो जाती है। इसका पी० एच० मान 7.8 है। इसकी रासायनिक संरचना ने रचको की स्थिति यथा– बालू तथा घुलनशील सिलिका तत्व 75.45 से 75.55% , जैविय तत्व 5.41 से 5.62% , अमोनिया तत्व 9.03 से 0.45% , नत्रजन 0.03 से 0.039% , लौह तत्व 5.55 से 5.75 तथा अन्य रासायनिक रचक 0.052% है।

7.4 **चिकनी दोमट मिट्टी–** इसको मटियार दोमट या करम्बा भी कहते है। इसके कण अधिक मोटे एवं सघन होते है इसमें पानी धारण करने की क्षमता भी अधिक होती है। यह खेसहन, चुरियानी, कंधिया, कुसुम्भी, हसनपुर, थरियांव, सनगॉव, कोराई, जगतपुर, ख्वाजीपुर, सेमरैया, तथा देवहरी लक्ष्मणपुर आदि न्याय पंचायतो में बहुत थोड़े– थोड़े क्षेत्र मे यत्र– तत्र पाये जाते है। इसमें सभी फसलो के अतिरिक्त कपास भी उगाई जा सकती है। यह क्षेत्र में 260.60 हे० भूमि पर फेली है जो कि तहसील के समस्त भौगोलिक क्षेत्र मे 16.4% है यह एक परिपक्व मिट्टी है इसकी 25,50,100,137 तथा 183 सेमी० की विभिन्न गहराईयो में इसक क्षैतिज अन्तर भी भिन्न है। इसमे चिकनी मिट्टी

49.8% है परन्तु कुल गहराई पर अच्छी बालू की अपेक्षा सिल्ट के कण अधिक पाये जाते हैं जो गीली होने पर पडुवा के समान चिपचिपी तथा सूखने पर कंकड़ के समान कड़ी हो जाती है। इस मिट्टी को रासायनिक संरचना का वांछनीय ही बालू तथा घुलनशील सिलिका तत्व 73.9 से 74.74% फैरिक आक्साइड तत्व 5.20 से 5.59% अमोनिया तत्व 5.00 से 5.78% चूना तत्व 2.33 से 2.99% कार्बनिक अम्ल तत्व 0.031 से 0.056%, जैविक तत्व 4.90 से 5.82%, नत्रजन तत्व 0.028 से 0.039%, पोटाश 0.15 से 0.17%, तथा अन्य तत्व 0.02 से 0.05% तक पाये जाते है। परन्तु कैल्शियम तत्व की कमी है। यह मिट्टी विभिन्न खनिजो की अधिकता के कारण अधिक उपजाऊ है।

7.5 कछारी मिट्टी– यह मिट्टी नदियो के किनारे पाई जाती है। जिसे वांगर या खादर का सम्मिलित रूप कहा जा सकता है यह प्रतिवर्ष स्थानीय नदियो की बाढ़ के साथ लाये गये तलछट के जमा होने से निर्मित होता है। बाढ़ से प्रभावित जलहोड़ कछारी मिट्टी हल्के पीले रंग छिड़ युक्त महीन कणो वाली है। इस मिट्टी में चूना मैग्नीशियम तथा जल जैविक तत्वो की अधिकता होती है चित्र न० 1.7 अ से स्पष्ट होता है कि इस प्रकार की मिट्टी गंगा यमुना , ससुर खरेदी नं० 1 व 2 आदि नदियो के सहारे पाई जाती है परन्तु गंगा यमुना के किनारे – किनारे विस्तृत बालू या रेत के जमाव के कारण इसकी कम और कमबद्वता विखण्डित है।

यहाँ पर मिट्टी के निर्माण पर जल धाराओ (नदियो जो सतह पर गतिशील होती है) का योगदान रहता है वहाँ पर इस प्रकार की मिट्टी का निर्माण भी समुचित परिस्थितियो में पाया जाता है अतः यह मिट्टी अधिक अपरदन से प्रभावित होती है। शोध क्षेत्र 7.88% (112.50 हे०) भाग पर इसका विस्तार है। कछावी मिट्टी में नदियो के प्रमुख क्षेत्र में बलुई या बलुई दोमट मिट्टी का अंश पाया जाता है।

7.6 ऊषर या रेह मिट्टी– इसमें जीवाश्मो की विधमानता का अभाव पाया जाता है तथा इसमें क्षारीय मात्रा अधिक पाई जाती है यह क्षेत्र के 8.76% (138.20 हे०) भूमि पर फेली है। यह भूमि खेती के लिये अनुपयुक्त है अतः स्पष्ट है कि यह एक अन्तर स्तरीय मृदा है जिसका विकास कम वर्षा, उच्च्य तापक्रम, और अपर्याप्त जल के कारण हुआ है। ओडेन गुप्ता तथा राय हुसैन ने इसके विकास मे जलवायु दृश्यांश उच्च्य जल तल, काप की संरचना के विभिन्नता तथा उच्च्य वाष्पीकरण को जिम्मेदार ठहराया है। राम चौधरी ने बताया है कि इस मिट्टी का निर्माण क्लोराइड, कैल्शियम के सल्फेट, मैग्नीशियम तथा सोडियम के संचित होने पर होता है। क्षेत्र के रेत मिट्टी में सोडियम कार्बोनेट क्षारीय तत्व 0.1 – 0.4 तक की गहराई पर मिलते है इस मिट्टी को सुधार कर धान की फसल पैदा की जा सकती है तथा इस मिट्टी से उत्पन्न धान अन्य भूमि क्षेत्रो मे उत्पन्न चावल की फसल से अधिक स्वादिष्ट होता है।

चित्र नं० 1.7 अ के निरीक्षण से ज्ञात होता है कि अध्ययन क्षेत्र में गाजीपुर ,गम्हरी , सांखा, चकसकरन, देवलान, आदि न्याय पंचायतो के मध्य तथा सनगॉव , खानपुर , तेलियानी, कोराई, जगतपुर , तारापुर , भिटौरा, विकास खण्ड के मध्य एक विस्तृत पेटी के मध्य फैली है। इसके अलावा यह छोटी–छोटी पट्टियो के सम में ख्वाजीपुर, सिमरैया, सेमरी, हसनपुर , न्याय पंचायतो में छिटपुट रूप से फैली है।

ऊसर भूमि सुधार हेतु कुछ कदमो पर अमल अपेक्षित है। यथायांत्रिक नमक को घुलने के लिये अधिक जल का प्रयोग किया जाय शस्य विज्ञान सम्बन्धी अनूकूल पौधो की खेती – रासायनिक जिप्सम, मैग्नीशियम, क्लोराइड आदि रासायनो का प्रयोग किया जाय तथा प्रदेश के ऊपर सुधार के अर्न्तगत जनपद में कियान्वित ऊसर सुधार योजना को शोध क्षेत्र के ऊसर भूमि के सुधार के लिये युक्ति स्तर पर कियान्वित किया जाय और ऊसर भूमि पर सनईदैचा तथा हरी खाद का प्रयोग किया जाय साथ ही बॉदा जनपद में रूपहा कुसहाई गॉव में किसानो के सराहनीय प्रयास को उदाहरण स्वरूप शोध क्षेत्र की ऊसर भूमि में प्रयोग भी किया जाय तो क्षेत्र की 138.20 हे० पर बेकार पड़ी भूमि वरदान सिद्व हो सकती है।

7.7 **अन्य मिट्टियॉ–** ये मिट्टियॉ सामान्यतः सम्पूर्ण शोध क्षेत्र के 1.85% (29.32 हे०) भौगोलिक क्षेत्र में यत्र तत्र दृष्टिगोचर होती है। इन मिट्टियो पोतनी, बर्तनी, लौफ, सेतहरा आदि

स्थानीय प्रमुख रूप से पाई जाती है। परन्तु इसका स्थानीय महत्व अधिक है इा मिट्टियो पर ज्वार, बाजरा, तिल, अरहर, चना, गेहॅ, धान आदि फसले पैदा की जाती है। अध्ययन क्षेत्र में इस प्रकार की मिट्टियॉ असोथर, बहरामपुर, ढकौली आदि प्रमुख न्याय पंचायतो में बिखरे प्रारूप पर फेली है। (चित्र नं० **1.7** अ) से स्पष्ट होता है।

7.8 **मृदा उर्वरता–** मिट्टी की मृदा उर्वरता जैवीय तत्व, नत्रजन, तथा पोटैशियम तत्वो की उपलब्धि पर निर्भर करती है। क्योकि उर्वरता सूचकांक में जैवीय तत्व साधारण उर्वरता के सामान्य सूचकांक के रूप में समझा जाता है। मृदा उर्वरता सूचकांक के अनुसार शोध क्षेत्र की समस्त मिट्टियां जिसमे नत्रजन तत्व समान अल्प पोटैशियम तत्व तथा जैविक तत्व भी कम पाये जाते है। अतः यहॉ की मिट्टियां स्वभावतः मध्यम से निम्न उत्पादन वाली है। क्षेत्र में मृदा उर्वरता आंकलित की गई है चित्र नं० 1.7 अ से स्पष्ट होता है कि गंगा यमुना से प्रभावित किनारे अथवा किनारे के आसपास की मिट्टियो में फास्फोरस और नाइट्रोजन अल्प मात्रा मे पाया जाता है । न्याय पंचायत की मृदा उर्वरता श्रेणी का स्पष्टीकरण परिशिष्ट नं० 3 से स्पष्ट होता है साथ ही क्षेत्रीय मिट्टियो की उर्वरता उसमें निहित पैत्रिक पदार्थ जैविक तत्व स्थान तथा समय आदि बातो पर निर्भर करती है और जहॉ पर उपरोक्त पदार्थ आपस में अलग होते है बड़ी मृदा पार्श्व का विकास होता है। शोध क्षेत्र की मिट्टी उर्वरता कृषि के प्राचीन तरीको को अनुचित प्रयोग

तथा प्रबन्ध के कारण भी प्रभावित है। यहाँ कि समस्त मिट्टियो में नाइट्रोजन और फास्फोरस अल्प मात्रा में पाई जाती है।

7.9 मृदा अपरदन– मिट्टी एक अत्यन्त महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। जिस पर सम्पूर्ण जीवन (कृषि विकास) आधारित है मृदा उर्वरता ह्रास (अपरदन) के सभ्यता का विकास तत्व प्रभावित होता है अतः शोध में नितान्त मिट्टी संरक्षण की आवश्यकता है।

शोध क्षेत्र की उत्तरीय दक्षिणीय सीमा में यमुना नदी तथा क्षेत्रीय नदियो के किनारे के भागो में स्थानीय परिप्रेक्ष्य में अपरदन की सक्रियता देखी जा सकती है असमान धरातल, उपस्थित भू आकार द्रीव प्रवाहित छोटी–छोटी सरितायें एवं नाले अनियंत्रित चरवाही तथा असंगठित मृदा संरचना क्षेत्र के मृदा अपरदन हेतु गम्भीर समस्या है। उपरोक्त तत्वो के परिणाम स्वरूप अपरदित भू दृश्य दुर्गम उपजाऊ क्षेत्रो के रूप में देखी जाती है। अपरदित (अपक्षारित) क्षेत्र कृषि समस्या क्षेत्र है जो अधिकांश अपरदित हो चुके है या अपरदन की सक्रियता के अर्न्तगत है[21] क्षेत्र में अप्रवाहित नदियो के किनारे के क्षेत्रो में अवतालिका अपरदन की सक्रियता दृष्टव्य है। (चित्र नं० 1.7 अ) के अवलोकन से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र में कृषि भू दृष्य समस्या के रूप में विशेषकर गंगा यमुना और ससुर खरेदी नं० 1 व 2 नदियो के द्वारा अवतालिका अपरदन पाये जाते है। अपरदन से ऊपर की तह अपरिदित हो जाती है और मिट्टी अनउर्वर हो जाती है।

शोध क्षेत्र मृदा अपरदन मे नदियो के किनारे के मृदमय ऊँची नीची भूमि पर सैद्वान्तिक वाह्य के अनुरूप समतलीकरण का प्रभाव तथा जुताई भी प्रमुख कारण है। यहॉ पर अपरदन के कारण प्रतिवर्ष क्षेत्र का काफी भाग प्रभावित होकर कृषि विकास के लिये बाधक होता है। अतः ऐसे क्षेत्र में संरक्षणात्मक उपायो की नितान्त आवश्यकता है।

उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर निष्कर्ष निकलता है कि अपरिदित कृषि भूदृष्य की बढ़ती सकियता के कारण शोध क्षेत्र में मृदा अपरदन एक गम्भीर समस्या है अतः क्षेत्र मे अपरदन से प्रभावित भू भागो मे अपेक्षित स्थानो पर उपरोक्त अपेक्षित मृदा संरचनात्मक सुझावो को युद्व स्तर पर कियान्वित किया जाय ताकि अपरदित भूदृष्य प्रति विकास के लिये उपयुक्त हो सके। जिससे फसलो का समुचित विकास होना और क्षेत्रीय आर्थिक सुदृढ़ होंगी जो क्षेत्रीय जनसंख्या के उदर पूर्ति में सहायक बनने के साथ–साथ निवासियो को अधिकाधिक लाभ देकर उनके लिये स्वास्थ्य, सामाजिक, आर्थिक वातावरण बनाकर एक गम्भीर समस्याओ को हल करने के लिये निदान स्वरूप विकल्प बन सकेगी।

2- अर्थव्यवस्था–

अ– **कृषि तथा तत्सम्बन्धी व्यवसाय–** अध्ययन क्षेत्र (तहसील–फतेहपुर) एक कृषि प्रधान जनपद की तहसील है यहॉ कि लगभग 158114 जनसंख्या कृषि कार्य में संलग्न है जो तहसील की समस्त जनसंख्या का 84.85% है। जबतक किसी क्षेत्र की आर्थिक

स्थिति सृदृढ़ नही होती तब तक उस क्षेत्र का विकास नही हो पाता क्योकि आर्थिक स्थिति सृदृढत्र होने से ही वहॉ के व्यक्ति, शिक्षा, आवास, भोजन आदि के अतिरिक्त मनोरंजन की तरफ अग्रसर होते है परन्तु यदि आर्थिक स्थिति कमजोर है तो वह उपरौकत उच्च सुविधाओ की पूर्ति तो कर ही नही सकता और मात्र रोजी रोटी (उदरपूर्ति) तक ही सीमित रहता है। अतः सर्वप्रथम कृषि अर्थव्यवस्था के पूर्ण पहलुओ को समझने के पहले अध्ययन क्षेत्र की कृषि विभिन्न पक्षो में अध्ययन आवश्यक है। क्षेत्रीय कृषि स्थानीय विभिन्नताओ, सामान्य भूमि उपयोग, कृषि भूमि उपयोग कृषि यन्त्र, खादो तथा रासायनिक उर्वरको एवं शोधित बीजो के प्रयोग से पूर्ण तथा प्रभावित है जिसका पूर्ण सम्बन्ध क्षेत्रीय कृषि के माध्यम से सामाजिक आर्थिक विकास से है। अतः कृषि उत्पादन के विस्तृत अध्ययन में सर्वप्रथम तहसील के कृषि से सम्बन्धित तथ्यो का निम्न सन्दर्भो में अध्ययन वांछनीय है।

अ– **भूमि उपयोग–** किसी भी देश का भूमि उपयोग उस क्षेत्र की आर्थिक स्थानीय संरचना, मानव, व्यवसाय, सामाजिक स्वास्थ्य और वृहद स्तर पर परिस्थिति की व्यवस्था का सूचक होता है। यह प्रतिरूप प्रकृति द्वारा प्रस्तुत संसाधन समिश्र और वहॉ की जनसंख्या की आर्थिक एवं सांस्कृतिक क्षमता के पारस्परिक सम्बन्धो का प्रतिफल होंता है। तहसील के समस्त भौगोलिक क्षेत्रफल 71.25% (113216 हे०) भाग पर कृषि क्षेत्र का प्रसार होता है जो कि पंचवर्षीय योजनाओ के माध्यम से संसाधनो का प्रयोग

करके क्षेत्र का आर्थिक पुर्नगठन करने के सजग प्रयासो के फलस्वरूप भूमि उपयोग मे उल्लेखनीय परिवर्तन घटित हुआ है।

तहसील की उत्तरोत्तर बढ़ती हुई जनसंख्या एवं उसके सामाजिक आर्थिक विकास के उत्तरदायी कारको के आधारभूत क्षेत्रीय संसाधनो की प्रजाति और उदरपूर्ति हेतु भोजन उपलब्ध कराने की समस्या तथा कृषि के वैज्ञानिक विकास आदि में भूमि उपयोग को प्रोत्याहन किया है। इन्ह कारणो से क्षेत्र में भूमि उपयोग पर काफी प्रभाव पड़ा है।

1.1 सामान्य भूमि उपयोग– तहसील के विभिन्न न्याय पंचायतो में प्राकृतिक धरातल स्थानीय जलवायु दशायें, जल प्रवाह, मानवीय परिस्थितियो के कारण वहॉ कि सामान्य भूमि उपयोग प्रारूप में भी विविधता स्पष्ट है तदानुसार वन भूमि कृषि के लिये पर्याप्त बंजर भूमि, उसर परती भूमि , वृक्षो , झाड़ियो एवं बागो के अर्न्तगत प्रयुक्त तथा बोई गयी भूमि के क्षेत्रफल और उसके पारस्परिक अनुपात मे पर्याप्त अन्तर दृष्टिगत हो रहा है।

1.1.1 वन भूमि– तहसील फतेहपुर में 4655 हे० भूमि में छुटपुट रूप से बिखरे वन पाये जाते है जो तहसील के समस्त भौगोलिक क्षेत्र का 2.93% है। विकास खण्ड स्तर पर सर्वाधिक वन क्षेत्र असोथर में 1994 हे० (5.47%) है। जो अध्ययन क्षेत्र के दक्षिण पूर्व में स्थित है तथा सबसे कम वन क्षेत्र तेलियानी में 301 हे० (1.15%) है। जो कि फतेहपुर नगर (मध्य भाग) के पास स्थित है।

तहसील फतेहपुर:समान्य भूमि उपयोग

चित्र स0–1.8

सारणी ख[6] – 1.8

तहसील फतेहपुर वन क्षेत्र

वन भमि का प्रतिशत	क्षेत्रफल	क्षेत्रफल का प्रति०	न्याय पंचायत संख्या
5% से अधिक	1792	38.50	7
3 से 5% तक	1444	31.02	10
1 से 3% तक	1205	25.89	25
1% से कम	214	4.59	13
योग	4655	100.00	55

सारणी संख्या 1.8 से स्पष्ट होता है कि 5% से अधिक वन भूमि 7 न्याय पंचायतो में ही जिनके अर्न्तगत 1792 हे० (38.50%) क्षेत्रफल है सर्वाधिक वन क्षेत्र कोण्डार गॉव में 762 हे० (13.41%) क्षेत्र है जो कि दक्षिण पश्चिम में स्थित है। उपरोक्त न्याय पंचायत में उबड़ खाबड़ अपरदित धरातल नदी के किनारे की भूमि तथा असिंचित क्षेत्र वनो के लिये उपयुक्त है क्योकि यह भूमि कृषि के लिये अनुपयुक्त है। सघन जनसंख्या के कारण वन भूमि का शुष्क क्षेत्र कृषि के रूप में एवं अधिकाश सिंचित कृषि क्षेत्र के कारण 1% से कम भूमि के अर्न्तगत 13 न्याय पंचायते है। जिसके अर्न्तगत 214 हे० (4.59%) क्षेत्रफल है तथा सबसे कम वन भूमि चकसकरन (0.27%) न्याय पंचायत मे है जो कि उत्तर पश्चिम में स्थित है। चित्र नं० 1.8 से स्पष्ट होता है।

1.1.2 कृषि हेतु अपर्याप्त बंजर भूमि – अध्ययन क्षेत्र में कृषि हेतु अपर्याप्त बेजर भूमि का विस्तार 8522 हे० (5.36%) क्षेत्रफल पर है। विकासखण्ड स्तर पर सर्वाधिक कृषि योग्य अपर्याप्त बंजर भूमि असोथर में 23.90 हे० (6.97%) है। जो कि दक्षिण पूर्व में स्थित है। सबसे कम कृषि हेतु अपर्याप्त बंजर भूमि बहुआ में 819 हे० (3.00%) विकास खण्ड मे है। जो कि दक्षिण में स्थित है। यहाँ पर नगरी करण सिचाई की सुविधा यातायात व व्यवसायिक केन्द्र होने के मुख्य कारण है।

सारणी संख्या 1.9

तहसील फतेहपुर कृषि हेतु अप्राप्त बंजर भूमि

कृषि हेतु अप्राप्त बंजर भूमि का प्रति०	क्षेत्रफल हेक्टेयर में	क्षेत्रफल का प्रतिशत	न्याय पंचायत संख्या
6% से अधिक	4788	56.18	18
4 – 6%	2266	26.59	18
2 – 4%	1335	15.67	15
2% से कम	133	1.56	4
योग	8522	100.00	55

सारणी संख्या 1.9 से स्पष्ट होता है कि 6% से अधिक कृषि हेतु अपर्याप्त बंजर भूमि के अर्न्तगत 18 न्याय पंचायते आती है। जिसके अर्न्तगत 4788 हे० (56.18%) बंजर भूमि है।

न्याय पंचायम स्तर पर सर्वाधिक कृषि हेतु अपर्याप्त बंजर भूमि कोण्डार में 600 हे० (7.977%) है जो कि दक्षिण पश्चिम में स्थित है। अतः यहाँ पर छोटे छोटे जंगली वृक्ष तथा चारागाह क्षेत्र विकसित है। जिनमे मवेशियो के चराने का कार्य होता है। साथ ही साथ तहसील के मध्यवर्ती भाग में ससुर खरेदी नं० 1 व 2 तथा उत्तर दक्षिण में क्रमशः गंगा व यमुना नदियो के सक्रिय अवनालिका अपरदन से कृषि योग्य भूमि अपरदित होकर उबड़ खाबड़ धरातल का रूप धारण कर लेती है। यदि इस प्रकार के अपरदित क्षेत्रो को कृषि समस्या क्षेत्र कहा जाय तो कोई अतिश्योक्ति नही होगी क्योकि जो कृषि योग्य होते हुये भी बंजर है 4 से 6% के मध्य 18 न्याय पंचायते है इनके अन्तर्गत 2266 हे० (26.59%) क्षेत्रफल में कृषि अपर्याप्त बंजर भूमि है। 2 से 4% के अन्तर्गत 15 न्याय पंचायते सम्मिलित है जिसमे 1335 हे० (15.67%) क्षेत्रफल है। इस श्रेणी की न्याय पंचायते उत्तर पूर्व में स्थित है। 2% से कम कृषि योंग्य अपर्याप्त बंजर भूमि पर 4 न्याय पंचायते है जिसके अन्तर्गत 133 हे० (1.56%) क्षेत्रफल है। जो कि तहसील के दक्षिणीय भाग पर स्थित है। चित्र नं० 1.8 तथा परिशिष्ट नं० 4 से स्पष्ठ होता है।

1.1.3 ऊसर भूमि– अध्ययन क्षेत्र में ऊसर भूमि का विस्तार 7288 हे० (4.59%) क्षेत्रफल में है। विकास खण्ड स्तर पर सर्वाधिक ऊसर भूमि बहुआ 1954 हे० मे है तथा सबसे कम ऊसर भूमि असोथर विकास खंण्ड में 650 हे० मे है जो अध्ययन क्षेत्र के दक्षिण पूर्व मे स्थित है।

सारणी संख्या 1.10

तहसील फतेहपुर ऊसर भूमि का विवरण

ऊसर भूमि का प्रतिशत	क्षेत्रफल		न्याय पंचायत की संख्या
	हेक्टेयर मे	प्रतिशत	
> 9.00	4204	57.68	10
6.00 – 9.00	1042	14.30	6
3.00 – 6.00	967	13.27	9
< 3.00	1075	14.75	25
योग	7288	100.00	55

सारिणी नं० 1.10 से स्पष्ट होता है कि 9% से अधिक ऊसर भूमि 10 न्याय पंचायतो मे है जिसके अर्न्तगत 4204 हे० (57.68%) क्षे० है। न्याय पंचायत स्तर पर सर्वाधिक ऊसर भूमि तारापुर 700 हे० (18.41%) क्षेत्रफल मे है जो कि उत्तर मे स्थित है। 6.00 से 9.00% के मध्य 6 न्याय पंचायते आती है जिसके अर्न्तगत 1042 हे० (14.30%) क्षेत्रफल मे ऊसर भूमि का विस्तार है। इस श्रेणी की न्याय पंचायते दक्षिण पूर्व मे स्थित है। 3.00 से 6.00% के अर्न्तगत 9 न्याय पंचायते आती है जिसके अर्न्तगत 967 हेव (13.27%) ऊसर क्षेत्र है। 3.00% से कम ऊसर भूमि के अर्न्तगत 25 न्याय पंचायते सम्मिलित है। जिसमे 1075 हे० ; 14.75% द्ध ऊसर क्षेत्र है। सबसे कम ऊसर भूमि बड़नपुर न्याय पंचायत मे हैजो कि अध्ययन क्षेत्र के दक्षिण मे स्थित

है जिसका महत्वपूर्ण कारण अवतालिका अपरदन की सकियता से उपजाऊ कृषि भूमि का वह जाना है साथ ही साथ सिचाई की अधिकता के कारण जल भराव (क्योकि अधिक एवं निरन्तर सिचाई के) भूमि पर नमक की पर्त जमती जाती है।

1.1.4 पर्ती भूमि– अध्ययन क्षेत्र के 10708 हे० (6.75%) क्षेत्रफल में पर्ती भूमि है विकास खण्ड स्तर पर सर्वाधिक पर्ती भूमि असोथर 2826 हे० क्षेत्रफल मे है। जल की सबसे कम पर्ती भूमि बहुआ मे 1400 हे० क्षेत्र मे है जो कि दक्षिण मे स्थित है।

सारणी नं० **1.11**

तहसील फतेहपुर पर्ती भूमि

पर्ती भूमि का प्रतिशत	क्षेत्रफल		न्याय पंचायतो की संख्या
	हेक्टेयर में	प्रतिशत में	
> 8.00	4707	43.56	15
में दिया जाता है। कम्पोस्ट आदि के खाद के गड़डे बहुआ जमुरॉवा, तेलियानी, शाह, असोथर, कोराई, जगतपुर, में अधिक है। इसके तैयार करने की प्रकिया मे प्रथम पर्त गोबर द्विमीय पर्त के रूप में राख तृतीय पर्त के रूप मे खरपतवार तथा पेड़ो की हरी पत्तियॉ और चौथी पर्त पर पुनः गोबर डालते है। तत्पश्चात पानी भरकर ढक देते है। और सड़ जाने पर खेतो मे डालतें है जिससे खेत पर उर्वरता बनी रहती है। देशी खाद बनाने के लिये घर के पास कुछ दूरी पर एक गढ़ढा खोदकर अकमिक ढंग से गोबर और खरपतवार डालते रहते है। तत्पश्चात उसे खेत पर डालते है। अध्ययन क्षेत्र में सवर्त्र यह खाद अधिकतर जून और जुलाई तक ही डाली जाती है।

जनपद मे इस खाद का प्रयोग खरीफ की फसल तथा रवी की फसल मे ही किया जाता है। परन्तु गढ्ढे खुले रहने पर ये खाद अल्प नत्रजन वाली होती है। न्याय पंचायत के क्षेत्रीय निवासी वर्षा ऋतु के दिनो मे अपने मवेशी खेतो पर ही बॉधते है लेकिन क्षेत्र में सिंचाई न्याय पंचायतो मे ताजे गोबर को घोलकर धान के क्षेत्र मे डालते है। जिसमे धान का पौधा हरा भरा और मोटा होता है।

ब– उद्योग धन्धे एवं अन्य व्यवसाय– किसी भी क्षेत्र के विकास में जिस प्रकार से वहॉ कि भौतिक अभिमुखताओं का योगदान होता है। उसी प्रकार वहॉ कि सांस्कृतिक अभिमुखताओ का भी अपना अद्वितीय योगदान होता है। अध्ययन क्षेत्र औद्योगिक दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र

है। दो विकसित महानगरो के मध्य स्थित होने के बावजूद यह क्षेत्र औद्योगिक विकास की दृष्टि से पिछड़ा है। परन्तु वर्तमान समय में सरकारी तथा अन्य स्वयंसेवी संस्थाओ के माध्यम से क्षेत्र है। औद्योगिक विकास का प्रयास किया जा रहा है। और आशा की जाती है कि निकट भविष्य में अध्ययन क्षेत्र के औद्योगिक विकास मे एक आशाकिंत सफलता मिलेगी।

अध्ययन क्षेत्र में वर्तमान समय में औद्योगिक ईकाईयॉ विशेषकर फतेहपुर शहर बिन्दकी, चौडगरा, खागा, थरियॉव, जहानाबाद, बहुआ, मलवा, किशुनपुर, आदि, लघु केन्द्रो के रूप में स्थित है। परन्तु अपेक्षित अध्ययन क्षेत्र के अर्न्तगत फतेहपुर तथा बहुआ नगरीय केन्द्रो में एवं कुछ न्याय पंचायत स्तर पर स्थापित उद्योगो को ही सम्मिलित किया गया है। जबकि यहॉ पर वृद्धि स्तर का उद्योग कोई नही है। यहॉ पर वृद्धि स्तर की औद्योगिक इकाईयो के रूप में मात्र दो उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल चित्तौर मे इण्डिया इन्सुलेटर प्रा० लि० वरारी, ही है। जिनका कार्य प्रगति में है। जबकि मध्यम स्तरीय उद्योग के रूप में भी तीन मेसर्स क्वालिटी स्टील ट्यूब बिन्दकी रोड तथा महादेव फर्टिलाइजर प्रा० लि० मलवॉ, और चेक साबुन प्रा० लि० है। जो कि बिन्दकी रोड में स्थित है। परन्तु कुछ फैक्ट्रिया निर्माणाधीन है जो शोध क्षेत्र के बाहर स्थित है। अतः अध्ययन क्षेत्र मे स्थापित उपरोक्त दोनो प्रकार के उद्योग वृहद एवं मध्यम श्रेणी के है। क्योकि अध्ययन क्षेत्र

में निम्नांकित तीन प्रकार के उद्योगो का अध्ययन किया जा सकता है। यथा्–

1. **लघु तथा लघुतर उद्योग–** लघु उद्योग की श्रेंणी के उद्योग धन्धे अध्ययन क्षेत्र मे कुल 35.2% है जो जनपद के सम्पूर्ण लघु उद्योगो का बहुत कम है। इनमें राइस तथा दाल मिल कोल्ड स्टोरेज, आटा मशीन, एलोपैथिक दवाईयॉ बनाने मे ही तथा फर्नीचर टीन कन्टेनर्स, जनरल मर्चेन्ट के सामान, इंजीनिसरिंग वर्कशाप, टी० वी० – प्रिन्टिग प्रेस, कम्प्यूटर आदि प्रमुख है। जो मुख्यतया अध्ययन क्षेत्र के फतेहपुर तहसील एवं जनपद का मुख्यालय नगरीय क्षेत्र तथा बहुआ नगरीय क्षेत्र में केन्द्रित है। चित्र नं० 1.15 सें स्पष्ट होता है कि उर्पयुक्त उपयोगो मे से कुछ ग्रामीण कृषि संसाधनो पर आधारित उद्योग धन्धे है। जो नगरीश क्षेत्र के अलावा न्याय पंयायतो में विकसित है। जिनकी संख्या का आंकिक विवरण सारणी नं० 1.38 से स्पष्ट है।

सारिणी नं० 1.38

फतेहपुर तहसील – उद्योग धन्धे 2000 – 01

उद्योगो के प्रकार	इकाईयो की संख्या
कृषिचर	135
वन	66
रसायन	09
प्लास्टिक	11

पेपर	14
मिनरल	01
मेण्टल	44
रिपेयरिंग	25
पशुपालन	106
अन्य	3
कुल योग	472

स्रोत – जिला उद्योग केन्द्र फतेहपुर

2. ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग– तालिका नं० 1.15 उपरोक्त के निरीक्षण से ज्ञात होता है कि ग्रामीण एवं कुटीर उद्योगो में मुख्यतः कृषि उत्पादनो पर आधारित परम्परागत उद्योग है। जो न्याय पंचायत स्तर पर चलाये जा रहे है। इनमे कृषि, वस्त्र, पशु चर्म तथा धातु पर आधारित है। और इसके अर्न्तगत हथकरघा कालीन बुनाई मिट्टी के बर्तन बनाना, लुहारगीरी, बढईगीरी, चर्मकारी, चर्मकला, बॉस की टोकरी बनाना, एवं पीतल के बर्तन बनाना प्रमुख है।

3. सहकारी समितियॉ– उपरोक्त विभिन्न उद्योगो को सम्बन्धित विभागो द्वारा विशेष रूप से यहकारिता के आधार पर ही स्थापित करने का प्रयास किया गया है। अतः सहकारिता के आधार पर ही नगरी एवं ग्रामीण कुटीर उद्योगियो करे औद्योगिक सहकारी समितियो का निर्माण कर उनको पंजीकृत कराया गया है और कार्यरत इन इकाईयो को सहकारी समितियो के रूप में विभाजित किया गया है।

4. उद्योग धन्धो का वितरण प्रारूप – तालिका नं० 1.38 के अवलोकन से पता चलता है कि अध्ययन क्षेत्र मे एक तरफ फतेहपुर, बहुआ , भिटौरा, गाजीपुर, जमुरॉवा, हस्वा, असोथर, आदि न्याय पंचायतो मे कृषि पर आधारित अनाज, दाल, पशुधन, तेलधानी, पर आधारित उद्योगो की केन्द्रियता है तो फरीदपुर, दतौली, कॉधी, फतेहपुर, आदि न्याय पंचायतो मे पशुचर्म पर आधारित केन्द्र अधिक स्थापित है। साथ ही स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण अध्ययन क्षेत्र मे एक विशेष प्रकार के उद्योगो का स्थानीकरण है। इससे विहित होता है कि मोहनखेड़ा, असनी, हुसेनगंज, फतेहपुर, कोराई, जगतपुर, गाजीपुर, बहुआ, असोथर, हस्वा में लौह एवं काष्ठ कला पर आधारित उद्योग धन्धे की केन्द्रियता दृष्टिगत है। सरॉयखलू में 7 एकड़ क्षेत्र मे अर्जुन तथा शहतूत के 5500 वृक्षो का रोपड़ करके रेशम उद्योगो को विकसित करने का प्रयास किया गया है। क्षेत्र मे केन्दित उद्योग धन्धो की संख्या तथा स्थानिक स्थित का विवरण तालिका नं० 1.39 से स्पष्ट है कि ग्रामीण कुम्हारी उद्योग बेरागढ़ीवा, शाह, मुत्तौर, फतेहपुर, गाजीपुर, बहुआ, जिवकरा, सॉखा, देवलान, जमुरॉवा, कोर्राकनक, बहरामपुर, तथा असोथर आदि न्याय पंचायतो तथा गॉव में खाड़सारी उद्योग – बेरागढ़ीवा, बहुआ, तेन्दुली, शाहजहॉपुर, चुरियानी, विकरा, नरैनी, आदि प्रमुख न्याय पंचायतो तथा उनके गॉव जो अध्ययन क्षेत्र में गंगा और यमुना नदियो के किनारे स्थित है। वहॉ उनके गॉव यथा कोण्डार, कोर्राकनक, दतौली, देवलान, जरौली, ललौली, यमुना नदी, तालिबपुर, जमुरॉवा,

असनी, भिटौरा, आदमपुर, नरही, रामपुर, पंचविटा और हसनपुर,आदि गॉवो एवं न्याय पंचायतो में मत्स्य तथा मधुमक्खी पालन के लघु ग्रामीण उद्योग विकसित है। अभी कुछ दशको से सम्पूर्ण अध्ययन क्षेत्र मे ग्रामीण स्तर पर सरकारी प्रोत्साहन के माध्यम से मतस्य पालन उद्योग न्याय पंचायतो के तालाबो पर भी किया जाने लगा है। परन्तु अनुकूल परिस्थितियो के न होने के कारण मतस्य उत्पादन से स्थानीय खपत मात्र ही करते है। श्यामपुर, फतेहपुर, बहुआ, गाजीपुर, ललौली, मोहम्मदपुर बुर्जुग, असोथर, हस्वा, शाह, ख्वाजीपुर, सेमरैया, में लघु स्तर पर वस्तु उद्योग के रूप में कपड़ो की बुनाई, रंगाई एवं सफाई लघु कुटीर उद्योगो की बहुतायात रूप से केन्द्रित है। शेष अन्य उद्योग धन्धे तथा उनके केन्द्रित स्थान यथा लौह एवं काष्ठ कला, फल प्रसोधन, हाथ का कागज, बेंत बॉस का उद्योग, माचिस तथा अगरबत्ती, एवं प्लास्टिक आदि की केन्द्रियता स्थानिक रूप से सारिणी नं० 1.39 से स्पष्ट है। क्षेत्र में बहुआ, फतेहपुर, दो नगरीय केन्द्र है। अतः यहॉ पर सभी उद्योग धन्धे स्थापित है।

उद्योग धन्धो पर आधारित अध्ययन के निष्कर्ष से पता चलता है कि अध्ययन क्षेत्र मे इनके विकास मे सभी न्याय पचायतो मे यातायात साधनो की शिथिलता ग्रामीण क्षेत्र मे उत्पादित वस्तुओ के लिये बाजार केन्द्रो की दूरी अशिक्षा तथा मुकदमे बाजी – अपनी वित्तीय स्थानो द्वारा प्राप्त होने वाली वित्तीय अनुदान के उपलब्ध कराने के तरीको से ग्रामीण की शिथिलता तथा उनके प्रति

अधिकारियो का उपेक्षित रवैया ग्रामीण क्षेत्रो पर स्थापित उद्योग धन्धो पर पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध रूप से वसूली एवं निरंकुशता आदि प्रमुख कारण है।

सारिणी संख्या 1.39

उद्योग धन्धो के प्रकार तथा उनकी स्थानिक केन्द्रियता 2000- 01

कमॉक	उद्योग धन्धे	गॉव /न्याय पंचायत का नाम
1	वस्त्र उद्योग	श्यामपुर, फतेहपुर, बहुआ, गाजीपुर, ललौली, असोथर, हस्वा, शाह, ख्वाजीपुर, सेमरैया,
2	अनाज – दाल प्रसोधन तथा तेल उद्योग	फतेहपुर, बहुआ, गाजीपुर, भिटौरा, जमुरॉवा, असोथर, हस्वा,
3	लौह एवं काष्ठ कला उद्योग	मोहनखेड़ा, असनी, हुसेनगंज, कोराई, जमुरॉवा, गाजीपुर, बहुआ, असोथर, हस्वा
4	गुड़ खाण्डसारी	बेरागढ़ीवा, बहुआ, तेन्दुली, शाहजहॉपुर, चुरियानी, जिवकरा, गाजीपुर, नरैनी, हस्वा
5	चर्मकला – चर्मशोधन	फरीदपुर, दतौली, कॉधी, वसोहनी, असोथर, बहुआ, गाजीपुर, फतेहपुर
6	कुम्हारी कला	बेरागढ़ीवा, फतेहपुर, मुत्तौर, शाह, जिवकरा, सॉखा, देवगॉव, जमुरॉवा, कोर्राकनक, बहरामपुर, असोथर,
7	माचिस अगरबत्ती	फतेहपुर, बहुआ, गाजीपुर, हस्वा, ललौली, कोराई,

8	फल प्रतिशोधन व फल उपयोगन	फतेहपुर, बहुआ, गाजीपुर, ललौली, असोथर, हस्वा,
9	हाथ कागज तथा बॉस बेंत उद्योग	मोहनखेड़ा, खानपुर, तेलियानीख बहरामपुर, ढकौली,
10	मतस्य मधुमक्खी	फतेहपुर, असनी, भिटौरा, औंगासी घाट, कोर्राकनक, ललौली, ओती, दतौली घाट
11	रेशम उद्योग	सरांय, साखा

स्रोत – कार्यालय जिला उद्योग फतेहपुर

स– **यातायात–** फतेहपुर जनपद राज्य के पिछड़े जनपदो मे एक है। परिवहन के साधनो मे रेल, बस, ट्रक, बैलगाड़ी, तॉगा व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान है। जो अपनी सेवा के द्वारा तहसील के साथ ही साथ फतेहपुर जनपद के विकास में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जनपद फतेहपुर में हवाई अड्डा भी है। जो आकस्मिक स्थित या आपातीय स्थित आ जाने पर उतारे जाते है। जिसका सामायिक परिवेश मे पर्याप्त महत्व है।

सारिणी नं० 1.40

फतेहपुर तहसील – यातायात सड़को की लम्बाई 2000 – 01

कमॉक	विकास खण्ड का नाम	सड़को की लम्बाई कि० मी०	प्रति हजार वर्ग क़िमी० पर पक्की सड़को की कुल ल०	प्रति लाख जनसंख्या पर पक्की सड़को की कुल ल०
1	तेलियानी	45	179	52
2	बहुआ	58	209	58
3	भिटौरा	56	165	45
4	हस्वा	59	180	49
5	असोथर	57	141	52
	कुल योग	275	874	256

स्रोत – कार्यालय सार्वजनिक निर्माण विभाग फतेहपुर

अध्ययन क्षेत्र में इन्हीं राजमार्गो के द्वारा राष्ट्र/प्रदेश तथा महत्वपपूर्ण स्थानो से जुड़ा है। अध्ययन क्षेत्र का प्रमुख मार्ग जी० टी० रोड है जो फतेहपुर को एक ओर उत्तरी भारत की औद्योगिक नगरी कानपुर तथा दूसरी ओर प्रमुख प्रशासनिक तथा शैक्षणिक केन्द्र इलाहाबाद से सम्बद्ध करती है। स्थानीय रूप से इसके अतिरिक्त कई राजमार्ग भी है। एक दृष्टीय अवलोकन सारणी संख्या 1.40 से किया जा सकता है।

अ— **पथ के सड़क मार्ग—** अध्ययन क्षेत्र मे समस्त पद की सड़को की लम्बाई 275 किमी० है। जिसमे यह लम्बाई हस्वा, बहुआ विकास खण्डो मे सर्वाधिक है। सबसे कम सड़को का विकास तेलियानी विकास खण्ड मे हुआ है। यहॉ पर सड़का की लम्बाई मात्र 15 किमी० यातायात सुविधा के दृष्टिकोण से मोहन खेड़ा, सनगॉव, खुमारीपुर, ढकौली, बहुआ, बेरागढ़ीवा, न्याय पंचायते प्रमुख है। जिसका महत्वपूर्ण कारण नगरीय केन्द्रो की निकटता है। और ऊबड़ – खाबड़ धरातल के कारण लतीफपुर, लोहारी, कोर्राकनक, सरवल, जरौली, न्याय पंखयतो में यातायात घनत्व भी कम है। अन्य न्याय पंचायतो मे सड़को की लम्बाई तथा यातायात घनत्व का आंकिक विवरण सारिणी संख्या 1.40 तथा चित्र संख्या 19 से विधिवत ज्ञात किया जा सकता है कि अध्ययन क्षेत्र में गंगा और यमुना नदी अपरदन से प्रभावित क्षेत्रो में स्थित न्याय पंचायतो मे सड़को का विकास नही है। अतः इसी कारण सहॉ क्षेत्रीय विकास नही हो पाया है। जो तहसील के साथ जनपद के पिछड़ेपन का प्रतीक है। तहसील के साथ जनपद के पिछड़ेपन के विवरण को तालिका नं० 1.41 से स्पष्ट किया जा रहा है।

सारिणी नं० 1.41

फतेहपुर तहसील – यातायात राजमार्गो का विवरण

कमॉक	नाम पद की सड़क	लभान्वित ग्राम एवं नगरीय बस स्टाफ
1	जी० टी० रोड	बर्रा, कासिमपुर, चित्तौरा, फतेहपुर, बिलन्दा, फैजुल्लापुर, हस्वा, कोरा, सदात, कोराई, सनगॉव, खुमारीपुर आदि
2	फतेहपुर – ठिठौरा	फतेहपुर, विवदपुर, सहली, ठिठौरा
3	फतेहपुर – बहुआ	फतेहपुर, शाह, ढकौली, लदगॅवा, बहुआ, महना, गौरी, अदावल, ललौली
4	फतेहपुर – गाजीपुर	फतेहपुर, चुरियानी, सामियाना, गाजीपुर, इन्द्रो, टिकरी, सुकेती, लिलरा
5	फतेहपुर – भिटौरा	फतेहपुर, आलमपुर, मवैया, भिटौरा
6	फतेहपुर – रायबरेली	फतेहपुर, बस्तापुर, बेरागढ़ीवा, हुसेनगंज, जमुरॉवा और असनी होकर रायबरेली
7	हुसेनगंज – तालिबपुर असनी होकर	हुसेनगंज, महीदपुर, महादेवपुर, लालीपुर, असनी, तालिबपुर
8	गाजीपुर – विजयीपुर	कधिंया, असोथर, नरैनी होकर विजयीपुर
9	बहुआ – बॉदा सागर	सिंधाव, मुत्तौर, दतौली से बॉदा

स्रोत – पी० डब्लू० डी० एवं रा० स० या० नि० फतेहपुर

और इन सड़को पर ग्रामीण यात्री निरन्तर यातायात व्यवस्था का उपयोग करते है जिसका क्षेत्रीय विकास मे महत्वपूर्ण योगदान है।

ब— **कच्चे कड़क मार्ग—** अध्ययन क्षेत्र में मुख्यतया 9 कच्चे मार्ग है। परन्तु जनपद में इन कच्चे मार्गो के अतिरिक्त सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अर्न्तगत अन्न के बदले काम योजना मे 1981 – 82 में कच्ची या पक्की सड़को से मिलाती हुई लिंक रोड्स बनायी गयी है। 1987 मे भी भीषण सूखे राहत में काम के बदले अनाज वाली योजना लागू की गई है। तथा इसमे भी सड़को का विकास बढ़ा है।

तहसील में आवागमन के अन्य साधनो में बसे, लारियॉ, खड़खड़े, ट्रक, टैम्पो, टैक्सी, कार, जीप तथा बैलगाड़ियॉ आदि प्रमुख है।

सारिणी नं० 1.42 से स्पष्ट है। चित्तौरा नरायन–रामपुर मार्ग में ट्रक, ट्रैक्टर, खड़खड़ा, बैलगाड़ियॉ चलती है। कच्ची सड़को मे क्रमॉक नं० 2,3,4,5,9,10 में क्रमशः ट्रक, ट्रैक्टर, खड़खड़ा, ।। तॉगा ।। बैलगाड़ी साधनो के द्वारा आवागमन होता है। जबकि क्रमॉक नं० 6,7,8 की रोड में बस, ट्रक, टैम्पो, कार, जीप, खड़खड़ा, तथा बैलगाड़ी के द्वारा आवागमन होता है।

चित्र नं० 1.14 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि क्षेत्र मे अपरदन से प्रभावित एवं ऊसर प्रधान क्षेत्र मे आने वाली न्याय पंचायतो तथा गॉव अब भी सड़क यातायात सुविधा से अछूते है।

जिससे प्राकृतिक संसाधनो के बावजूद उनका विकास नही हो पाया है।

सारिणी संख्या 1.42 के अर्न्तगत फतेहपुर तहसील यातायात कच्ची सड़को का वर्ष 2000 – 01 की स्थिति के अनुसार विवरण किया गया है। इन कच्ची सड़को के अर्न्तगत आने वाले प्रमुख दस मार्ग है।

सारिणी नं० 1.42

फतेहपुर तहसील – यातायात – कच्ची सड़को का विवरण 2000 – 01

क्रमॉक	नाम कच्ची सड़के/मार्ग	व्यवस्थित गॉवो के नाम
1	चित्तौरा नारायण रामपुर	चित्तौरा नरायण, चित्तौरा, अल्लापुर, सैनपुर मैलानी, मेडली बुजुर्ग पटमिटा रामपुर आदि
2	हुसेनगंज आम दौलतपुर	हुसेनगंज, जगतपुर, आदिलपुर, बोरकला, आमदौलतपुर
3	हुसेनगंज – हसउपुर	हुसेनगंज, सेमरा गनेशपुर, हसउपुर
4	बिलन्दा ख्वाजीपुर	बिलन्दा, चकमुगल, चकबरारी, मोहम्मदपुर बुजुर्ग, मड़ियॉव, ख्वाजीपुर
5	खुमारीपुर असोथर जरौली	खुमारीपुर, बहरामपुर, टिकरा, हस्वा, असोथर, जरौली
6	असोथर गाजीपुर मार्ग	प्रेममउ कटरा, बुधरामऊ, सरकी, बवांरा, गाजीपुर

तहसील फतेहपुरः यातायात मार्ग
उ
1 0 1 2 3
कि.मी.
संकेत
रेलवे लाइन
राष्ट्रीय राजमार्ग(जी.टी. रोड)
पक्की सड़क
कच्ची सड़क
गंगा नदी
यमुना नदी
कानपुर
कोराई
कांधी
फतेहपुर
मोहनखेड़ा
रावतपुर
बनारसी
शाह
ढकौली
खानपुर तेलियानी
सनगाँव
मितौरा
देवरी लक्ष्मनपुर
तालिबपुर
हुसैनगंज
जमरांवा
लोहारी
मथइयापुर
हसनपुर
चित्तिसापुर
वैरागढीवा
फरसी
मकनपुर
लतीफपुर
मुहम्दपुर बुजुर्ग
मुरांव
वरारी
हस्बा
ख्वाजीपुर समरैया
घरियाव
सनगाँव खुमारीपुर
बडनपुर
चुरियानी
कुसुम्मी
सेमरी
बहरामपुर
इलाहाबाद
आगाह
गाजीपुर
कंधिया
कोडार
महना
बहुआ
चकस्करने
मुत्तौर
कोर्राकनक
बड़ागाँव
साँखा
गम्हरी
सरवल
देवलान
दत्तौली
जरौली
असोधर
सातोंजोगा
नरैनी

चित्र स0—1.14

7	गाजीपुर – देवलान	गाजीपुर, सनगॉव, परसेठा, लौगॉव, देवलान, गोकरन
8	गाजीपुर बहुआ मार्ग	गाजीपुर, मकदूमपुर, मासनपुर, करसवॉ, सुजानपुर, बहुआ,
9	शाह दतौली मार्ग	शाह, काजीपुर, पम्मीरपुर, कमलापुर, बड़ागॉव, जजरहा, सैबसी, दतौली,
10	गाजीपुर मुत्तौर मार्ग	इन्द्रो, गम्हरी, सॉखा, जिबकरा, घघौरा, देवलान, मुत्तौर

स्रोत – सा० नि० वि० सांख्यकीय पत्रिका 2000- 01 फतेहपुर

किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिये यातायात के साधनो का महत्वपूर्ण स्थान होता है। सड़क यातायात के बिना किसी भी क्षेत्र का विकास असंभव है। सड़को के सकरेपन से दुर्घटनाओ में दृष्टि क्षेत्र मे परिवहन निगम की बसो की कम संख्या, सड़को मे पड़ने वाली नदी एवे नालो मे सर्वत्र पक्के पुलो का अभाव, सड़को के किनारे अवैध कब्जे खेतो के प्रति किसानो का मोह, जिससे नई सड़को के निर्माण में बाधा, परिवहन निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग के कर्मचारीयो की असुरक्षा, पुलिस प्रशासन की निरंकुशता और क्षेत्रीय अधिकांश सड़को का कच्चा होना आदि अध्ययन क्षेत्र के यातायात के विकास मे बाधक गम्भीर समस्याये है। जिससे अन्य तहसीलो की भॉति फतेहपुर तहसील पिछड़ी है। अतः उपरोक्त यातायात संम्बन्धी असुविधाओ को सुधार

करके तथा कुछ अपेक्षित नियमो एवं कानूनो के अनुसार या सुनिश्चित कराकर सुधार किया जा सकता है। यातायात के अपेक्षित सुधारात्मक योजनाओ यथा सड़को को चौड़ा किया जाय को कार्यान्वित किया जाय। तथा यातायात साधनो के मालिको को पुलिस प्रशासन के उत्पीड़न से बचने हेतु नियमानुसार बड़े निर्देश जारी किये जाय। सड़के पक्की की जाय जिससे कटाव के समय श्रम की बचत की जा सके। परिवहन निगम की बसो की संख्या मे वृद्धि की जाय। नदी – नालो पर स्थायी तौर पर सेतु निर्माण किये जाय। सार्वजनिक निर्माण विभाग से सम्बन्धित कानूनो एवं नियमो का पालन कर्मचारियो से जबरजस्ती कराया जाय और उनकी पूर्ण सुरक्षा का दायित्व निभाकर यातायात व्यवस्था अत्यन्त सदृढ़ की जाय।

अतः उपरोक्त बातो पर अमल क्षेत्रीय यातायात व्यवस्था में विकास किया जा सकता है जिससे क्षेत्र का समग्र विकास एवं मानव कल्याण का पथ प्रशस्त हो सके।

3- **मानव अधिवास–** प्राकृतिक वातावरण के विविध तत्वो और मानव के आर्थिक कार्य–कलापो के पारस्परिक सहयोग से किसी भी क्षेत्र के सांस्कृतिक भू–दृश्य से मानव अधिवासो का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान रहा है। क्योकि इन अधिवासो के विविध पक्षो मे स्थित आकार, आकृति, निर्माण, बसाव और उनका पारस्परिक सम्बन्ध क्षेत्र के प्राकृतिक पर्यावरण की उपज और मानव जनसंख्या

की सामाजिक, सांस्कृतिक, रातनैतिक एवं तकनीकी क्षमता की स्थानिक अभिव्यक्ति होते है।

इस मानव अधिवासो का संगठन प्रकृति, मानव, समाज कवच और जाल आदि पॉच घटको का महत्वपूर्ण यागदान होता है। उपरोक्त घटको मे प्रकृति और कवच भौतिक पात्र तथा मानव समाज और जाल को अन्तः वस्तु की संज्ञा दी जाती है। उपरोक्त पॉच तत्वो एवं आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से पारस्परिक गतिशीलता तथा अर्न्तसम्बन्धो की समन्वित पृष्ठभूमि मे ही मानव भूदाय का विकास होता है। जिसकी पुष्टि चित्र नं० 1.15 से होती है।

अतः स्पष्ट है कि किसी भी स्थान की बस्तियो पर मुख्य रूप से पॉच पक्षीय परिस्थितिक विज्ञान के तत्वो से सम्बन्धित विभिन्न भौतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक तत्वो का प्रभाव होता है। जैसा कि चित्र नं० 1.15 से स्पष्ट होता है। अतः किसी भी क्षेत्र के मानव वसाव को अध्ययन की दृष्टि से मूलतः दो प्रकार ग्रामीण एवं नगरीय मे ही विभाजित किया जा सकता है। मानव अधिवास पृथ्वी पर मानव निर्मित भूदाय वासियो के प्रमुख तत्व है। यह मानवीय प्राणियो के संगठित उपनिवेशो को जिनमे मानव सम्मिलित हो तथा जिसके अन्दर वह रहते है। और कार्य का संचयन करतें है ग्रामीण अधिवासो के आधार पर स्वास्थ्य एवं जनसंख्या का वितरण उस क्षेत्र में पाई जाने वाली भौतिक, सामजिक और आर्थिक विभिन्नताओ से पूर्णरूपेण प्रभावित होता है। लेकिन एक ही तरफ के उदाहरण

वाले क्षेत्र में उनका अस्तित्व आपस में अन्तर सम्बन्धित होता है। प्रस्तुत अध्ययन में अध्ययन क्षेत्रो के गात्यात्मक पहलु के साथ–साथ अधिवासो का आकार, प्रकार, घनत्व, दूरी, प्रकीर्णन, प्रदत्ति आदि का विश्लेषण करके अध्ययन क्षेत्र के ग्रामीण अधिवासीय प्रारूप का भी विश्लेषण किया गया है। इन सांख्यकीय सूचको द्वारा अधिवासो के सकेन्द्रण और प्रकीर्णन पृवत्ति को मापने की कोशिश की गई और विश्लेषण हेतु न्याय पंचायतो को क्षेत्रीय इकाई के रूप में चुना गया है।

सारिणी नं० 1.43

तहसील फतेहपुर – जनसंख्या आकार के आधार पर ग्रामो का वर्गीकरण

जनसंख्या का आकार	ग्राम्याकार	समस्त ग्राम सभा संख्या	प्रतिशत	समस्त ग्राम संख्या	प्रतिशत
1000 से कम	लघु	313	58.18	377	70.07
1000 – 2000	मध्यम	99	18.40	138	25.65
2000 – 4000		39	7.25		
4000 – 6000	विशाल	15	2.79	23	4.28
6000 से अधिक		8	1.49		
गैर आबाद गॉव		64	11.89		
योग		538	100.00	538	100.00

स्रोत – जनगणनासार 1991 पार्ट B गॉवो की संख्या तथा वर्ग विभाजन पर आधारित

वर्तमान दशक[1991] में क्षेत्र के समस्त गॉवो की संख्या 538 है। सारिणी नं० 1.43 से ज्ञात होता है कि 1000 से कम जनसंख्या वाले गॉवो की संख्या 313 है। जो समस्त गॉवो की संख्या का 58.18% है। जबकि 1000 – 2000 जनसंख्या आकार के गॉवो का प्रतिशत 18.44 (99) ही है। 2000 – 4000 और 4000 – 6000 जनसंख्या आकार के गॉवो की संख्या कमशः 39 (7.25%) और 15 (2.79%) है। लेकिन सबसे कम 6000 से अधिक जनसंख्या आकार के 8 (1.49%) गॉवो की है। जबकि गैर आबाद गॉव मात्र 64 (11.84%) है। परन्तु अध्ययन की सुविधा के अनुसार जनसंख्या के निर्धारण के पश्चात् देखा जाता है कि अध्ययन क्षेत्र मे लघु गॉव (1000 से कम जनसंख्या वाले) की संख्या कम अधिकता (377) है।

मध्यम स्तरीय गॉवो (1000 – 4000) की संख्या के अर्न्तगत 138 गॉव है। परन्तु विशाल जनसंख्या वाले गॉवो (4000 से अधिक) की संख्या 23 है। परन्तु अध्ययन भी समस्त ग्राम्याकार गॉवो की संख्या मे इसका प्रतिशत कमशः 70.07%, लघु 25.65%, मध्यम और 4.28% विशाल गॉव है।

सारिणी नं० 1.44

तहसील फतेहपुर के अर्न्तगत विकास खंण्डवार गॉवो के आकार का विवरण

वर्ष 1991

1	2	3	4	5	6	7
जनसंख्या आकार	तेलियानी	भिटौरा	हस्वा	बंहुआ	टसोथर	योग
200 से कम						
गॉव की संख्या	08	15	05	05	01	34
जनसंख्या	1077	1785	882	709	94	4547
औसत संख्या	131	119	176	142	94	134
200 – 500						
गॉव की संख्या	30	51	14	25	05	125
जनसंख्या	7340	17454	4852	8278	1979	39943
औसत संख्या	245	342	349	331	396	320
500 – 1000						
गॉव की संख्या	40	42	23	30	16	151
जनसंख्या	28745	28924	17068	22689	12174	109600
औसत संख्या	719	689	742	756	760	726
1000 – 2000						
गॉव की संख्या	15	26	25	14	18	98
जनसंख्या	21612	35982	35841	22801	24813	140004
औसत संख्या	1441	1384	1434	1629	1378	1429

तहसील फतेहपुर :ग्राम्यकार (क्षेत्रफल आधारित)
2000–2001
संकेत
> 35
30 - 35
25 - 30
20 - 25
< 20
न0क्षे0
तहसील फतेहपुर :ग्राम्यकार
(जनसंख्या आधारित)
ब
संकेत
> 2000
1500 - 2000
1000 - 1500
500 - 1000
< 500
न0क्षे0
तहसील फतेहपुर :ग्राम्यघनत्व
स
संकेत
2000–2001
> 0.55
0.45 - 0.55
0.35 - 0.45
0.25 - 0.35
< 0.25
न0क्षे0
उ

चित्र स0–1.15

2000 – 5000						
गॉव की संख्या	8	12	12	11	12	55
जनसंख्या	28015	32290	36564	32822	32749	162440
औसत संख्या	3502	2691	3047	2984	2729	2555
5000 से अधिक						
गॉव की संख्या	--	1	4	2	4	11
जनसंख्या	--	8046	24686	13449	37819	84000
औसत संख्या	--	8086	6172	6725	9455	7636

स्रोत – वर्ष 1991 जनगणना सार फतेहपुर

अध्ययन क्षेत्र में विकास खण्ड स्तर पर गॉवो के आकार का वर्गीकरण किया गया है। 200 से कम जनसंख्या वाले गॉवो विकास खण्ड भिटौरा में 15 गॉव (1785 व्यक्ति) है। जिनकी औसत जनसंख्या 119 व्यक्ति प्रति गॉव में है। तथा सबसे कम जनसंख्या गॉव असोथर मे एक गॉव में (94 व्यक्ति) है। 200 – 500 के मध्य फतेहपुर तहसील के 125 गॉव (39943 व्यक्ति) जिनकी औसत संख्या 320 व्यक्ति है। इस श्रेणी मे सर्वाधिक भिटौरा विकास खण्ड मे 51 गॉव है। जिसके अर्न्तगत 17454 व्यक्ति तथा औसत जनसंख्या 342 व्यक्ति प्रति गॉव मे निवास करते है। तथा सबसे कम असोथर विकास खंण्ड में 5 गॉव तथा 1979 व्यक्ति है। 500 – 1000 के मध्य की जनसंख्या के अर्न्तगत 151 गॉव तथा 109600 व्यक्ति है। जिसकी औसत

जनसंख्या 726 व्यक्ति है। इस कोटि समूह के अर्न्तगत सर्वाधिक भिटौरा विकास खण्ड मे 42 गॉव तथा 28924 जनसंख्या है। जिसकी औसत संख्या 68 व्यक्ति है। सबसे कम जनसंख्या असोथर में 16 गॉव तथा जनसंख्या 12174 व्यक्ति है। जिसकी औसत जनसंख्या 760 व्यक्ति है। 1000 – 2000 के मध्य की जनसंख्या के अर्न्तगत 98 गॉव के अर्न्तगत 35982 व्यक्ति जिनकी औसत जनसंख्या 1384 व्यक्ति है। इस समूह की सबसे कम जनसंख्या तेलियानी मे 15 गॉव तथा 21612 व्यक्ति है जिसकी औसत जनसंख्या 1441 व्यक्ति है। 2000 – 5000 के मध्य की जनसंख्या क अर्न्तगत 36564 जनसंख्या तथा 3047 औसत जनख्संख्या है। सबसे कम तेलियानी विकास खंण्ड में 8 गॉव में 28015 व्यक्ति तथा 3502 औसत जनसंख्या प्रति गॉव है। 5000 से अधिक जनयंख्या के मध्य 11 गॉव तथा 84000 जनसंख्या के बीच 7636 औसत जनसंख्या प्रति गॉव में आवासित है।

विकास खंण्ड स्तर पर सर्वाधिक असोथर में 4 गॉवो के अर्न्तगत 37819 व्यक्ति तथा 9455 औसत जनसंख्या है। सबसे कम भिटौरा में एक गॉव तथा 8046 व्यक्ति है। तेलियानी विकास खंण्ड में इस कोटि समूह में ऐ भी गॉव नही आता है।

1- **गॉवो का आकार और गॉवो का घनत्व–** ग्रमीण बस्तियो के आकार का वर्तमान विश्लेषणात्मक अध्ययन ग्रामीण जनसंख्या पर आधारित है। गॉवो का आकार और गॉवो का घनत्व निर्धारण मे

1991 के जनसंख्या आंकड़ो का प्रयोग किया गया है। और न्याय पंचायत को क्षेत्रीय इकाई के रूप में माना गया है। ग्रामीण बस्तियो का आकार विवरण तथा घनत्व जनांकिकी आकार से प्रभावित होता है। सामान्यतः क्षेत्र में 1981 की अपेक्षा गॉवो का घनत्व कम है परन्तु विशाल अधिवासो मे वृद्धि हुई है। न्याय पंचायत में ग्रामीण अधिवासो का (गॉवो) औसत आकार तथा घनत्व कमशः निम्नाकिंत सूत्रो से आंकलित किया गया है। यथा्

1- अ = ब/स

अ = गॉवो का आकार

ब = समस्त ग्रामीण जनसंख्या

स = समस्त गॉवो की जनसंख्या

2- गॉवो का घनत्व–

घ = क/ख

घ = ग्राम्य घनत्व

क = समस्त गॉवो की संख्या

ख = समस्त ग्रामीण भौगोलिक संख्या

उपरोक्त सूत्रो की व्यवहारिकता के परिणामो से पता चलता है कि अध्ययन क्षेत्र में फतेहपुर तहसील मे प्रति 100 वर्ग किमी० क्षेत्र पर मात्र 34 गॉव है।

परन्तु चित्र नं० 1.15 से (गॉवो के आकार क्षेत्र) में न्याय पंचायत स्तर पर गॉव के आकार में असमानता दृष्टिगत होती है। यथा– खानपुर, तेलियानी, तारापुर, गम्हरी, दतौली, देवलान, सरवल,

असोथर, जरौली न्याय पंचायतो मे ग्रामो का विस्तृत आकार पाया जाता है। उपरोक्त न्याय पंचायतो मे विस्तृत ग्राम्याकार के कारण भिन्न–भिन्न है क्योकि द्विफसली क्षेत्र मे सिंचाई से जल भराव की अधिकता तथा उच्च भागो मे दूर–दूर गॉवो का बसा होना और तहसील का उपजाऊ क्षेत्र होने के कारण जनसंख्या की सघन न्याय पंचायतो कोर्राकनक, दतौली, असोथर, सरवल, जरौली न्याय पंचायतो में अपरदन एवं बाढ़ के कारण गॉवो दूर–दूर ऊँचाई (कगारो और भृगुओ) युक्त धरातल तथा सुरक्षित किनारो के स्थानो पर अपवाद है।

सारणी नं० 1.45

फतेहपुर तहसील – गॉवो का आकार (क्षेत्रफल के आधार पर) 1991

क्रमॉक	कोटि सूचकॉक	कोटि समूह	क्षेत्रफल हे० में	प्रतिशत	N.P. Total	न्याय पंचायत का नाम
1	35 से अधिक	उच्चतम्	417.44	26.27	9	खानपुर तेलियानी, तारापुर, गम्हरी, कोडार, सरवल, दतौली, देवलान, असोथर, जरौली
2	30 - 35	उच्च	388.18	24.43	12	मोहनखेड़ा, रावतपुर, कोराई जगतपुर, जमुरॉवा, हस्वा, कोडार, थरियॉव,

						बहरामपुर,सातोजोगा, कुसुम्भी, चुरियानी, कोर्राकनक
3	25-30	मध्यम	320.47	21.17	11	अलावलपुर, देवरी लक्ष्मणपुर, लोहारी, बड़नपुर, सनगॉव, खुमारीपुर, सेमरी, बहुआ, सांखा, बेरागढ़ीवा, मकनपुर, मुरॉव
4	20-25	निम्न	248.49	15.64	11	नरैनी, शाह, महना, सनगॉव, खेसहन, गाजीपुर, कधिंया, मो० बुर्जुग, लतीफपुर, फरसी
5	20 से कम	निम्नतम	214.42	13.49	12	बनरसी, शिवगोविन्दपुर, अयाह, बड़ागॉव, चकस्करन, मथइयापुर, ख्वाजीपुर सेमरैया, हुसेनगंज, तालिबपुर, वरारी
	योग		1589.00	100.00	55	

अध्ययन क्षेत्र में क्षेत्रफल के आधार पर गॉवो का आकार उच्चतम श्रेणी 35 से अधिक के अर्न्तगत 9 न्याय पंचायते आती है जिनमे 417.44 हे० (26.27%) क्षेत्रफल है। न्याय पंचायत स्तर पर सर्वाधिक कोडार (38 हे०) है। 20 से कम क्षेत्रफल के आधार पर गॉवो का आकार के अर्न्तगत 12 न्याय पंचायते आती है जिसमे 214.42 हे० (13.49%) क्षेत्रफल निम्नतम श्रेणी के अर्न्तगत आता है। न्याय पंचायत स्तर पर इस श्रेणी के अर्न्तगत सर्वाधिक लतीफपुर 11 हे० तथा सबसे कम अयाह 9 हे० के अर्न्तगत है।

उपरोक्त अध्ययन के आधार पर यह पाया गया है कि भौतिक एकरूपता ग्रामीण अधिवासो के समान विवरण से सम्बन्धित है। क्योकि जैसे–जैसे ग्रामो का आकार बढ़ता जाता है वैसे–वैसे अधिवासो का घनत्व कम होता जाता है। तत्पश्चात् अधिवासो की दूरी और समानता को आंकलित किया गया है तथा प्राप्त परिणामो से यह तथ्य सामने आया कि सम्पूर्ण अध्ययन क्षेत्र में अधिवासो का वितरण समान है क्योकि प्रस्तावित मध्य प्रसरण से अधिक प्राप्त हुआ है तथा साथ ही याद्रक्षिक मूल्य भी 1.00 से 3 कम प्राप्त हुआ है।

2- **गॉवो की आपसी दूरी–** अधिवासो का क्षेत्रीय विश्लेषण, अवस्थिति, व्यवस्था को सूचित करता है और यह क्षेत्रीय विस्तार से घनिष्ट सम्बन्ध रखता है परिगणित माध्यम दूरी ग्रामीण क्षेत्रो पर पाये जाने वाले घनत्व पर निर्भर करती है तहसील की सम्पूर्ण ग्रामीण जनसंख्या 538 गॉवो मे निवास करती है राविन्स और

सारिणी नं० 1.46

तहसील फतेहपुर – ग्राम दूरी स्तर

ग्राम दूरी स्तर	कोटि	क्षेत्रफल हे० में	प्रतिशत	न्याय पंचा० सं०	प्रतिशत	न्याय पंचायत का नाम
2.51 से अधिक	उच्च	369.93	23.90	9	16.36	बड़नपुर, सातोजोगा, खेसहन, कोडार, कोर्राकनक, दतौली, सरवल, असोथर, जरौली
2.01-2:50	मध्य	304.17	20.00	11	19.42	मोहनखेड़ा, चित्तिसापुर, मकनपुर, थरियॉव, नरैनी, सेमरी, कुसुम्भी, सांखा, मुत्तौर, देवलान, कधिंया
1.51-2.00	कम	611.87	39.14	22	40.00	रावतपुर, कांधी, खानपुर तेलियानी, सनगॉव, तारापुर, तालिबपुर, जमुरांवा, हसनपुर, मथइयापुर, ढकौली, हस्वा, मुरांव, अयाह ख्वाजीपुर सेमरैया, बहरामपुर, बहुआ, बनरसी, शि०, चुरियानी, महना, बड़ागॉव, गाजीपुर, गम्हरी
1.50 से कम	अत्यन्त कम	275.47	17.69	13	23.64	कोराई जग०, अलावलपुर, वरारी,देवरी ल०, फरसी, बेरागढ़ीवा, लतीफपुर, मो० बुजुर्ग, शाह, लोहारी, चकस्करन, हुसेनगंज, सनगॉव, खुमारीपुर
योग		1589.00	100.00	55	100.00	

वार्नेस महोदय ने सर्वप्रथम अधिवासो क्षेत्रीय प्रतिरूपो के ग्रामीण अधिवासो के अध्ययन में ए० वी० मुखर्जी ने इन्ही के सूत्रो को सुधार कर अपनाया है परन्तु प्रस्तुत अध्ययन में माथुर के सूत्र को अपनाया गया है। जो राविन्स और वार्नेस के सूत्र अधिक उपयुक्त है सम्पूर्ण ग्रामीण अधिवास किस्टालर एवं एफ० एन० डैसी के सम्बन्ध अध्ययन क्षेत्र के अनुसार वितरित है[28] उपयुक्त सूत्र के आधार पर अध्ययन क्षेत्र के ग्रामीण अधिवासो के आकार स्पष्ट दूरी के प्राप्त परिणाम की पुष्टि चित्र नं० 1.16 से होती है। परिणामो के आधार पर स्पष्ट दूरी अध्ययन की दृष्टि से निम्नांकित चार वर्गो में विभक्त किया गया है।

अ— **उच्च दूरी 2.51 किमी० से अधिक—** इस ग्राम्य दूरी का विस्तार दक्षिण मे यमुना नदी से लगी सीमावर्ती न्याय पंचायतो मे कोडार (3.36) , कोर्राकनक (2.52) , दतौली (2.90) , जरौली (2.90) , सरवल (2.75) तथा उससे लगी असोथर (3.84) , सातोजोगा (2.56) प्रमुख है। इस वर्ग की दूरी में अध्ययन क्षेत्र की मात्र 9 न्याय पंचायते आती है जो समस्त न्याय पंचायतो की संख्या का 16.36% है। इस वर्ग में 369.93% हे० भूमि है जो समस्त ग्रामीण क्षेत्र का 23.70% है। यहॉ पर अपरदन भीषण बाढ़ से प्रभावित ऊबड़— खाबड़ धरातल के कारण गॉवो की दूरी अधिक है यहॉ पर अधिकतर मोटी फसले उगाई जाती है जिसमे ज्वार, बाजरा, जौ, चना, अरहर प्रमुख है। चित्र नं० 1.16 से स्पष्ट होता है।

ग्रामीण अधिवास का क्षेत्रीय वितरण कार्य परिगणित मध्य दूरी 2.51 किमी० और प्रति वर्ग किमी० क्षेत्रीय ग्राम्य 0.201 की सहायता से स्पष्ट तथा प्रदर्शित किया जा सकता है क्योकि जैसे–जैसे दूरी घटती जाती है ग्रामो का घनत्व कम होता जाता है।

ब– **मध्यम दूरी 2.01 से 2.50 किमी०–** अध्ययन क्षेत्र मे इस वर्ग की दूरी का क्षेत्र 304-17 हे० (19.47%) है। चित्र नं० 1.6 अ के अवलोकन से पता चलता है कि इस वर्ग के अर्न्तगत दक्षिण मे मुत्तौर (2.07), देवलान (2.07), न्याय पंचायते दक्षिण पूर्व में कुसुम्भी (2.27), कधियॉ (2.24), सेमरी (2.04) एवं थरियॉव २०0७ न्याय पंचायते है। उत्तर पूर्व मे मात्र दो न्याय पंचायते मकनपुर (2.04), चित्तिसापुर (2.07) इसी क्षेत्र पर स्थित है जिसके अर्न्तगत ग्रामो की आपसी दूरी 1.05 किमी० से 2.50 किमी० के मध्य भिन्न– भिन्न है। इस देरी वर्ग का विस्तार अध्ययन क्षेत्र मे बिखरे प्रारूप पर दी है। इसी दूरी के अर्न्तगत अध्ययन क्षेत्र की 11 न्याय पंचायते आती है। सारिणी नं० 1.46 से स्पष्ट होता है।

स– **कम दूरी 1.51 से 2.00 किमी०–** यह वर्ग अध्ययन क्षेत्र के 25.14% (611.87) हे० मार्ग के घेरे मे है। इस भाग मे दूरी 1.51 – 2.00 किमी० के मध्य पायी जाती है। इस दूरी वाला क्षेत्र तहसील कै दक्षिण पश्चिम ढकौली (1.92), चुरियानी (2.00), गाजीपुर (1.59), अयाह (1.83), रावतपुर (1.89), जमुरांवा (1.90) आदि। उत्तर मे गॉव मे किनारे की न्याय पंचायते खानपुर

तेलियानी (1.92), तालिबपुर (1.58, तारापुर (1.58, हसनपुर (2.73) प्रमुख है। जबकि कम दूरी वाली न्याय पंचायतो मे प्रति गॉव जनसंख्या का ऑकलन चित्र नं० 1.16 अ से स्पष्ट होता है।

द– **अत्यन्त कम दूरी 1.50 किमी० से कम–** अध्ययन क्षेत्र के पश्चिम अलावलपुर (1.39), कोराई (1.38), उत्तर तथा उत्तरपूर्व लतीफपुर (1.05), मो० बुजुर्ग (1.32), सनगॉव खुमारीपुर (1.40), देवरी लक्ष्मणपुर (1.47), बेरागढ़ीवा (1.39), आदि न्याय पंचायते विभाजित है। इस श्रेणी के अर्न्तगत 275.47 हे० (17.65%) है। और अत्यन्त कम दूरी के अर्न्तगत उपरोक्त वर्णित 13 न्याय पंचायते आती है जो निम्न कोटि सूचकांक मे विभाजित है तथा समस्त भौगोलिक क्षेत्रफल का (23.64%) है। तथा प्रति ग्राम क्षेत्र की पुष्टि 1.16 से होती है। इस क्षेत्र का मानव अधिवास अति सघन एवं मुख्यकृत प्रकार के प्रारूप मिलते है।

3- **प्रकीर्णन प्रवृत्ति–** जिन परिसीमित क्षेत्रो मे असमानता से अपेक्षाकृत किसी निश्चित बिन्दुओ से विचलन अंश के मापने को प्रकीर्ण कहते है। किसी भी क्षेत्र में अधिवासो के प्रतिरूपो के उद्भव को उस क्षेत्र में पाये जाने वाले भौतिक एवं सांस्कृतिक कारक प्रभावित करते है जिसक परिणाम स्वरूप अधिवासो के वितरण प्रतियो मे भिन्नता देखने को मिलती है।

प्रो० किस और डेसी का कार्य भूगोल के क्षेत्र में सबसे अग्रणीय रहा है। निकटतम पड़ोसी बिन्दुओ का सुझाव सर्वप्रथम इवांन्स ने दिया। यह असमानता के वितरण के क्षेत्रीय प्रतिरूपो के

विचलन को किसी बिन्दु से मानते है। अब्दुल अजीज ने भी इसी सूत्र पर कार्य किया है। प्रस्तुत शोध प्रबन्ध के इस प्रयास के अध्ययन मे भी निम्न सूत्र का अनुकरण किया गया है और असमान्य के सूचक संकेत को क्लार्क और इवांन्स के द्वारा प्रस्तावित सूत्र से आंकलित किया गया है यथा–

आर० एन० = डी० ओ० / डी० ई०

आर० एन० = आर एन वैल्यू

डी० ओ० = डिस्टेन्स आव्जवर्ड

डी० ई० = डिस्टेन्ट एक्सपेक्टिड

सी० = ½ डी

डी० = डिस्टेन्ट आफ विलिजेज

यह आर० एन० मान अधिवासी दूरी के विचलन के वास्तविक स्वरूप को प्रस्तुत करता है यदि आर० एन० मान 0.0 है तो पूर्ण गुच्छन 0.7 के आसपास है तो अज्ञमान और आर० एन० मान० 2.15 तक समान होता है। इस सूचक के अन्तिम परीक्षण के लिये प्रसरण से सहसम्बन्धित किया जा सकता है जिसको अग्र संकेत के माध्यम से निकाला गया है यथा–

एन० डी० = नेचर आफ डिस्वेन्सन

एन० पी० = (4 - / 4 डी)

मानक गति सामान्य प्रारूप वक्र और सम्भाव्य स्तर के माप के आधार पर न्याय पंचायतो के ग्रामीण अधिवासो का अतिरिक्त परिणाम भी आंकलित किया जा सकता है परन्तु शोध विषय की

विषय वस्तु मे अधिभार और दिसभामिकता दोष के बचाव हेतु उनका प्रयोग वांछनीय नही है।

प्रस्तुत अध्ययन मे कोई भी उदाहरण ऐसा नही जो समानता से गुच्छित श्रेणी को प्रदर्शित करे। बल्कि प्रत्येक न्याय पंचायत असमानता की अपेक्षा अधिक समानता को प्रदर्शित करती है। फतेहपुर की सभी न्याय पंचायते सामान्य प्रतिरूप की श्रेणी मे आती है। यद्यपि प्रत्येक की आर० एन० मान क्षेत्रीय विस्तार से नियमित किया जाता है। जो कि विण्डर और विदारिस के निष्कर्ष (विस्तृत क्षेत्र मे दिये गये वितरण के चारो तरफ आर० एन० मान कम होगा। से भिन्नता रखता है) प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र मे सम्पूर्ण क्षेत्र मे सम्पूर्ण क्षेत्र की वातावरणीय दशाओ मे एकरूपता पाई जाती है। अध्ययन क्षेत्र की 55 न्याय पंचायतो मे कोई भी न्याय पंचायत असमानता की श्रेणी मे नही आती है। प्रत्येक न्याय पंचायत का आर० एन० मान असमानता से एकरूपता की ओर विचलित होता है। असमानता के विस्तार क्षेत्र द्वारा प्रभावित नही होता है। वास्तव मे जैसे–जैसे गॉवो की संख्या बढ़ती जाती है। असमानता अनुरूपता श्रेणी का विस्तार घटता जाता है।

क– समवितरण प्रारूप के पास–

आर० एन० मान 1.20-2.15 तक–

इस समवितरण प्रतिरूप में अध्ययन क्षेत्र की 21 न्याय पंचायते सम्मिलित होती है। जो बिखरे रूप पर अधिक समानता का चतुर्दिक प्रतिनिधित्व करती है यथा फतेहपुर तहसील के दक्षिण

सारिणी नं० 1.47

तहसील फतेहपुर – याद्रिक्षिक मूल्य (R.N. Vailu)

याद्रिक्षिक मूल्य	कोटि समूह	क्षेत्रफल हे० में	प्रतिशत	N.P. Total	प्रतिशत	न्याय पंचायत का नाम
1.20-2.15	समवितरण प्रतिरूप के पास	579.40	36.44	21	38.18	मोहनखेड़ा, रावतपुर, खानपुर, तेलियानी, बेरागढ़ीवा, मो० बुजुर्ग, ढकौली, सनगॉव, खु०, ख्वाजीपुर, से० नरैनी, चुरियानी, गाजीपुर, गम्हरी, सांखा, कोर्राकनक, दतौली, सरवल, कधिंया, सनगॉव,
0.60-1.20	असमान	915.40	57.58	30	54.55	तारापुर, जमुरांवा, लोहारी, हसनपुर, मथइयापुर, चितिसापुर, हुसेनगंज, फरसी, मकनपुर, लतीफपुर, हस्वा, मुरांव, थरियांव, बहरामपुर, सातोजोगा, सेमरी, कुसुम्भी, खेसहन, बनरसी, शि०, शाह, बहुआ, महना, अयाह, बड़ा गॉव, कोडार, मुत्तौर, देवलान, असोथर, जरौली
.60 से कम	केन्द्रीयकृत वितरण प्रतिरूप के पास	94.20	5.98	4	7.27	कांधी, कोराई, अलावलपुर, बड़नपुर
	योग	1585.00	100.00	55	100.00	

में सांखा (1.66) उत्तर मे तालिबपुर (1.53) पश्चिम मे मोहनखेड़ा (1.39) और पूर्व में ख्वाजीपुर सेमरैया (1.93) है यहॉ पर अध्ययन क्षेत्र का 579.40 हे० (36.44%) मार्ग सम्मिलित है। इस प्रकार ग्रामीण अधिवासो की प्रकीर्णन प्रवत्ति न्याय पंचायत स्तर पर देखने से ज्ञात होता है कि प्रकीर्णन असमानता की ओर है जिसके परिणाम स्वरूप यह कहा जा सकता है कि क्षेत्र मे विरल बसाव प्रवत्ति है।

ख– असमान वितरण प्रतिरूप के पास–आर० एन० मान० .60 -1.20 तक–

प्रकीर्णन की असमान वितरण प्रतिरूप रेण्डम के अन्तर्गत अध्ययन क्षेत्र का 915.40 हे० भाग आवृत्त है। जो समस्त क्षेत्र का 57.58% है जिसमे सनगॉव (1.07), मकनपुर (1.11), लतीफपुर (1.18), अयाह (1.16) तथा बहुआ (1.16) प्रमुख न्याय पंचायते है जो सम्पूर्ण न्याय पंचायतो का 54.55% निवास करती है। असमान वितरण वर्ग अध्ययन क्षेत्र मे एक कमिक रूप से न होकर बिखरे प्रतिरूप पर फैला है।

ग– केन्द्रीयकृत वितरण प्रतिरूप के पास– आर० एन० मान० .60 से कम –

प्रकीर्णन के केन्द्रीयकृत वितरण प्रतिरूप के अन्तर्गत मात्र 4 न्याय पंचायते आती है जो समस्त न्याय पंचायतो का 7.27% है। जिसमे कांधी (.097), कोराई (0.15), अलावलपुर (0.10) तथा बड़नपुर (0.57) न्याय पंचायते है। इस वर्ग के अन्तर्गत अध्ययन क्षेत्र का 94.20 हे० (5.98%) भाग सम्मिलित होता है जो 0.60 से कम यादृक्षिक मूल्य के अन्तर्गत है।

अधिवास आबाद है। इस प्रकार पानी से सम्बन्धित अध्ययन क्षेत्र मे कोर्राकनक, दत्तौली, असोथर, सरवल, जमुरांवा, भिटौरा, तालिबपुर न्याय पंचायतो की ग्रामीण बस्तियॉ है। तालाबो के सहारे ही ग्रामीण बस्तियॉ सम्पूर्ण बस्तियो में जीवन यापन करती है। यहॉ पर क्षेत्रीय तालाबो के पास के गॉवो मे कुओ के सूख जाने पर उन तालाबो का पानी पीने के काम आता है और सामान्य रूप से तालाब या आसपास काफी गॉवो को पानी की सुविधा देते है। से बस्तियॉ सदावाही नदियो के किनारो या भृगुओ पर स्थित है तथा कहीं–कहीं सदावाही या सामायिक नदियो द्वारा आने वाले स्रोत (नालो) के सहारे बस्तियॉ विकसित हुई है। लघु नालो के किनारे–किनारे भी बड़े– बड़े रेखीय अधिवास पाये जाते है।

उपरोक्त नदियो का मानव बस्तियो के विकास में अत्यन्त ही योगदान है क्योकि नदियॉ सिंचाई, नौकायन तथा अन्य कार्या के लिये काफी जल सुलभ करती है। तहसील के समस्त भाग में अधिकांश बसाव प्रारूप का उदाहरण प्रस्तुत करते है।

अध्ययन क्षेत्र की जनसंख्या क वर्तमान सामजिक–आर्थिक स्तर को समझने के लिये विकास खण्ड स्तर को आधार मानकर चित्र नं० 1.17 (निर्मित) शोध क्षेत्र न्याय पंचायतो मे से विकास खण्ड स्तर की न्याय पंचायत स्तर में स्थित हो। इन गॉवो को क्षेत्रीय स्थित नमूना याद्रिक्षिक विधि द्वारा आंकलित की गई है। अतः सर्वप्रथम उनकी संख्या के अनुसार अध्ययन क्षेत्र मे उनकी स्थित ज्ञात की गई है तत्पश्चात ग्राम संख्या एवं स्तर प्रतिनिधित्व

आंकलित किया गया है जिसके लिये निम्न सूत्र को आधार माना गया है यथा–

अ = ब/स

अ = स्तर प्रतिनिधित्व

ब = निर्धारित लघु इकाई में ग्राम संख्या (न्याय पंचायत)

स = सम्पूर्ण क्षेत्र मे ग्राम संख्या (तहसील)

सारिणी नं० 1.48

ग्राम्य एवम् स्तर प्रतिनिधित्व

श्रेणी	**गॉव संख्या**	**स्तर प्रति०**	**प्रतिशत**	**कोटि नगर**
प्रथम	130	130/474	0.274	अति उच्चावच
द्वितीय	82	82/474	0.172	उच्च
तृतीय	90	90/474	0.189	मध्य
चतुर्थ	113	113/474	0.238	निम्न
पंचम	128	128/474	0.259	अतिनिम्न
योग	538			

चुने हुये गॉवो की संख्या के माध्यम से निम्नाकित सूत्र द्वारा आंकलित किया गया है।

अ = ब X स

अ = चुने हुये गॉवो की वास्तविक संख्या

ब = स्तर प्रतिनिधित्व

स = चुने हुये गॉवो की वास्तविक संख्या

उपरोक्त सूत्र के आधार पर गॉव का चयन किया गया[31] है जिसमे प्रथम स्तर से तीन गॉव (सरकण्डी, ललौली, अयाह) द्वितीय स्तर से तीन गॉव (मवई, तारापुर, सांखा) तथा तृतीय स्तर पर से तीन गॉव (लमेहटा, रारा, टीकर) चतुर्थ स्तर पर तीन गॉव (पैना खुर्द, सलेमाबाद, घघौरा) और पंचम स्तर पर तीन (खरगपुर, मुस्तफापुर, उदयराजपुर) गॉव प्राप्त हुये है जिसकी क्षेत्रीय स्थिति चित्र नं० 1.17 से स्पष्ट है। चुने हुये 15 गॉव निम्नलिखित जनसंख्या श्रेणी मे स्थित है। सारिणी नं० 1.49 से स्पष्ट होता है।

सारिणी नं० 1.49

चुने हुये गॉवो की संख्या तथा स्थिति

गॉव का नाम	जनसंख्या	गॉव की संख्या	न्याय पंचायत का नाम जहॉ गॉव स्थित है
उदयराजपुर, मुस्तफापुर	500 से कम	2	मोहनखेड़ा, कुसुम्भी
खरगपुर, सलेमाबाद	500 – 1000	2	चित्तिसापुर, सनगॉव
पैनाखुर्द, घघौरा	1000 – 2000	3	गाजीपुर, दतौली
रारा, टीका, लमेहटा	2000 – 3000	2	ढकौली, बहरामपुर, गम्हरी
तारापुर, भिटौरा, मवई	3000 – 4000	2	भिटौरा, हसनपुर
सांखा, अयाह	4000 – 5000	2	सांखा, अयाह
ललौली, सरकण्डी	5000 से अधिक	2	ललौली, जरौली
योग		15	

तहसील फतेहपुर : चुने गये गांवों की क्षेत्रीय स्थिति

चित्र संख्या— 1.17

सन्दर्भ सूची

क्रमॉक	लेखक का नाम	पुस्तक का नाम, वर्ष, प्रकाशित स्थान	पृष्ठ सं०
1	सिंह आ० एल०	एडीटेड इण्डिया ए रीजनल ज्याग्रफी प्रिन्टेड एट भार्गव भूषण प्रेस वाराणसी	315
2	वाडिया डी० एल०	ज्योलाजी आफ इण्डिया लन्दन 1961	21
3	मिलर	क्लेमाइटोलोजी 1954	1
4	मिलर	– तदैव –	1
5	हंटिंगटन	– तदैव –	12
6	हंटिंगटन	शिवला हवेशन एण्ड क्लाहेसेट ऐले यूनीवर्सिटी प्रेस न्यू हावेन 1915	215
7	सेस्येट ओ० एच० के०	इण्डिया एण्ड पाकिस्तान लन्दन 1963	43
8	टिवार्था जी० टी०	दि क्लाइमेट एण्ड वीदर आफ साउथ ईस्ट एशिया, वर्मा एण्ड नार्दन चाइनीज वाल्यूम	166
9	रन्धावा एम० एस०	एग्रीकल्चर एण्ड एनीमल हसवैण्ड्री, न्यू देलही 1958	31
10	स्ट्रालर ए० एन०	फिजिकल ज्योग्रफी सेकेन्ड एडीशन न्यूयार्क 1965	375
11	का० वी० सी०	मउटेन्स एण्ड रीवर्स आफ इण्डिया नेशनल कमेटी फार ज्योग्राफी, कलकत्ता 1968	50
12	द्विवेदी एस० पी०	एन एसेजल आफ फूड रिर्सोरेज इन रिलेशन टू पापुलेशन आफ बॉदा डिस्ट्रिक्ट (थीसिज आवडेड का यू०) 1985	42
13	हंटिएन ई० डब्लू	प्रिन्सिपल आफ ह्यूमैन ज्याग्राफी (पायल एण्ड द कामर्स– 11 रिलेशन्स विटपीन्स क्वायल एण्ड प्लान्टज चतुर्थ एडीशन वोनविल एण्ड संस आई० एन० सी०) न्यूयार्क जून 1960	
14	त्रिपाठी वी० पी०	उत्तर प्रदेश का भूगोल किताब कानपुर	68
15	व्रोकमैन	डिस्ट्रिक गंजेटियर फतेहपुर वाल्यूम 29, 1907	5
16	राम चौधरी एल० पी०	टापिसिट पी० पी०	332-339
17	मेहरोत्रा सी० एल० एण्ड गंगवार वी०	स्वायल सर्वे एण्ड स्वायल वर्क इन यू० पी० वाल्यूम –7 (स्वायल सर्वे आर्गेनाईजेशन यू०पी)	62

	आर०		
18		एग्रीकल्चर एटलस आफ उ० प्र० जी० पी० पन्थ यू० आफ एग्रीकल्चरल एण्ड टेक्नोलोजी पन्तनगर 1971	271
19	सक्सेना डी० पी० एण्ड शर्मा एस० सी०	लैण्ड यूटीलाईजेशन इन इटावा डिस्ट्रिक थीसिस अनपणिलिस्ड का० वि० 1972	39
20	कृषि दक्षता	– तदैव –	42
21	शस्य सघनता	– तदैव –	68
22	डाक्सीएडियास सी० ए०	टलीटिक्स द साइंस आफ ह्यूमैन सेटेलमेंट इलीस्टिक्स वाल्यूम – 33 नं० 167 (अप्रैल 1972)	237
23	राविन्स ए० एण्ड वार्नेस जे० ए०	न्यू मेथडस फार दि रिप्रसेन्टेशन आफ दि स्पर्स्ड रूरल पापुलेशन ज्योग्राफिकल रिटयू 1940	134-137
24	मुकर्जी ए० वी०	स्पेसिंग आफ रूलर सेटेलमेंट इन राजस्थान द स्पेशल एनालिसिस ज्याग्रा० आउटलुक आगरा 1970	1-20
25	माथुर ई० सी०	एक लाईनर डिस्टेन्ट मैप आफ फर्मारपापुलेशन आफ यू० एस० ए० एलन्स एनो आफ अमेरिकन ज्योग्राफी 1944	178-180
26	डेसी एम० एफ०	एनालिसिस आफ सेन्ट्रल प्लैस एण्ड स्टडीज इन ज्यामिटेक सीरिज वी० ह्यूमैन ज्याग्राफी – 24 (1953) पी०पी०	55-75
27	डेसी० एम० एफ०	ए कन्ट्रीशीट माडेल फार द एरियल पैटर्न एना अपरदन सिस्टम रिव्यू – 50 (1966)	527-542
28	द्विवेदी एस० पी०	टाई० वी० आई० डी०	117
29	शुक्ला ए० के०	द पापुलेशन ज्योग्राफी आफ फतेहपुर डिस्ट्रिक (पवलिस्डि थीसिस का० वि०)	138

174

165

अध्याय

2

अध्याय–2

2.1– **जनसंख्या वृद्धि एवं वितरण –** किसी भी क्षेत्र के संसाधनों के विकास में मानव की आधारभूत भूमिका होती है। वह संसाधन का निर्माता होने के साथ–साथ उसका उपभोक्ता भी है संसाधन निर्माता के रूप में मानव अपने मानसिक एवं शारीरिक श्रम के माध्यम से संसाधनों को विकसित करके उन्हें अधिक महत्वपूर्ण एंव कल्याणकारी बनाता है तथा अपराधों का निस्तारण कर अधिकाधिक विकास के लिए नये तरीके, नयी प्रयोग विधियाँ, नयी कलाओं का आविश्कार करता है [1]। अतः मानव भौगोलिक वातावरण का सबसे महत्वपूर्ण साघन है तथा प्रभावकारी कारक है। इस प्रकार किसी क्षेत्र विषेश की जनसंख्या तथा उसकी विषेशताओं का अध्ययन सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल के अध्ययन का सबसे महत्वपूर्ण तथ्य है[2]। प्रकृति तथा संस्कृति से बंधे होने के कारण मानव एक वस्तु को दूसरे में परिवर्तित कर उन्हीं संसाधनो का प्रयोग करता है।

इसलिए संसाधनों के निर्माता के रूप में मानव का स्थान, मानव सभ्यता के एक कमिक विकास को चिन्तित करता है सम्पूर्ण संसाधनों में मानव की स्थिति केन्द्रीय है। अतः वर्तमान समय में वैज्ञानिक एवं तकनीकी ज्ञान से पूर्ण एवं अनिवार्य आवष्यकता मानव संसाधन के समुचित विकास की है। वस्तुतः किसी भी संसाधन के विकास कार्यक्रम तैयार करने के पूर्व उसके वास्तविक स्वरूप का विष्लेशण भी अनिवार्य है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए अध्ययन क्षेत्र की जनंसख्या वृद्धि, वितरण, घनत्व, संरचना स्वास्थ्य एवं विषेशताओं का विस्तृत विवेचन निम्नांकित प्रारूप पर अपेक्षित है।

2.1.2– **जनसंख्या का विकास–** जनसंख्या के आकार में उत्तरोत्तर समयबद्ध कमिक परिवर्तन विकास कहलाता है। परन्तु यह परिवर्तन सकारात्मक (+) नकारात्मक(–) दोनों प्रकार होता है । जनसंख्या के विकास में प्राकृतिक

एवं सांस्कृतिक कारकों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। असमान धरातल प्रतिकूल जलवायु दशायें (सूखा एवं बाढ़) अनुपजाऊ भूमि तथा उसका अपरदन, महामारियों , राजनैतिक अशान्ति तथा फतेहपुर जनपद की केन्द्रीय स्थिति होने से फतेहपुर तहसील पर जनसंख्या की वृद्धि पर व्यापक एवं प्रभावशाली रूप से पड़ा है।

क्षेत्रीय जनसंख्या की वृद्धि को ऐतिहासिक दृष्टि से देखने पर पता चलता है कि अध्ययन क्षेत्र से संलग्न गंगा–यमुना के मैदानी दोआबे के साथ ही साथ ट्रान्स यमुना क्षेत्र में स्थिति अन्य पड़ोसी जनपदों में सर्वप्रथम आर्यावर्त से लोगों का आगमन हुआ। यद्यपि वह दक्षिण एवं पूर्व की ओर बढ़े , परन्तु उन दिनों मात्र अध्ययन क्षेत्र में ही नहीं वरन् समस्त फतेहपुर जनपद एवं पड़ोसी क्षेत्रों मे प्रतिकूल जलवायु दशाओं असमान धरातल जैसी प्रतिकूल दशाओं में भी आदिम जातियों का बसाव था, जो अविकसित एवं पिछले होने के कारण आदिम जीवन यापन करते थे [3]।

उस समय क्षेत्र की जनसंख्या अनुमानित थी। तत्कालीन शासन करने वाले राजाओं (अवध के नवाबों) के पहले भी यहाँ पर जीविका के साधन आदिम ही थे। परन्तु लखनवी (अवध) नवाबों, राजाओं, के शासनकाल में इस क्षेत्र की सम्पन्नता बढ़ी जो जनसंख्या विकास के पर्याप्त उपलब्ध प्रमाणों से स्पष्ट है।

स्वतन्त्रता संग्राम के समय विदिश शासनकाल तक यह क्षेत्र खुशहाल रहा [4] है। परन्तु ग्यारहवीं शताब्दी के बाद यहाँ की राजनैतिक उथल–पुथल का प्रभाव सम्पूर्ण उत्तरी भारत पर पड़ने से जनपद के साथ ही साथ तहसील पर भी पड़ा और यह अशान्ति इस क्षेत्र का एक हिस्सा बन गयी जिसके परिणामस्वरूप जनसंख्या का ह्रास हुआ। उन दिनों ग्रामीण निवासी साधारणतया सादगी तथा कम खर्चीली जिन्दगी में अपना जीवन निर्वाह कर रहे थे। अतः इस समय जनसंख्या विकास की सामान्य स्थिति प्रस्तुत होती है अंग्रेजी राज्य की स्थापना के पहली जनसंख्या में ह्रास दृष्टव्य है, क्योंकि राज्यों में हुए संघर्ष तथा युद्ध और स्थानान्तरण से क्षेत्र प्रभावित रहा है। अंग्रेजी शासन के स्थापना के बाद, अंग्रेजी शासकों द्वारा राज्य में सुरक्षा, यातायात के साधनों एवं सिंचाई के साधनों के रूप में नहरों का विकास एवं

1901	1522	1123	557	67	150	3374
योग	18167	7311	6479	2080	2797	36835

स्रोत–फतेहपुर जनपद गजेटियर, 1928–वाल्यूम X X (डी०) पृ० 267

और इस वृद्धि में अनुकूल जलवायु दशाओं तथा अल्प सामाजिक कारकों के कारण 1881 से 1891 तक लगातार वृद्धि प्रवृत्ति चलती रही ।

1881–1001 में क्षेत्रीय जनसंख्या पर प्राकृतिक प्रकोपों का प्रभाव पड़ा। बाढ़ और अकाल के प्रभाव से उत्पन्न महामारियों (काला ज्वर, हैजा, उदर रोग, चेचक, प्लेग) तथा उन्हय महामारियों से जीवन अस्त–व्यस्त हो गया। इस समय के वर्णन को बुजुर्ग लोग कहानी के समान सुनाते है कि महामारियों में इतनी मौते हुई थी कि किसी किसी के घर पर दीपक जलाने के लिए कोई भी व्यक्ति नहीं बचा था। और दरवाजे बन्द हो गये थे तहसील में 1891 से 1901 के मध्य ग्यारह वर्षो में समस्त प्राकृतिक महामारियों में मृत व्यक्तियों की संख्यात्मक पुष्टितालिका नं0 2..1 से होती है।

सारिणी नं0 2..1 के अवलोकरन से यह विदित होता है कि 1891 से 1901 तक अध्ययन क्षेत्र में सम्पूर्ण मृत व्यक्तियों की संख्या 36,835 थी जिसमें 82.93% कालाज्वर, 12.33% हैजा, तथा चेचक 2.81% उदर रोग से मरे थे परन्तु यह भी स्पष्ट है कि तहसील में इस दशकों में सबसे ज्यादा महामारी का प्रकोप 1894 से 1895 तक रहा जिस दौरान विभिन्न महामारियों में कमशः 26,186 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी।

चित्र नं0 2..1 के देखने पर पता चलता है कि वर्ष 1894–95 में कमशः कालाज्वर (1462–3755) और हैजा (1397–1123) उदर रोग (500–952) चेचक (24–27) और प्लेग तथा अन्य महामरियों में (207–295) व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी इन प्राकृतिक महामारियों के प्रकोप से मनुष्य अपने जीवन से निराश होकर स्वास्थ्य सुविधा युक्त सीनों , नगरीय केन्द्रों तथा जंगली क्षेत्रों (शुद्ध वायुयुक्त स्थानों) तथा

पड़ोसी जनपदों की ओर सीनान्तरित हो गये थे। क्योंकि जब किसी भी क्षेत्र में अकाल या प्रकोप महामारियों का प्रकोप बढ़ता है तो वहाँ का जन–जीवन अस्त–व्यस्त होने के साथ–साथ संसाधनों का विकास अवरुद्ध हो जाता है और जनसंख्या अपने उदरपूर्ति हेतु स्थानिक एवं कालिक रूप से सीमान्तरित हो जाती है।

अतः जनसंख्या वृद्धि के उपरान्त प्रभावों से मानवीय कियाकलापों के प्रभावित एवं परिवर्तित होते रहने के कारण विकास की गति अवरुद्ध होकर मूल समस्याओं का कारण बन जाती है।

2.1.3– दशकवार जनसंख्या वृद्धि –

1. **पूर्व स्वतंत्रता काल–** पूर्व स्वतन्त्रता काल में अध्ययन क्षेत्र की जनसंख्या 239378 (1901) में बढ़कर 246560(1911) व्यक्ति हो गयी । जिसमें 7182 व्यक्तियों (2.55%) की वृद्धि हुई।

दशक 1911–1921 में पुनः भीषण अकाल और महामारियों का प्रकोप हुआ। 1913 के भीषण अकाल और सूखे से सम्पूर्ण फसलें खेतों पर ही सूख गयी और तहसील के उबड़–खाबड़ एवं साधनविहीन क्षेत्रों के लोग भूखों मरने लगे।

डा0 जे0वी0 सक्सेना का विचार है कि भारत के प्राचीन काल सम्बन्धी जितने भी आँकड़े उपलब्ध होते हैं वे तत्तकालीन सैन्य शक्ति अथवा कृषि जोत एवं उपज के उद्देश्य से एकत्रित किये गये हे अतः उन्हें ठोस तथ्य के रूप में नहीं लिया जा सकता है।

1918–1920 में इन्फ्लूयन्जा , कालाज्वर बीमारी ने कही–कहीं सारे गाँव को उजाड़ दिया। कहीं–कहीं मृतकों के शव को श्मसान तक ले जाने के लिए भी आदमी नहीं थे। पकी फसल काटनें के अभाव में खड़ी–खड़ी फसलें बरबाद हो गयी। स्थानीय पंजीकरण व्यवस्था चौपट हो गयी क्योंकि अधिकांश व्यक्ति महामारी के शिकार हो । यह महामारी उस समय आयी जब फसले बुरे मौसम के कारण बरबाद हो चुकी थीं तथा प्रथम विश्व युद्ध के कारण (जनजीवन) क्षेत्रीय जनसंख्या

पर काफी प्रभाव पड़ा। इस दशक में जनसंख्या की वृद्धि ऋणात्मक हुई और जनसंख्या 246560 से घटकर 231766 रह गयी इस दशक में 14354 जनसंख्या का ह्रास हुआ यह ह्रास नगरीय एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में हुआ। अतः इन विषम परिस्थितियों में बची हुई जनसंख्या का अधिकांश भाग आस–पास के नगरीय क्षेत्रों की सीमान्तरित हो गयी और इन आपदाओ के गुजरने के बाद मनुष्य पुनः अपने घरों को लौट कर आये थे।

वर्ष 1921–31 में तहसील की जनसंख्या 231766 से बढ़कर 243355 व्यक्ति हो गयी जिसमें 11589 व्यक्तियों की अतिरिक्त वृद्धि हुई। 1931 में जनसंख्या मात्र 4.70 % वृद्धि हुयी। इसमें ग्रामीण तथा नगरीय वृद्धि सामान्य थी इस दशक में जनसंख्या के विकास, रेलवे लाइन सिचाई सुविधाओं का निर्माण जनसंख्या के तीव्र विकास के उत्तरदायी कारकों , व्यापारिक एवं कृषि की ओर खिंचाव अधिक प्रभावी रहा (चित्र नं02..1 से स्पष्ट होती है)

1931–41 दशक में फतेहपुर तहसील की जनसंख्या 243355 से बढ़कर 284725 हो गयी। सम्पूर्ण तहसील 17.70%की अतिरिक्त वृद्धि हुई। इस अभूतपूर्व वृद्धि का कारण मैदानी भागों में कृषि का विकास , स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के साथ ही साथ ब्रिटिश शासन द्वारा क्रियान्वित अन्य विकास योजनाएं थीं।

सारिणी नं० 2..2

तहसील फतेहपुर : जनसंख्या वृद्धि (1901–2001)

काल/समय	दशक वर्ष	सम्पूर्ण जनसंख्या	वृद्धि
पूर्ण स्वतन्त्रता काल	1901	239378	—
	1911	246560	+2.98
	1921	231766	–3.86
	1931	243355	+4.70
	1941	284725	+17.15
स्वतन्त्रता काल	1951	310315	+8.64
	1961	366215	+18.06
	1971	439459	+19.82
	1981	540534	+23.01
	1991	651087	+20.45
	2001	762164	+14.58

स्रोत (A) 1901, 11,21,31 जनपद गजेटियर प्रोविन्सेस आगरा एवं अवध वाल्यूम X X (डी0) डी

(B) 1941, 51,61, 71,81 व 91 जनसंख्या सेन्सस फतेहपुर भाग ब 2001 की जनसंख्या जिलाधिकारी कार्यालय फतेहपुर ।

सारिणी नं0 2..2 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि दशक 1941–51 के मध्य सम्पूर्ण फतेहपुर तहसील ने सामन्य वृद्धि की प्रवृत्ति रही क्योंकि 1941 की 284725 जनसंख्या बढ़कर 1951 में 310315 हो गयी। इस दशक में सम्पूर्ण वृद्धि मात्र 8.64 %(25626) हुई। इस मन्द वृद्धि का कारण राजनैतिक हस्तक्षेप विशेषकर द्वितीय विश्व युद्ध का प्रतिकूल प्रभाव रहा। वर्ष 1941 में फतेहपुर जनपद में प्लेग का प्रकोप तथा गंगा–यमुना नदियों में भीषण बाढ़ तत्पश्चात भयावह हैजे का प्रकोप हुआ। अतः

चित्र संख्या – 2.1 द

चित्र संख्या – 2.3 स

यह स्पष्ट होता है कि स्वतन्त्रता काल में जनसंख्या के विकास में प्राकृतिक कारणों महामारियों के साथ ही साथस राजनैतिक उथल–पुथल का प्रभाव महत्वपूर्ण रहा। जिसे क्षेत्रीय जनांकिकी गतिशीलता पूर्णतया प्रभावित रही । चित्र नं0 2..1 द से स्पष्ट होता है।

2. **स्वतन्त्रता काल –** दशक 1951–61 में जनपद की जनसंख्या में अभूतपूर्व वृद्धि के परिणाम स्परूप जनसंख्या 310315 से बढ़कर 366215 हो गयी। यह वृद्धि 1941–51 की तुलना में 18.06 ٪ (55864 व्यक्ति) की जिसमें (नगरीय–ग्रामीण) जनसंख्या वृद्धि का प्रतिशत भी सामान्य था इस दश में हस्वा खानपुर , तेलियानी, शाह, कोण्डार, असोथर, जरौली न्यायपंचायत में जनसंख्या का काफी विकास हुआ। जनसंख्या की इस अभूतपूर्व वृद्धि से परती भूमि का कृषि के रूप में परिवर्तन, सिंचाई के साधनों मे आंशिक विकास यातायात तथा संचार साधनों से युक्त शैक्षणिक एवं चिकित्सा सम्बन्धी अन्य सुविधाओं , जमींदारी उन्मूलन तथा परिणाम स्वरूप बंधुआ मजदूरों के अधिकारों की व्यवस्था तथा उनकी सुरक्षा और विस्थापित पाकिस्तानी शरणार्थी आदि भौगोलिक कारक जिम्मेदार रहे।

1961–71 दशक में 366215 (1961) से जनसंख्या बढ़कर 1971 में 431459 व्यक्ति हो गयी। इस दशक में 73143 व्यक्तियों की अतिरिक्त वृद्धि हुई। जिसमें ग्रामीण एवं नगरीय वृद्धि सामान्यतया अधिक थी। 1961–71 में सम्पूर्ण तहसील की न्यायपंचायों में भी सामान्य रूप से जनसंख्या का विकास हुआ परन्तु पूर्णरूपेण समतल धरातलीय विषमताओं से युक्त मोहनखेड़ा, हस्वा, बनरसी, शिवगोविन्दपुर, शाह, बहुआ, जमुराँवां, बंहरामपुर आदि न्याय पंचायतों में कृषि की केन्द्रीयता के कारण जनसंख्या में वृद्धि हुई जिसकी पुष्टि चित्र नं0 2..1 ब से होती है, जबकि अपरदन से प्रभावित एवं ऊसर प्रधान मिट्टी वाली न्याय पंचायतों में जनसंख्या वृद्धि, विभिन्न ग्रामीण उद्योगों का विकास आदि प्रमुख कारणों से प्रत्येक दशक में घनत्व भी प्रभावित होता रहा जिसके परिणामस्परूप प्रत्येक न्याय पंचायतों की जनसंख्या में वृद्धि होती रही।

1971–81 दशक में तहसील की 540594 व्यक्ति जनसंख्या हो गयी। जनसंख्या की इस अभूतपूर्व वृद्धि से तहसील में 1961–71 की अपेक्षा 101075 व्यक्तियों की अतिरिक्त वृद्धि हुई । 1981–91 समय में जनसंख्या 110553 व्यक्तियों की अतिरिक्त वृद्धि हुयी तथा 1991–2001 तक 111077 अतिरिक्त व्यक्तियों की वृद्धि हुयी। अध्ययन क्षेत्र के साथ–साथ जनपद में कृषि योग्य धरातल पर कृषि का सुचारु रूप से विकास, सिंचाई की सुविधाओं , शिक्षण संस्थाओं की सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक कुटीर उद्योग–धन्धों का स्थानीकरण–धार्मिक एवं सांस्कृतिक विचार धाराओं के स्वरूप उच्च जन्मदर स्वास्थ्य सुवधिाओं में वृद्धि का कारण निम्न मृत्युदर नगरीय कारण की बढ़ती प्रवृत्ति मानव के खाद्य पदार्थों में परिवर्तन (ज्यादा तीक्ष्ण एवं गर्म खाद्य पदार्थों का प्रयोग , मदिरा का प्रयोग) ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक लघु उद्योगों के कारण उनकी शान्ति भंग होकर पूर्ण वयस्कता में अधिक प्रजनन प्रवृत्ति परिवार नियोजन के प्रति उपेक्षा, अशिक्षा, बंगलादेश के शरणार्थियों का दबाव, धार्मिक एवं विभिन्न पर्यअन स्थलों के विकास से बढ़ती आवास प्रवृत्ति आदि कारणों से जनसंख्या अनवरत विका हुआ।

परिशिष्ट नं0 8 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि न्याय पंचायत स्तर पर दशक 1981–91 में रावतपुर (2634) , अलावलपुर (650) थरियावँ (2486), बहरामपुर, (2837), चुरियानी (2885), गाजीपुर (2613), कोंडार (2634) , असोथर (4847), जरौली (3602) व्यक्तियों की अतिरिक्त वृद्धि न्याय पंचायतों के सर्वाधिक रही चित्र नं0 2..1 क से स्पष्ट होता है। इस दशक में जनपद की जनसंख्या वृद्धि का महत्वपूर्ण कारण प्राकृतिक शक्ति ही रही है। अतः महामारियों एवं अकाल के साथ ही साथ प्राकृतिक वृद्धि हुई । व्यक्ति के आर्थिक , सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राजनैतिक जीवन पर जनसंख्या अभिवृद्धि का प्रभाव पड़ता है। अतः इसमें जनसंख्या वृद्धि संतुलन आवश्यक है।

2.1.4– **औसत वार्षिक वृद्धिदर –** किसी भी क्षेत्र विशेष की वार्षिक दर उस क्षेत्र की जनसंख्या विकास के प्रदर्शन का सूचकांक होती है। जनसंख्या से सम्बन्धित मापनों

(जन्मदर) स्थानान्तरण दशक वृद्धिदर के साथ ही साथ वार्षिक वृद्धि दर का अपना अलग महत्व है। अतः वार्षिक वृद्धि दर का आंकलन आपेक्षित है जिसके आंकलन का आधार निम्नवत है।

यथा–

$$\text{सूत्र द} = \frac{(\text{अ} - \text{ब}) / \text{स}}{\text{ब} - \text{अ} / 2} \times \text{य}$$

जिसमें

अ = आधार वर्ष दशक की जनसंख्या

ब = अन्तिम वर्ष (दशक) की जनसंख्या

स = अ और ब के बीच समयान्तर

य = अनुपातिक रूप

द = औसत वार्षिक वृद्धि दर

सारिणी नं0 2.3

तहसील फतेहपुर जनसंख्या की वार्षिक वृद्धिदर (1981–91)

वार्षिक वृद्धिदर % में	**क्षेत्रफल वर्ग किमी**	**जनसंख्या प्रतिशत**	**न्याय पंचायत का नाम**	
			संख्या	**नाम**
>2.50	468.12 29.45	186754 26.68	16	मोहनखेड़ा, रावतपुर, कोराई, सनगांव, मथइयापुर, हुसेनगंज, फरसी, लतीफपुर, दतौली, चुंरियानी, बहुआ, गाजीपुर, कोण्ड़ार, सरवल, असोथर, दतौली।
2.00–2.50	468.12 29.45	227986 35.02	17	खानपुर, तेलियानी, देवरी लक्ष्मनपुर, तारापुर, बेरागढ़ीवा, मो0 बुर्जुग, मुरांव, नरैनी, सेमरी, थरियांव, बहरामपुर, सातोजोगा, बनरसी, शि0 अयाह, महना, गम्भरी, सांखा जरौली।

तहसील फतेहपुर में जनसंख्या की विचरण शीलता
1901—2001
ब
जनसंख्या लाखों में
2.98
3.86
4.70
17.15
8.64
18.06
19.82
23.01
20.45
वि0 सू0 = द¹+द²+द³.......द⁷ / न+1
वि0सू0= 10.85%
दशक —वर्ष
प्रतिनिधि गाँव में जनसंख्या विचरण
1991—2001
स
जनसंख्या
(+)
(-)
उदयराजपुर
मुस्तफापुर
खरगपुर
सलेमाबाद
पैनाखुर्द
घघौरा
रारा
लमेहटा
टीकर
तारापुर मिटौरा
मवई
साखा
अयाह
ललौली
सरकण्डी
गाँव

चित्र संख्या — 2.2

< 2.00	652.78 41.10	236347 38.30	22	कांधी, अलावलपुर, बरारी, तालिबपुर, जमुरावां, लोहारी, हसनपुर, चितिसापुर, मकनपुर, बड़नपुर, सनगांव, ख्वाजीपुर से0, कुसुम्भी, खेसहन, शाह, बड़ागांव, चकस्करन, कोर्राकनक, मुत्तौर, देवलान, कंधिया, हस्वा।
योग–	1589.00 100.00	651087 100.00	55	

सारिणी नं0 2.3 के गहन निरीक्षण से ज्ञात होता है कि सर्वाधिक वार्षिक वृद्धि दर के अन्तर्गत 16न्याय पंचायतें है। जो कि 2.50 से अधिक कोटिमान स्तर को प्रदर्शित करती है जिसमें कोण्डर (3.59)न्यायपंचायत में सर्वाधिक वृद्धिदर है। तिनके अन्तर्गत 468.12 (29.45 प्रति.) क्षेत्रफल वर्ग किमी. एवं 186754 व्यक्ति (26.68 प्रति.) जनसंख्या के अन्तर्गत स्थित हैं । 2–002–50 मध्यम श्रेणी की वार्षिक वृद्धि के अल्तर्गत 17 न्यायपंचायते आती है जिनके अन्तर्गत 468.12 (29.45 प्रति.) क्षेत्रफल एवं 227986 व्यक्ति (35.02 प्रति.) जनसंख्या हैं। 2.00 से कम वार्षिक वृद्धिदर के तहत 22 न्याय पंचायतें आती है जिसके अन्तर्गत 652.76 (41.10प्रति.) क्षेत्रफल वर्ग किमी0 एवं 236347 व्यक्ति (38.30प्रति) जनसंख्या स्थित है जिसमें मुत्तौर (0.42प्रति) न्याय पंचायत में सबसे न्यूनतम् वार्षिक वृद्धि हुई। चित्र नं0 2..1 ख से स्पष्ट है।

1947 में स्वतंत्रता के पश्चात न्याय पंचायतों का प्रशासनिक रूप सामने आया परन्तु 1951 दशक में न्याय पंचायतवार जनसंख्या का आंकिक रूप अनुपलब्ध होने से वार्षिक वृद्धि दर मात्र से वार्षिक वृद्धि दर मात्र दो दशकों (1981–91) वर्षो की उपरोक्त सूत्र के अनुरूप आंकलित की गयी है। आंकलन के आधार पर दृष्टिपात किया जाए तो पता चलता है कि फतेपुर तहसील में जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि का औसत 2.30 प्रतिशत है।

2.1.5 **जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति–** 100 वर्षो (दशकों) में फतेहपुर तहसील की जनसंख्या वृद्धि को प्रकृ ति समान नहीं रही हैं । 1901–21 (दो दशकों) में वृद्धि प्रवृत्ति ह्रास की स्थिति प्रदर्शित होती है, जबकि 1921–41 दशकों में जनसंख्या वृद्धि की सामान्य वृद्धि प्रवृत्ति रही। (1941–51) दशक में शोध क्षेत्र की जनसंख्या वृद्धि में अत्यन्त मंदगति की प्रवृत्ति दृष्टया है। परन्तु 1951–91 (चार दशकों) स्वतंत्रता काल में तहसील की जनसंख्या में वृद्धि हुई जिसमें प्रवृत्ति निर्धारक रेखा असारण वृद्धि प्रवृत्ति को प्रस्तुत करती है। चित्र नं0 2..1 द से स्पष्ट होता है।

सारिणी नं0.2.4 पर आधारित आंकलन के अनुसार 1901 में जनसंख्या प्रवृत्ति मन्द थी परन्तु 1941 से 1991 में अतिशय वृद्धि प्रवृत्ति हो गयी। अतः स्पष्ट है कि जनसंख्या कम कभी स्थिर नहीं रहता है। जनसंख्या वृद्धि विविध अवस्थाओं या जनसंख्या चकों की दृष्टि से 19वीं शदी के अन्त तक तहसील में भी जन सांख्यकीय प्रवृत्ति की अवस्था रही है जिसमें जन्म और मृत्यु दर अधिक होने पर भी जनसंख्या की प्रवृत्ति की अवस्था रही है जिसमें जन्म और मृत्यु दर अधिक होने पर भी जनसंख्या की अधिक वृद्धि नहीं हो सकती। क्योंकि महामारी, अकाल, दुर्भिक्ष ने बड़ी जनंसख्या को कम कर दिया 20वीं शताब्दी के स्वतंत्रता काल में विशेष कर 1921 के बाद तहसील में जनसंख्या चक की दूसरी (प्रारम्भिक,प्रगतिशील जनसंख्या) अवस्थाएं मिश्रित रूप से कमी न होने तथा मृत्यु दर में पर्याप्त कमी हो जाने के कारण विगत कुछ दशकों में विछिन्न गति से जनसंख्या जनसंख्या की वृद्धि हुयी अतः जनसंख्या के विकास में उपयुक्त विवरण विगत शताब्दियों में क्षेत्र में ही नहीं वरन् सम्पूर्ण वर्तमान समय में संख्या उत्तरोत्तर एवम् निरन्तर गति से वृद्धिशील प्रवृत्ति की व्याख्या करती हैं

सारिणी नं0 2.4 से स्पष्ट होता है कि जनसंख्या का विचरण आकार सर्वाधिक 10 न्याय पंचायतों में है जो कि 2444 से अधिक न्याय पंचायतें उच्चतम् कोटिमान के अन्तर्गत निहित है कौण्डर (5684) व्यक्ति न्याय पंचायत ने विचरण आकार सबसे अधिक हैं। इन न्याय पंचायतों के अन्तर्गत 385.66 (24.29 प्रति.) क्षे.त्रफल वर्ग

किमी. एवं 136631 व्यक्ति 20.99 प्रति. जनसंख्या आबादी है। 1222 से कम विचरण आकार की 14 न्याय पंचायतें है जिसमें मुत्तौर 301 व्यक्ति सबसे कम विचरण वृद्धि हुई तथा चित्र नं0 2..2 (अ) के अवलोकन से स्थिति और भी स्पष्ट हो जाती हैं। इस प्रकार दस दशक (100 वर्षों) (1901 – 2001 का विचरण ग्राफ सूचकांक) के आधार पर अन्तर निकालने से ज्ञात हुआ।

सारिणी नं० 2.4

तहसील फतेहपुर जनसख्या का विचरण आकार वर्ष (1981–1991 तक)

विचरण आकार	क्षेत्रफल वर्ग किमी %	जनसंख्या प्रतिशत	संख्या न्याय पंचायत	न्याय पंचायतों का नाम
2444 से अधिक	385.66 24.29	136631 20.99	10	मोहनखेड़ा, रावतपुर, बहरामपुर, चुरियानी, गाजीपुर, बहुआ, अलावलपुर, कोण्डर, जरौली, असोथर
2020 से 2444	267.13 16.80	85543 13.75	07	सनगांव, तारापुर, जमुरांवा, ढ़कौली, थरियांव, सातोजोगा, गम्हरी, सरवल
1666– 2020	214.67 13.53	78345 12.03	07	कोराई, खानपुर, तेलियानी, हुसेनगंज, फरसी, बेरागढ़ीवा, शाह दन्तौली।
1222 –1666	39233 24.67	183796 28.23	17	कांधी, अलावलपुर, हसनपुर, मथइयापुर, हसनपुर, चिंतित्सापुर, लतीफपुर, मो0 बुजुर्ग, मुरांव, नरैनी, सेमरी, कुसुम्भी, खेसहन, अयाह, चकस्करन, सांखा, देवलान, कंधिया
1222 से कम	324.21 20.71	162772 25. 00	14	देवरीलक्ष्मणपुर, बरारी, तालिब पुर, लोहारी, लतीफपुर, बड़नपुर, हसवा,

तहसील फतेहपुर : जनसंख्या विचरण आकार – 1981–91

संकेतक (व्यक्ति)

≥ 2444
2020–2444
1666–2020
1222–1666
< 1222

N
S

1 0 1 2 3
किमी0

चित्र संख्या – 2.2(अ)

				खाजीपुर, सेमरैइया, थरियांव, बनरसी, शि0 महना, बड़ागांव, कोर्राकनक, मुत्तौर
योग–	1589.00 100.00	651087 (100)	55	

विचरण सूचकांक का आंकलन निम्न आधार पर निकाला गया–

$$\text{सूत्र} = \text{वि0 सुचकांक} = \frac{\text{द1} + \text{द2} + \text{द3} + \text{द5} \text{———} \text{द 7}}{\text{न}+1}$$

द1+द 7= विचलन

न = विचलनों की संख्या

उपरोक्त आधार पर 10 दशकों (1901–1991) का फतेहपुर तहसील का विचरण सूचकांक 10.85 % है। अतः स्पष्ट है कि जनसंख्या की अभूतपूर्व वृद्धि के कारण जनसंख्या में समयानुसार परिवर्तन होता जा रहा है।

सारणी नं० 2.5

तहसील फतेहपुर– सर्वेक्षित गाँवों का (1991–2001) विचरण सूचकांक

क०सं०	गाँव का नाम	1991	2001	विचरण वृद्धि	वृद्धि प्रतिशत
01	उदयराजपुर	340	480	140	41.17
02	मुस्तफापुर	480	680	200	41.47
03	खरगपुर	922	1178	256	27.77
04	सलेमाबाद	691	991	300	43.41
05	पैनाखुर्द	1134	1434	300	26.45
06	घघौरा	1034	1324	290	28.05
07	रारा	2666	3112	446	16.73

तहसील फतेहपुर जनसंख्या का विचरण आकार प्रतिशत वर्ष 1991

तहसील फतेहपुर जनसंख्या का विचरण आकार वर्ष 1991

08	लमेहटा	2602	3023	421	16.18
09	टीकर	2379	3966	1587	66.70
10	तारापुर भिटौरा	3536	5949	2413	68.24
11	मवई	3373	4033	660	19.57
12	सांखा	4619	6972	2353	50.54
13	अयाह	4135	7842	3707	89.64
14	ललौली	12,556	15,682	3126	24.90
15	सरकण्डी	8314	10,032	1718	20.66

उपरोक्त सारिणी नं0 2.5 के निरीक्षण से ज्ञात होता है कि सर्वेक्षित गाँवों में सर्वाधिक जनसंख्या का विचरण अयाह 3707 (85.64 %) है जबकि मध्यम स्तर उदयराजपुर 140(41.17%) विचरण वृद्धि हुई जब कि निम्न स्तर पर लमहेटा 421(16.18%) विचरण प्रतिशत रहा चित्र नं0 2.2 अ–ब से स्पष्ट होता है।

2.2– **आयु संरचना –** जन्म और मृत्यु की दरें जनसंख्या की आर्थिक एिवं व्यावसायिक संरचना और समुदाय की कुछ सामाजिक गतिविधियों पर आयु संरचना का प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। इसलिए आयु वर्ग मानव संसाधन के अध्ययनों का पहलू बना जाता है प्राकृतिक प्रभाव मात्र तथा प्राकृतिक वृद्धिदर के अन्तर को जनसंख्या की आयु संरचना कहते हैं। इस प्रकार जनसंख्या में आयु वर्ग द्वारा ही किसी भी क्षेत्र के लिए किशोर, युवा, प्रौढ़ तथा वृद्धों के वास्तविक अध्ययन करते हैं। ये समूह अनुपात मुख्यतः जन्मदर –मृत्युदर और स्थानान्तरण से प्रमाणित होता है (चित्र नं0 2..1 अ) जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र विशेष की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिस्थितियाँ भी प्रभावित होती है।

फतेहपुर तहसील चूँकि गंगा–यमुना नदियों के मध्यवर्ती भाग में स्थित हैं। जिससे यहाँ पर सभी वर्ग के लोगों की आयु में धीमी गति से परिवर्तन होता रहता है। और इस परितर्वन की संख्यात्यमक वृद्धि ह्रास स्थानान्तरण के कारण होती है।

1991 की जनसंख्या में विभिन्न आयु वर्ग का प्रतिशत क्रमशः 0–14 वर्ष (43.39%), 15–34 वर्ष (34.6%), 35–59 वर्ष में (15.7%) 60 वर्ष से अधिक वर्ष वाले व्यक्तियों की संख्या 5.7% था, 0–14 आयु वर्ग में 54.9%बालक, 45.1% बालिकाएं है। 15–34 आयु वर्ग के अन्तर्गत 34.4%पुरुष, 39.7% स्त्रियों का था, जबकि 35–59 आयु वर्ग में 16.2%पुरुष, 15.7% स्त्रियाँ थी। 60 तथा इससे अधिक आयु वग्र के अन्तर्गत 6%पुरुष एवं 5.6%स्त्रियाँ थी। 1991 की जनसंख्या में यह स्थिति विभिन्न सामाजिक, आर्थिक राजनैतिक तथा सांस्कृतिक एवं अन्य कारणों से प्रभावित है। आयु संरचना को निम्नांकित शीर्षकों के द्वारा अध्ययन किया गया है।

सारिणी नं0 2.6

तहसील फतेहपुर– आयु संरचना प्रतिशत में

आयु वर्ग	तेलियानी	भिटौरा	ळस्वा	बहुआ	टसोथर	तहसील क्षेत्र
0–14						
पुरुष	18.55	21.05	24.32	26.52	22.7	22.88
स्त्री	22.13	22.06	20.45	24.88	20.23	21.88 — 44
15–34						
पुरुष	11.83	10.5	10.59	10.4	10.6	10.92
स्त्री	9.1	8.3	11.20	8.7	10.1	9.52 — 20
35–59						
पुरुष	17.0	17.22	14.00	12.7	17.19	15.64
स्त्री	13.2	15.27	13.20	10.7	13.38	13.25 — 28
60 से अधिक						
पुरुष	5.23	3.2	3.91	3.3	3.1	3.68
स्त्री	2.52	2.0	2.19	2.4	2.7	2.34 — 20
योग	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00 — 100.00

स्रोत–सांख्यकीय पत्रिका 2001 फतेहपुर

तहसील
अ
तहसील फतेहपुर विकास खण्डवार
जनसंख्या की आयु संरचना 1991
पुरुष %
स्त्री
किо मीо
भिटौरा
तेलियानी
फतेहपुर(न॰)
बहुआ
बहुआ(न॰)
हस्वा
असोथर
पुरुष
स्त्री

चित्र संख्या 2.3

सारिणी नं0 3.7

तहसील फतेहपुर–आयु संरचना का विवरण 1991

आयु वर्ग	विवरण	असोथर	ळसवा	भिटौरा	ब्हुआ	तेलियानी	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
0–14	कुल	47064	53743	53664	52188	35257	241516
	प्रतिशत	42.93	44.81	43.11	51.80	41.12	44.76
	पुरुष	24886	29169	26204	27120	16282	123661
	प्रतिशत	42.36	45.96	40.19	50.49	35.80	43.15
	स्त्री	22178	245574	27460	25068	18975	118255
	प्रतिशत	43.55	43.52	46.31	53.29	47.13	46.57
15–35	कुल	22693	26132	23900	19241	17947	109915
	प्रतिशत	20.70	21.79	19.20	19.10	20.93	20.33
	पुरुष	11621	127901	13559	10476	10144	58512
	प्रतिशत	19.78	20.01	20.51	19.50	22.30	20.41
	स्त्री	11072	13431	10331	8765	7803	51403
	प्रतिशत	21.76	23.79	17.43	18.64	19.38	20.24
35–59	कुल	33513	32742	40445	23575	25894	156170
	प्रतिशत	30.57	27.30	32.449	23.40	30.20	18.89
	पुरुष	18845	16512	21437	12792	14576	84563
	प्रतिशत	32.08	26.65	32.88	23.82	32.05	29.50
	स्त्री	14668	15830	19008	10783	11318	71607
	प्रतिशत	28.83	28.04	32.06	22.93	28.12	28.21

स्रोत – सांख्यकीय पत्रिका 2001 फतेहपुर

1	2	3	4	5	6	7	8
60 से अधिक	कुल	6357	7315	6472	5744	6645	32533
	प्रतिशत	5.80	6.10	5.20	5.70	5.75	6.02
	पुरुष	3398	4689	3984	3325	4483	19879
	प्रतिशत	5.78	7.39	6.12	6.19	9.85	6.94
	स्त्री	2559	2626	2488	2419	2162	12653
	प्रतिशत	5.82	4.65	4.20	5.14	5.37	4.98
कुल योग	कुल	109628	119933	124481	100748	85744	
	प्रतिशत	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	
	पुरुष	58750	63471	65194	53713	45485	
	प्रतिशत	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	
	स्त्री	50877	56462	59287	47035	40259	
	प्रतिशत	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	

नोट– कुल पुरूषों का एवं कुल स्त्रियों से स्त्रियों का एवं कुल का कुल से प्रतिशत निकाला गया हैं। संख्या का विवरण हजार में दर्शाया गया है–

2.2.1– 0–14 आयु वर्ग– तहसील के इस आयु वर्ग के अन्तर्गत अध्ययन क्षेत्र की 241516 व्यक्ति (44.16 प्रति.) जनसंख्या है। इस वर्ग के 123661 (22.88 प्रति) और स्त्रियां 118255 (21.88 प्रति.) जबकि अध्ययन क्षेत्र की कुल पुरूषों से पुरूषों एवं कुल स्त्रियों से स्त्रियों का प्रतिशत कमशः 43.15 प्रति. एवं 46.57 प्रति. है विकास खण्ड स्तर पर सर्वाधि हसवा 53743 व्यक्ति है जिसमें 29169 व्यक्ति 45.96

प्रतिशत पुरूष एवं 24774 व्यक्ति 43.62 प्रति. है। स्त्रियां जिसमें सबसे कम तेलियानी 35257 व्यक्ति 41.12 प्रति. है। जिसमें 16282 व्यक्ति 35.80 प्रतिशत पुरूष एवं 18975 (47.15 प्रति) स्त्रियां है जो कि कुल पुरूषों से तथा कुल स्त्रियों से प्रतिशात है। विकास खण्ड स्तर पर इस आयुवर्ग में बालकों का संख्यात्मक रूप असोथर 22.7 प्रति., बहुआ 26.92 प्रति. तथा हसवा में 24.32 प्रति. अधिक है तथा बालिकाओं का प्रतिशात तेलियानी में 2237 प्रति. एवं भिटौरा में 22.06 प्रति. अधिक है चित्र नं0 2. 3अ से स्पष्ट होता है।

सर्वेक्षित 15 गांवों के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि इस आयु वर्ग के अन्तर्गत उच्चतम घघौरा तथा न्यूनतम प्रतिशत सांखा गांव में है चित्र नं0 2.3 स से स्पष्ट होता है।

2.2.2 **15–35 आयु वर्ग–** अध्ययन क्षेत्र में 109915 (20.33 प्रति.) व्यक्ति इस आयु वर्ग में है जिसमें 58512 (10.82 प्रति.) पुरूष एवं 51403 (9.51 प्रति) स्त्रियां है। जबकि इस आयु वर्ग में कुल पुरूषों 20.41 प्रति. पुरूष तथा कुल स्त्रियों में 20.23 प्रति. स्त्रियां है विकास खण्ड स्तर पर सर्वाधिक 26132 व्यक्ति इस आयु वर्ग के अन्तर्गत है जिसमें 12701 (10.59 प्रति.) पुरूष एवं 13431 (11.20 प्रति.) स्त्रियां है। जबकि कुल पुरूषों में 20.01 प्रति. पुरूष एवं कुल स्त्रियों में 23.79 प्रति. स्त्रियां हैं। जिसमें 10144 (11.83 प्रति.) पुरूष एवं 7803 9.1 प्रतिशत स्त्रियां है। जबकि पुरूषों में 20.93 प्रति. पुरूष एवं कुल स्त्रियों में 22.30 प्रति. स्त्रियां हैं। विकास खण्ड हसवा में पुरूषों की अपेक्षा स्त्रियों की संख्या अधिक है अन्य विकास खण्डों में स्त्रियों की अपेक्षा पुरूषों की संख्या अधिक है चित्र 2.3 ब से स्पष्ट है।

सर्वेक्षित गांवों में इस आयुवर्ग के अन्तर्गत सबसे अधिक व्यक्तियों का प्रतिशत उदयराजपुर तथा सबसे कम टीकर गांवों में है इसका प्राकृतिक कारण यह है कि वह उम्र परिश्रम और शारीरिक विकास की है।

2.2.3 **35–59 आयु वर्ग–** तहसील के तीसरे (प्रोढ़) आयुवर्ग के अन्तर्गत 156170 व्यक्ति 2885 प्रति. जनसंख्या है जिसमें 84563 15.64 प्रति. पुरूष एवं 71607 (13.25

प्रति.) है जबकि कुल पुरुषों 29.50 प्रतिशत पुरुष एवं कुल स्त्रियों में 28.21 प्रतिशत स्त्रियाँ इस आयु वर्ग के अन्तर्गत है। विकास खण्ड स्तर पर इस आयु वर्ग में सर्वाधिक भिटौरा 40445 व्यक्ति है जिसमें 21437 (17.22प्रतिशत) पुरुष तथा 17008 (15.277प्रतिशत) स्त्रियाँ हैं जबकि कुल पुरुषों में 32.88 प्रतिशत पुरुष एवं कुल स्त्रियों में 32.06 प्रति. स्त्रियाँय इस आयु वर्ग में है। विकास खण्ड बहुआ में 23575 व्यक्ति है जिसमें 12752 (12.7प्रतिशत) पुरुष एवं 10783 (10.7प्रतिशत) स्त्रियों में 22.53 प्रति. स्त्रियां इस आयु वर्ग में है। सारिणी नं0 2.8 तथा चित्र नं0 2.3, इस आयु वर्ग में पारिवारिक वृद्धि के साथ–साथ जिम्मेदारियाँ बढ़ जाती है। सामाजिक, आर्थिक क्षेत्र (स्तर)में दुर्बलता आ जाती है।

2.2.4 **60 तथा अधिक आयु वर्ग** – तहसील में इस आयु वर्ग के अन्तर्गत 32533 व्यक्ति(6.02प्रतिशत) जनसंख्या है जिसमें 19879 (3.68प्रतिशत) पुरुष एवं 12653 (2. 34प्रतिशत) स्त्रियों है जबकि कुल पुरुषों में 6.94 प्रति. पुरुष एवं कुल स्त्रियों में 4. 58 प्रति. स्त्रियाँ हैं।

विकास खण्ड स्तर पर सर्वाधिक जनसंख्या इस आयु वर्ग के अन्तर्गत हस्वा 7515 व्यक्ति हे। जिसमें 4685 (3.91प्रतिशत) पुरुष तथा 2626 (2.19 प्रति.) स्त्रियाँ हैं जबकि कुल पुरुषों में 7.39 प्रतिशत पुरुष एवं कुल स्त्रियों में (4.65 प्रति.) स्त्रियां है सबसे कम जनसंख्या इस आयु वर्ग के अन्तर्गत बहुआ 5744 व्यक्ति जिसमें 3525 (3.3 प्रति.) एवं 2419 (2.4 प्रति.) स्त्रियां हे जबकि कुल पुरुषों में 6.19 प्रतिशत पुरुष एवं कुल स्त्रियों में 5.14 प्रतिशत स्त्रियाँ हैं चित्र नं0 2.3 अ–ब से स्पष्ट होता है।

सर्वेक्षित गाँवों के इस आयु वर्ग के अन्तर्गत सबसे अधिक व्यक्तियों का प्रतिशत अयाह तथा सबसे कम प्रतिशत मवई इस आयु वर्ग के अन्तर्गत है।

2.2.5 **निर्भरता सूचकांक** – निर्भरता सूचकांक या आश्रित अनुपात जनसंख्या के अध्ययन में विशेष महत्व रखता है। इससे जनसंख्या की कुशलता या क्षमता का ह्रास होता है । निर्भरता सूचकांक अनुपात विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक , आर्थिक , राजनैतिक ओर परम्परागत कारकों के सन्दर्भ में निकाली जाती है।

अध्ययन क्षेत्र का आश्रित अनुपात (निर्भरता सूचकांक) को जानने के लिए निम्न आंकलन को आधार माना गया है।

$$\text{नि0सू0} = \frac{\text{अ+ब}}{\text{स+द}} \times \text{य}$$

जिसमें –

अ = 0–14 आयु वर्ग की जनसंख्या

ब = 60 से अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या

स = 15–35 आयु वर्ग की जनसंख्या

द = 35–59 आयु वर्ग की जनसंख्या

य = 1000 स्थिरांक

उपर्युक्त सूत्र को आधार मानकर शोध केन्द्र का निर्भरता सूचकांक विकास खण्ड स्तर पर निकाला गया है ।

सारिणी नं0 2.8

तहसील फतेहपुर : निर्भरता सूचकांक

कमांक	विकास खण्ड का नाम	निर्भरता सूचकांक
1.	असोथर	792.23
2.	बहुआ	1352.94
3.	तेलियानी	978.31
4.	हस्वा	961.29
5.	भिटौरा	911.20
फतेहपुर तहसील योग		1054.82

सारिणी नं0 2.8 के आधार पर अध्ययन से स्पष्ट होता है कि फतेहपुर तहसील का औसत निर्भरता सूचकांक 1054.82 है जबकि विकास खण्ड स्तर पर

असोथर 792.23, बहुआ 1352.94, तेलियानी 978.31, हस्वा 961.29 तथा भिटौरा 911.20 निर्भरता सूचकांक है। (चित्र नं0 2.3 स से स्पष्ट है)

सारिणी नं0 2.9

सर्वेक्षित गाँवों का निर्भरता सूचकांक (आयु संरचना 2001)

क0 सं0	गाँव का नाम	न्याय पंचायत का नाम	अ+ब	स+द	य	निर्भरता सूचकांक
01.	उदयराजपुर	मोहनखेड़ा	198	282	1000	702
02.	मुस्तफापुर	कुसुम्भी	288	392	1000	735
03.	खरगपुर	चित्तिसापुर	409	769	1000	532
04.	सलेमाबाद	सनगाँव	418	573	1000	729
05.	पैनाखुर्द	गाजीपुर	720	714	1000	1008
06.	घघौरा	दतौली	589	735	1000	801
07.	रारा	ढकौली	1474	1638	1000	902
08.	लमेहटा	गम्हरी	1402	1621	1000	865
09.	टीकर	बहरामपुर	1869	2097	1000	891
10.	तारापुर भिटौरा	भिटौरा	2842	3107	1000	917
11.	मवई	हसनपुर	1936	2097	1000	923
12.	साँखा	साँखा	3334	3638	1000	916
13.	अयाह	अयाह	3793	4049	1000	936
14.	ललौली	ललौली	7785	7900	1000	985
15.	सरकण्डी	जरौली	4356	5676	1000	767

सारिणी नं0 2.9 के अध्ययन से स्पष्ट है कि सर्वेक्षित गाँवों में निर्भरता सूचकांक सर्वाधिक पैनाखुर्द में 1008 है तथा सबसे कम निर्भरता सूचकांक खरगपुर में 532 है

2.3 स्त्री–पुरुष अनुपात – किसी भी देश की जनसंख्या में स्त्री–पुरुष का अनुपात वहाँ की आर्थिक व्यवस्था एवं सामाजिक संरचना का प्रमुख स्रोत होता है12 । सन्तानों की जन्मदर स्त्री–पुरुष की जन्मदर में अन्तर एवं आवास –प्रवास की प्रवृत्ति आदि लैंगिक अनुपात को जन्म देता है। भारत देश में 1901 में प्रति 1000 पुरुषों के पीछे 972 स्त्रियाँ थी जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 974, नगरीय क्षेत्र में 896 स्त्रियाँ थीं। 1931 में यह संख्या घटकर 952 स्त्रियाँ 1971 में यह संख्या 932 रह गयी। तथा 1981 में यह अनुपात 934 हो गया और 1991 में यह अनुपात 882 हो गया। 2001 में घटकर यह 878 हो गया।

सारिणी नं0 2.10

तहसील फतेहपुर– प्रति हजार पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या

दशक वर्ष	ग्रामीण क्षेत्र	नगरीय क्षेत्र	कुल स्त्रियाँ
1901	921	889	923
1911	918	886	921
1921	911	860	910
1931	908	854	906
1941	944	987	941
1951	917	869	915
1961	906	865	861
1971	913	872	875
1981	922	884	896
1991	918	878	882
2001	916	873	878

(ब) तहसील फतेहपुर– लैंगिक अनुपात
1991 (प्रति 1000 पुरूषों पर स्त्रियां)

(स) सर्वेक्षित गाँव में लैंगिक अनुपात
1991 (प्रति 1000 पुरूषों में)

चित्र संख्या – 2.5

फतेहपुर तहसील में 1901 में प्रति हजार पुरुषों के पीछे 923 स्त्रियाँ थीं जिसमें 921 स्त्रियाँ ग्रामीण एवं 889 स्त्रियाँ, नगरीय क्षेत्र में थी, 1931 में यह संख्या घटकर 906 रह गयी। जिसमें 908 ग्रामीण तथा 854 स्त्रियाँ नगर में थी। महिलाओं की संख्या में उत्तरोत्तर कमी लड़कियों के पालन-पोषण में उपेक्षित अवरुद्ध करती है यही कारण है कि मृत्युदर में वृद्धि हुई जिससे यह संख्या 1961 में ह्रास होकर 861 स्त्रियाँ रह गयी जिसमें ग्रामीण 906 एवं नगरीय 865 स्त्रियाँ थी जब कि 1981 में यह संख्या 896 स्त्रियाँ थी जिसमें 922 ग्रामीण क्षेत्र में एवं 884 नगरीय क्षेत्र में है 1991-2001 में कमशः ग्रामीण क्षेत्र में 918,916 तथा नगरीय क्षेत्र में 884,878 लिंगानुपात रहा। सारिणी नं0 2..10 से स्पष्ट होता है।

प्रो0 विसारिया ने इस असन्तुलन के लिए जिन तथ्यों को जिम्मेदार ठहराया है उनमें प्रमुख है। प्रवास, जन्म के समय ही लिंगानुपात स्त्रियों का जम्नदर एवं मृत्युदर मे अन्तर होना है [13]।

डा0 ज्ञानचन्द्र ने इस बात पर खेद प्रकट किया कि इतनी महत्वपूर्ण समस्या के प्रति न केवल जनांकिकी, वेत्ता, समाजशास्त्री एवं जीवनशास्त्री भी अनभिज्ञ है। वास्तव में इस समस्या को गम्भीरता से नहीं लिया गया। शहरों में इसका अनुपात अधिक विषमत होने से सामाजिक समस्याओं ने विकट रूप धारण किया है।

प्रो0 एस0एन0 अग्रवाल की धारणा है कि भारत में मातृत्व एवं लड़कियों की शैशवकालीन मृत्युदर ऊँची होने के कारण स्त्रियों की संख्या कम है। स्त्रियों की संख्या में दूसरा महत्वपूर्ण कारण यह है कि वर्तमान सयम में भारत जनांकिकी दृष्टि से औद्योगिक युग की पूर्ण विशेषताओं की वृद्धि नहीं कर पाया।

1991 की जनगणना के अनुसार तहसील फतेहपुर में 347567 (53.30 %) पुरुष और 303520 (46.62%) स्त्रियाँ है, परन्तु न्याय पंचायत स्तर पर सबसे अधिक पुरुषों का प्रतिशत बराबर 57.88 % , मुत्तौर, 56.44 % , देवगाँव 54.64 % सरवंल 54.42 %, देवकी लक्ष्मनपुर 64.17 %, कांधी 54.14 % है । जबकि स्त्रियों में सबसे अधिक प्रतिशत सातों जोगा 49.85 % , न्याय पंचायत पर

है तथा सबसे कम पुरुष तालिबपुर 51.28% एवं सबसे कम स्त्रियां 42.12% न्याय पंचायतों में है ।

2.3.1 स्त्री – पुरुष (लैंगिक अनुपात) – लैगिक अनुपात की विषमता स्वास्थ्य नाना प्रकार की सामाजिक समस्याएं उत्पन्न हो जाती है इन समस्याओं के निदान पर ही समाज का समुचित विकास सम्भव होता है। अध्ययन क्षेत्र का लैगिक अनुपात 1991 की जनसंख्या के आधार पर आंकलित किया गया है।

$$ल = \frac{क}{ख} \times ग$$

जिसमें – ल = लैंगिक अनुपात

क= स्त्रियों की संख्या

ख= पुरुषों की कुल संख्या

ग = स्थिरांक (1000)

सारिणी नं0 2.11

तहसील फतेहपुर – लैंगिक अनुपात (1991)

लैंगिक अनुपात	कोटि श्रेणी	संख्या	न्याय पंचायत नाम
897 से अधिक	उच्च	18	रावतपुर, खानपुर, तेलियानी, तारापुर, तालिबपुर, जमुरांवा, लोहारी, हसनपुर, मथैइयापुर, चिन्तिसापुर, फरसी, मो0बुजुर्ग, हस्वा, बहरामपुर, नरैनी, बहुआ।
869–897	मध्यम	21	मोहनखेड़ा, कोराई, अलावलपुर, सनगांव, हुसेनगंज, बेरागढ़ीवा, मकनपुर, दन्तौली, सनगांव, खुमारीपुर, ख्वाजीपुर, सेनरैया, थरियांव, सातोजोगां
864 से कम	न्यून	16	कांधी, देवरीलक्ष्मनपुर, बरारी, बहुआ, बड़नपुर, मुरांव, बनरसी, शिवगोबिन्दपुर, तेलियानी, अयाह, महना, गम्हरी, कोर्राकनक, मुत्तौर, ढ़कौली, देवलान, सरवल आदिं

तहसील फतेहपुर– पुरूष–स्त्री अनुपात

तहसील

संकेतक स्त्री संरचना

> 48

45-48

< 45

15000

10000

5000

संकेतक

पुरूष

स्त्री

0 1 2 3

कि0मी0

चित्र संख्या 2.4(अ)

सारिणी नं0 2..12 के अनुसार 1991 की जनगणना के आधार पर 1000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या अर्थात नर – नारी अनुपात को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है प्रथम श्रेणी के अन्तर्गत 18 न्याय पंचायतें आती है। इस वर्ग में उच्चतत अनुपात तालिबपुर में 950 है और न्यूनतम गाजीपुर में 874 हैं। न्यूनतम कोटिमान 869 लैगिक अनुपात के अन्तर्गत 16 न्याय पंचायतें सम्मिलित हैं। जिसमें बरारी 828 मुरांव 864 शेष न्याय पंचायतों का विस्तृत आंकिक विवरण परिशिष्ट नं09 में दिया गया है चित्र नं0 2.4 ब से स्पष्ट होता है।

सारिणी नं0 2.12

सर्वेक्षित गांवों में नर – नारी अनुपात 2001

कमांक	गांव का नाम	लिंगानुपात
01	उदयराजपुर	786
02	मुस्तफापुर	866
03	खरगपुर	909
04	सलेमाबाद	810
05	पैनाखुर्द	830
06	घघौरा	902
07	रारा	933
08	लमेहटा	812
09	टीकर	925
10	तारापुर भिटौरा	832
11	मवई	842
12	सांखा	830
13	अयाह	906
14	ललौली	948
15	सरकण्डी	846

सारिणी नं0 2.12 के आंकिक विवरण से पता चलता है कि सर्वेक्षित गाँवों में 1000 पुरुषों के पीछे सर्वाधिक महिलाओं की संख्या ललौली 948 है जो उच्चकोटि मान पद है जब कि मध्यम स्तर पर मुस्तफापुर 866 है तथा न्यूनतम कोटि मान पर उदयराजपुर 786 है। चित्र नं0 2.4 स से स्पष्ट होता है। जिसका प्रमुख कारण महिलाओं के प्रति उपेक्षित भाव एवं दहेज प्रथा, अशिक्षा आदि प्रमुख कारण है।

2.4— **जनसंख्या की ग्राम्य नगरीय संख्या** — जनसंख्या के अध्ययन में ग्रामीण एवं नगरीय पक्ष सिक्के के दो पहलुओं के समान है और जब तक जनसंख्या के इन दोनों पहलुओं का अध्ययन स्वतन्त्र रूप से नहीं किया जाता है तब तक जनंसख्या वितरण का अध्ययन पूर्ण नहीं हो सकता । भारत के अन्य जनपदों की भांति फतेहपुर जनपद एवं फतेहपुर तहसील में शहरीकरण बढ़ रहा है। तथा जनसंख्या निरन्तर गाँव से शहर की ओर प्रवास कर रही है शहरों की जनसंख्या के केन्द्रीयकरण होने से सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक समस्याएं दिनोंदिन बढती जा रही है। फतेहपुर जनपद मे शहरी जनसंख्या की वृद्धि दर अधिक है। गतदशकों में ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या में वृद्धि निम्नवत है— **सारिणी नं0 2.13**

तहसील फतेहपुर— ग्रामीण नगरीय जनसंख्या वृद्धि दर 1901—1991

दशक वर्ष	ग्रामीण जनसंख्या	वृद्धि प्रतिशत में	नगरीय जनसंख्या	वृद्धि प्रतिशत में
1901	217392	——	21986	——
1911	214679	−1.27	31881	−31.03
1921	198314	8.25	33452	−4.69
1931	207657	4.49	35698	+6.29
1941	245373	15.37	39352	+9.28
1951	265446	7.56	44869	+12.30
1961	316635	16.17	49582	+9.51
1971	450413	17.9	54665	+9.30
1981	540534	18.60	89623	+39.00
1991	651087	20.30	98543	+32.40
2001	762164	14.57	106321	+7.32

सारिणी नं0 2.13 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में 1901 एवं 2001 की जनगणना के अनुसार कमशः 219392, 214679 व्यक्ति (जनसंख्या) ग्राम में है। जिसमें –1.27 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि हुई। 1931 तक वृद्धि दर में ह्रास हुआ। दशक वर्ष 1941 में 245373 (15.37 %) ग्रम जनसंख्या में वृद्धि हुई। 1961–01 दशक वर्षों में ग्राम्य जनसंख्या में क्रमशः 316633 (16.17%) 450413 (17.9%) 540534 (18.6%) 651087 20.30% तथा 762164, 14.57 % जनसंख्या में वृद्धि हुई। विकास खण्ड स्तर पर तेलियानी 85774 व्यक्ति भिटौरा 124481 व्यक्ति हसवां 119933 व्यक्ति बहुआ 100748 व्यक्ति तथा असोथर में 119933 व्यक्ति ग्राम जनसख्या के अन्तर्गत है।

प्रो, हाउसे लिटज ने लिखा है भारत न केवल ग्रामीण एवं शहरी अंचल में भी जनसख्या का एक बड़ा भाग ऐसे व्यक्तियों द्वारा बसा है जो संस्कार व्यवहार एवं माननीय मल्यों की दृष्टि से ग्रामीण है कुछ तो अभी – अभी गांव छोड़कर आये है तथा कुछ अन्य समय से यहां रहने लगे हैं एव उसका जन्म भी यहीं हुआ हैं।

सारिणी नं0 2.14
तहसील फतेहपुर–गांवों का आकार

विकास खण्ड	200 से कम	200–500	500–1000	1000–2000	2000–5000	5000 से अधिक
1	2	3	4	5	6	7
तेलियानी						
गाँवों की संख्या	25	30	40	15	8	
प्रतिशत	21.19	25.42	33.90	12.71	6.78	
जनसंख्या	1077	10405	28635	21612	24015	
प्रतिशत	1.26	12.13	33.40	25.21	28.00	
भिटौरा						
गाँवों की संख्या	31	51	42	25	12	1
प्रतिशत	19.14	31.48	25.93	15.43	7.42	
जनसंख्या	1785	17454	28924	35941	32250	2127
प्रतिशत	1.43	4:02	23.24	28.87	25.91	603

1	2	3	4	5	6	7
हस्वा						
गाँवों की संख्या	21	14	23	26	12	4
प्रतिशत	21.00	14.00	23.00	26.00	12.00	4.00
जनसंख्या	882	4852	17068	35841	3564	24683
प्रतिशत	0.14	10.28	14.23	29.88	30.41	20.58
बहुआ						
गाँवों की संख्या	19	25	30	14	11	02
प्रतिशत	18.81	24.76	29.70	13.86	10.89	1.98
जनसंख्या	547	8278	22689	19801	34822	14611
प्रतिशत	0.54	8.22	22.53	19.65	34.56	14.50
असोथर						
गाँवों की संख्या	19	25	30	14	11	02
प्रतिशत	18.81	24.76	29.70	13.86	10.89	+1.98
जनसंख्या	547	8278	22689	19801	34822	14611
प्रतिशत	0.54	8.22	22.53	19.65	34.56	14.50
योग						
गाँवों की संख्या	98	125	151	98	55	11
प्रतिशत	18.22	23.23	28.07	18.22	22.22	2.04
जनसंख्या	4385	43008	109490	138008	160400	85243
प्रतिशत	0.81	7.95	20.26	25.53	29.68	15.77

स्रोत – सांख्यिकीय पत्रिका 2001 फतेहपुर

2.4.1– ग्रामीण जनसंख्या– फतेहपुर तहसील एक कृषि प्रधान तहसील है यहाँ पर जनसंख्या का अधिकांश भाग ग्रामीण है उपयुक्त तालिका नं0 2.14 के अध्ययन से स्पष्ट होता हे कि अध्ययन क्षेत्र में 200 से कम जनसंख्या वाले गांवों की संख्या 98

(18.22%) है जिनके अन्तर्गत 4385 व्यक्ति (0.81%) निवास करते हैं। 200–500 जनसंख्या के मध्यम 125 (23.23%) गांव है। जिनमें 43008 (7.95%) व्यक्ति बसे हैं जब कि 500–1000 , 1000–2000, 2000–5000 जनसंख्या के मध्य क्रमशः 151 (28.07%) , 98 (18.22%), 55(10.22%) , गांव हैं जिनके अन्तर्गत क्रमशः 109490 (20.26%) , 138008 (25.53%) , 160400 (29.68%) व्यक्ति निवास करते हैं 5000 से अधिक जनसंख्या वाले गांव 11 (2.04%) है जिसमें 85243 (15.77%) व्यक्ति रहते हैं।

विकास खण्ड स्तर पर 200 से कम जनसंख्या वाले गांव सर्वाधिक भिटौरा है 31 (19.14%) है। जिसमें 1785 (1.46%) व्यक्ति रहते हैं इस कोटि में सबसे कम दो गांव (3.51%) असोथर विकास खण्ड में है। जिनके अन्तर्गत 94 (0.09%) व्यक्ति निवास करती है 5000 से अधिक जनसंख्या के अन्तर्गत सर्वाधिक गांव असोथर विकास खण्ड 4 (7.02%) जिसके अन्तर्गत 37819 (34.50%) व्यक्ति रहते है । न्याय पंचायत स्तर पर सबसे अधिक गांवों की जनसंख्या कोराई , जगतपुर, में 17 गांव 9243 व्यक्ति तथा सबसे कम गांव बड़नपुर में 4 गांव 5056 व्यक्ति निवास करते हैं।

2.4.2– **नगरीय जनसंख्या** – अध्ययन क्षेत्र में दो ही (फतेहपुर तथा बहुआ) नगरीय क्षेत्र है जिसमें कुल नगरीय जनसंख्या 89623 व्यक्ति निवास करते है। नगरीय क्षेत्रों में 1901–1991 दशकों में (54.68%) जनसंख्या वृद्धि हुई । अध्ययन क्षेत्र में 1901–1911 (दशक वर्ष) नगरीय जनसंख्या में (31.03%) वृद्धि हुई। जबकि 1921 में 33452 जनसंख्या थी। 1931 में बढ़कर 35658 व्यक्ति हो गयी । 1941–51 वर्षों में 5517 व्यक्तियों की अतिरिक्त वृद्धि हुई। नगरीय जनसंख्या सबसे अधिक वृद्धि 1971–81 के मध्य हुई। 1971 में 54665 व्यक्ति नगरीय थे जबकि 1981 में बढ़कर 89623 व्यक्ति हो गयी जिसमें 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जबकि 1991 में 98543 व्यक्ति+32.40% नगरीय जनसंख्या की वृद्धि रही । तथा 2001 में 106321 व्यक्ति +7.32 नगरीय जनसंख्या वृद्धि रही।

2.5– **जनसंख्या का स्थानिक वितरण** – किसी भी क्षेत्र में जनसंख्या का वितरण भौतिक, सामाजिक, आर्थिक, एवं सांस्कृतिक कारको से प्रभावित होता है। जनांकिकी के अध्ययन में जनसंख्या के वितरण एक गत्यात्मक प्रक्रिया है। जनसंख्या के

धनात्मक एवं ऋणात्मक दो पहलू के वितरण प्रारूप समयानुसार परिवर्तित होता रहता है। वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा के विकास एवं प्रचार-प्रसार से प्रभावित प्राकृतिक तत्वों के परिणामस्परूप सामाजिक चिन्तन एवं नियंत्रण की प्रकियाएं विस्तृत एवं गहन होती जा रही है। इस प्रकार किसी भी क्षेत्र की आर्थिक प्रगति में उत्पादक तत्वों तथा सामाजिक किया कलापों का विशेष योगदान होता है और एक भूगोल वेत्ता इनको समझकर भावी प्रगति के मार्ग का प्रस्तुतीकरण करता है।

अध्ययन क्षेत्र में जनसंख्या का स्थानिक वितरण निरन्तर परिवर्तनशील प्रकिया रही है। सामान्यतः इस सदी में तहसील का मध्यवर्ती भाग अपरदित ऊसर युक्त भूमि की अधिकता वाली न्याय पंचायतें कम बसाव वाली है। राज्य सरकार द्वारा किये गये परिवहन, कृषि, औद्योगिक एवं व्यापारिक विकास के फलस्वरूप जनसंख्या का स्थानिक स्वरूप बदल गया है।

यद्यपि अध्ययन क्षेत्र का 2/3 भाग समतल है, परन्तु कहीं-कहीं क्षेत्रीय असमानताएं परिलक्षित होती है। जिसके परिणामस्वरूप राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक दशाएं भी असमान है जनसंख्या के विकास एवं वितरण में प्राकृतिक पर्यावरण (भू-विन्यास , जलवायु तथा मिट्‌टी) एवं सांस्कृतिक पर्यावरण, यातायात एवं संचार विकास का स्तर एवं दशाओं का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। जनसंख्या के वितरण पर जलवायु का प्रभाव केवल प्रत्यक्ष ही नहीं वरन् मिट्‌टी , वनस्पति तथा कृषि कला के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से भी पड़ता है।

क्षेत्रीय जनसंख्या के वितरण में खनिजों और शक्ति संसाधनों का भी महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। जलवायु एवं संरचना भी क्षेत्रीय जनसंख्या के असमान वितरण के उत्तरदायी है, क्योकि यहाँ पर अधिक उपजाऊ मिट्‌टियों का क्षेत्र अल्प है। साथ ही साथ अधिकांश मिट्‌टियाँ अल्प उपज वाली है।

अध्ययन क्षेत्र की धरातलीय बनावट जनसंख्या के वितरण को अधिक प्रभावित करती है, क्योंकि जनसंख्या के वितरण केन्द्रीयकरण में समतल भू-भागों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। फतेहपुर तहसील गंगा-यमुना दोआबा के मध्य फेला है। अतः यहाँ पर निक्षेपित मिट्‌टियाँ पायी जाती हैं। जैसा कि क्षेत्र तथा जनसंख्या के तुलनात्मक स्तर पर आधारित मानचित्र से विदित होता है कि अध्ययन क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तर

सबसे अधिक जनसंख्या कोण्डर 21516 व्यक्ति जनसंख्या तथा क्षेत्रफल देवरी लक्ष्मणपुर 5454 व्यक्ति 27.69 वर्ग किमी0 न्याय पंचायतों में सबसे कम स्तर के अन्तर्गत है। समतल धरातल कृषि योग्य भूमि की अधिकता , सिंचाई की सुविधा , संचार सुविधा तथा जनपद फतेहपुर मुख्यालय एवं बहुआ नगरीय केन्द्रों की स्थिति के कारण उपरोक्त न्याय पंचायतों में भौगोलिक क्षेत्रफल की कमी के बावजूद जनसंख्या बसाव सघन है।

2.6— **जनसंख्या बसावः—** किसी भी क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्तियों और क्षेत्रफल के पारस्परिक अनुपात से जनसंख्या के घनत्व को ज्ञात किया जाता है। क्षेत्र की उन्नति और भावी विकास की योजनाओं के निर्धारण में यह ग्राम महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि हर क्षेत्र के प्राकृतिक साधनों की एक सीमित मात्रा होती है । जिसको क्षेत्र के कितने निवासी प्रयोग करते हैं अर्थात कितने निवासी अपनी जीविका निर्वाह के लिए उन साधनों पर आधारित है।

अतः उपरोक्त तथ्य जनसंख्या के रहन—सहन के स्तरो की तथा उनके आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास की योजनाओं को सम्पादित करने के लिए उस क्षेत्र के सघनता समझना परम आवश्यक है। यह सघनता विभिन्न प्रकार के घनत्व प्रारूपों में जानी जा सकती है।

$$\text{न्याय पंचायत का गणितीय घनत्व} = \frac{\text{न्याय पंचायत की समस्त जनंसख्या}}{\text{न्याय पंचायत का समस्त भौगोलिक क्षेत्र}}$$

2.6.1— **गणितीय घनत्व** — किसी भी क्षेत्र का गणितीय घनत्व का ज्ञान वहाँ के समस्त भौगोलिक क्षेत्र तथा जनसंख्या के अनुपात से ही आंका जाता है , परन्तु इस घनत्व से वास्तविकता का गहन रूप उभर कर सामने नहीं आता है। चित्र नं0 2.5 ब से पता चलता है कि समस्त अध्ययन क्षेत्र का गणितीय घनत्व 1901 में 105 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0 था जो प्राकृतिक प्रकोप के प्रभाव के कारण 1911 से 1921 में 128 से 125 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0 हो गया परन्तु क्षेत्रीय जनसंख्या को कुछ सुविधाओं की प्रगति के कारण तहसील में 1931 से 1981 तक क्रमबद्ध रुप से बढ़ता रहा। तहसील का गणितीय घनत्व 1991 में 359 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है इस जनसंख्या का वितरण

(अ)
तहसील फतेहपुर : गणितीय घनत्व(जनसंख्या)—1991
संकेत व्यक्ति/वर्ग कि0मी0
382 से अधिक
317—382
317 से कम
न. क्षे.
(ब)
तहसील फतेहपुर : पोषण घनत्व(जनसंख्या)—1991
संकेत व्यक्ति/वर्ग कि0मी0
1520 से अधिक
738—1520
738 से कम
न. क्षे.
कि0मी0
(स)
तहसील फतेहपुर :कार्यिक घनत्व(जनसंख्या) —1991
संकेत व्यक्ति/वर्ग कि0मी0
420से अधिक
340—420
340 से कम
न. क्षे.
(द)
तहसील फतेहपुर :कृषि घनत्व(जनसंख्या) —1991
संकेत व्यक्ति/वर्ग कि0मी0
108 से अधिक
94—108
94 से कम
न. क्षे.

चित्र संख्या — 2.6

सर्वत्र समान नहीं है अर्थात यहां क्षेत्रीय विवरण में भी एकरूपता का अभाव है अध्ययन क्षेत्र में न्यायपंचायत व भौगोलिक क्षेत्रफल एवं जनसंख्या के मध्य अनुपात और वितरण हेतु गणितीय घनत्व प्राप्त करने के लिए पूर्वोक्त सूत्र को आधार माना गया है।

सारिणी संख्या 2..15

तहसील फतेहपुर – गणितीय घनत्व

कोटिमान	कोटि श्रेणी	एनपी संख्या	न्याय पंचायत का नाम
382 से अधिक	उच्च	14	मोहनखेड़ा, सनगावं, जमुरांवा,हसनापुर, मथइयापुर, हुसनेगंज, फारसी, मो0बुजुर्ग, ख्वाजीपुर सेमरइया, खेसहन, बहरामपुर, शाह, अयाह।
317–382	मध्यम	23	रावतपुर, अलावलपुर, बरानी, लतीफपुर, चित्तिसापुर, बेरागढ़ीवा, चकस्करन, गाजीपुर कधिंया, मकनपुर, तालिबपुर, ढ़कौली, मुरावं, सनगांव, खुमारीपुर, थरियांव, सातोजोगा, नरैनी, बनरसी, शिव, सेमरी, चुरियानी, बडागांव कोण्डार आदि।
317 से कम	न्यून	18	कांधी , कोराई ज0, खानपुर तेलि0. देवरी लक्ष्मणपुर, तारापुर, लोहारी, बड़नपुर, कुसुम्भी, बहुआ, गम्हरी, सांखा, कोर्राकनक, मुत्तौर, दन्तौली, देवलान, सरवल असोथर महना।

सारिणी नं0 2..15 से ज्ञात होता है कि अध्ययन क्षेत्र में गणितीय धनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. क्षेत्र के अन्तर्गत 14 न्याय पंचायतों में 146869 (27.18 प्रति.) जनसंख्या निवास करती है। अध्ययन क्षेत्र में गणितीय घनत्व 382 से अधिक उच्च श्रेणी में सर्वाधिक रावतपुर (392) गाजीपुर (384) थरियांव (394) नरैनी (358) तक कोण्डर 379 प्रमुख न्याय पंचायतें है। 317–382 के मध्य 23 न्याय पंचायतें आती है जिनके अन्तर्गत 226083 व्यक्ति (42.82 प्रति.) जनसंख्या निवास करती है। तथा सबसे कम 317 निम्न के अन्तर्गत 18 न्याय पंचायतें आती है। जिनके अन्तर्गत कांधी (305) कोराई जगतपुर (295) कुसुम्भी (281), मुत्तौर (296), तथा देवलान में (238)

व्यक्ति प्रति वर्ग किमी न्याय पंचायतों का गणितीय घनत्व है। जबकि न्याय पंचायतों पर चुने हुए गांवों का गणितीय घनत्व सर्वाधिक 287 शाखा तथा सबसे कम 283 मुस्तफापुर में पाया गया है।

अध्ययन क्षे.त्र में गणितीय घनत्व उच्च श्रेणी का कारण कि फसली क्षेत्र की अधिकता सिंचाई के साधनों का विकास, उन्नतिशील खाद एवं बीजों का प्रयोग , कृषि की परम्परावादी दृष्टिकोण नगरीय केन्द्रों का ·अंभाव आदि के कारणों से कांधी, बेरागढ़ीवा, थरियाव, मुराव, बनरसी, शि० न्याय पंचायतों में गणितीय घनत्व कम है।

2.6.2— **कृषि घनत्व** — कृषि घनत्व कृषि भूमि पर जनसंख्या के भार (दबाव का सूचक है। अतः प्रस्तुत घनत्व में (कृषि घनत्व) कृषि की जाने वाली भूमि तथा उससे संलग्न मानव शक्ति का अनुपात होता है किसी भी क्षेत्र विशेष का कृषि घनत्व उस क्षेत्र विशेष के कृषि कियाकलापों की रुचि की ओर संकेत करता है अध्ययन क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तर पर कृषि घनत्व का आंकलन निम्न आधार पर किया गया है ।

$$\text{न्याय पंचायत कृषि घनत्व} = \frac{\text{न्याय पंचायत की कृषि जनसंख्या}}{\text{न्याय पंचायत का कृषि क्षेत्र}}$$

जिसमें–

न्याय पंचायत का कृषि घनत्व = न्याय पंचायत का कृषि घनत्व

न्याय पंचायत का कृषि जनसंख्या = न्याय पंचायत की समस्त कृषि कार्य में संलग्न जनसंख्या

न्याय पंचायत का कृषि क्षेत्र= न्याय पंचायत की समस्त कृषि कृत क्षेत्र भूमि

सारिणी नं0 2.16

तहसील फतेहपुर– कृषि घनत्व

कृषि घनत्व	कोटि श्रेणी	एन0पी0 संख्या	न्याय पंचायत का नाम
108 से अधिक	उच्च	26	मोहनखेड़ा, अलावलपुर, सनगाँव , तारापुर, तालिबपुर, हसनपुर, मथइयापुर, चितिसापुर, हुसेनगंज, फरसी, बेरागढ़ीवा, लतीफपुर, मो0 बुजुर्ग, हस्वा, खुमारीपुर, मुराव, ख्वाजीपुर, सेमरैया, थरियांव, बहरामपुर, खेसहन, शाह, अयाह, सांखा, कोर्राकनक, कंधिया, जरौली
94–108	मध्यम	12	रावतपुर, खानपुर, तेलियानी, जमुरावाँ, मकनपुर, ढकौली सातोंजोगा, नरैनी, समेरी, बनरसी, शि0 गाजीपुर गम्भरी, कोण्डार
94 से कम	निम्न	17	कांधी, कोराई, जगतपुर, देवरी लक्ष्मनपुर, बरारी, लोहारी, बड़नपुर, कुसुम्भी, चुरियानी, बहुआ, महना, बड़ागाँव, चकसकरन मुत्तौर, दन्तौली, देवलान, सरवल, असोथर

सारिणी नं0 2.16 के अध्ययन से स्पष्ट से होता है कि अध्ययन क्षेत्र में 1991 का कृषि घनत्व 110 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0 है। 108 से अधिक कृषि घनत्व उच्च श्रेणी के अन्तर्गत 26 न्याय पंचायतें आती है जिनकी समस्त जनसंख्या 258557 व्यक्ति है जो तहसील की समस्त जनंसख्या का 47.33 प्रतिशत है। यहाँ पर अधिक कृषि घनत्व का कारण सीमित भूमि और उसमें संलग्न जनसंख्या की अधिकता है जिसके अन्तर्गत मोहनखेड़ा (108) जमुरावाँ (115), हस्वा (111), आदि प्रमुख न्याय पंचायतें हैं। 94–108 मध्यम श्रेणी के अन्तर्गत 12 न्याय पंचायते आती है। जिसमें तहसील की 25.70 प्रतिशत जनसंख्या निर्भर है। जिसमें रावतपुर (94 व्यक्ति), गम्हरी 97 तथा कोण्डर (98) आदि न्याय पंचायतें हैं। जिसकी पुष्टि चित्र नं0 3.5 ब से होती है। इस श्रेणी की अन्तर्गत सर्वेक्षित गाँवों का कृषि घनत्व स्थानीय स्तर पर प्रभावित है। जिसमें सर्वाधिक 123 सरकण्डी तथा सबसे कम 68 मवई।

व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0 है। कृषि घनत्व की निम्न श्रेणी 94 व्यक्ति से कम प्रति वर्ग किमी0 पर 17 न्याय पंचायतें आती है जिसमें कांधी, (86), दन्तौली (61), मुत्तौर (90) आदि प्रमुख न्याय पंचायतें है। सर्वेक्षित गाँवों में इस श्रेणी के अन्तर्गत व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0 है।

2.6.3— भ्वाकृतिक (कार्मिक घनत्व) — किसी भी क्षेत्र की वास्तविक जनांकिकीय जानकारी गणितीय घनत्व की अपेक्षा भ्वाकृतिक घनंत्व से ही जानी जाती है और उस क्षेत्र के कृषि भूमि पर आधारित उनका(क्षेत्रीय निवासियों का) जीवन स्तर कैसा है? साथ ही उस क्षेत्र में कृषि भूमि के प्रति वर्ग किमी0 क्षेत्र में कितने व्यक्ति आधारित है इसकी प्रत्यक्ष रूप से जानकारी कार्मिक घनत्व से ही जानी जाती है। अतः अध्ययन क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तर पर कार्मिक घनत्व हेतु निम्न आधार को अपनाया गया है।

अ= ब / स

जिसमें—

अ= न्याय पंचायत का ग्वाकृतिक घनत्व

ब= न्याय पंचायत की समस्त जनसंख्या

स= न्याय पंचायत का कृषिकृत क्षेत्र

सारिणी नं0 2.17

तहसील फतेहपुर— भ्वाकृतिक घनत्व 1991

कोटि मान	कोटि श्रेणी	एन0पी0 संख्या	न्याय पंचायत का नाम
420 से अधिक	उच्च	21	मोहनखेड़ा,, सनगाँव, तारापुर, जमुरावाँ, हसनपुर, मथैइयापुर, हुसेनगंज, फरसी,, लतीफपुर, मो0 बुजुर्ग, ख्वाजीपुर, सेमरैया, थरियांव, बहरामपुर, नरैनी, खेसहन, शाह, गाजीपुर , कोण्डर कोर्राकनक, कंधिया, जरौली
340—420	मध्यम	16	रावतपुर, कोराईं,, जगतपुर, अलावलपुर, बरारी चित्तिसापुर, बेरागढ़ीवा, मकनपुर, हस्वा, सनंगावं, सातोंजोगा, सेमरी, बनरसी, शि0 बहुआ, चुरियानी, सांखा

जिसमें–

क = न्याय पंचायत की समस्त जनसंख्या

ख = न्याय पंचायत का समस्त खाद्य फसली क्षेत्र

ग = न्याय पंचायत का पोषण घनत्व

सारिणी नं0 2.18

तहसील फतेहपुर – पोषण घनत्व 1991

पोषण घनत्व	कोटि श्रेणी	एन0पी0 संख्या	न्याय पंचायत का नाम
1520 से अधिक	उच्च	14	मोहनखेड़ा,,, तारापुर, जमुरावाँ, हसनपुर, मथइयापुर, हुसेनगंज, फरसी,, लतीफपुर, खानपुर तेलियानी, ख्वाजीपुर, सेमरैया, रावतपुर, अलावलपुर, चित्तिसापुर, सनगाँव
738–1520	मध्यम	17	मो0बुजुर्ग, ढ़कौली, हस्वा, सनगाँव, खुमारीपुर, मुराव, थरियाँव, बहरामपुर, नरैनी, सेमरी, खेसहन, शाह, कोण्डर, कोर्राकनक, देवलान, असोथर, जरौली।
738 से कम	निम्न	24	कांधी , कोराई, जगतपुर, देवरी लक्ष्मणपुर, बरारी, तालिबपुर, लोहारी, बेरागढ़ीवा, मकनपुर, बड़नपुर, सातोजोगा, कुसम्मी, बनरसी शि0, चुरियानी, अयाह, बहुआ, महना, बड़ागांव, चकसकरन, गाजीपुर, मुत्तौर, गम्हरी, सांखा, सरवल, दन्तौली, कंधिया, आदि ।

तलिका नं0 2.18 से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में 1520 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0 से अधिक पोषण घनत्व 14 न्याय पंचायतों के अन्तर्गत 30454 व्यक्ति (5.63 प्रति.) निवास करते है जिसमें मोहनखेड़ा 1589, तारापुर, 1526, ख्वाजीपुर, सेमरैया 1576 आदि न्याय पंचायतों का पोषण घनत्व अधिक है। जबकि 738 से 1520 के मध्य 17 न्याय पंचायते आती है तथा 738 से कम न्यून श्रेणी के अन्तर्गत 24 न्याय पंचायतें हैं जिसमें कांधी (721), सातोजोगा (642), व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0 पर है जिसके अन्तर्गत 24096 (7.78 प्रति.) व्यक्ति उदरपूर्ति करते हैं।

जिसमें–

क = न्याय पंचायत की समस्त जनसंख्या

ख = न्याय पंचायत का समस्त खाद्य फसली क्षेत्र

ग = न्याय पंचायत का पोषण घनत्व

सारिणी नं0 2.18

तहसील फतेहपुर – पोषण घनत्व 1991

पोषण घनत्व	कोटि श्रेणी	एन0पी0 संख्या	न्याय पंचायत का नाम
1520 से अधिक	उच्च	14	मोहनखेड़ा, तारापुर, जमुरावाँ, हसनपुर, मथइयापुर, हुसेनगंज, फरसी,, लतीफपुर, खानपुर तेलियानी, ख्वाजीपुर सेमरैया, रावतपुर, अलावलपुर, चित्तिसापुर, सनगाँव
738–1520	मध्यम	17	मो0बुजुर्ग, ढ़कौली, हस्वा, सनगाँव, खुमारीपुर, मुराव, थरियाँव, बहरामपुर, नरैनी, सेमरी, खेसहन, शाह, कोण्डर, कोर्राकनक, देवलान, असोथर, जरौली।
738 से कम	निम्न	24	कांधी , कोराई, जगतपुर, देवरी लक्ष्मणपुर, बरारी, तालिबपुर, लोहारी, बेरागढ़ीवा, मकनपुर, बड़नपुर, सातोजोगा, कुसम्भी, बनरसी शि0, चुरियानी, अयाह, बहुआ, महना, बड़ागांव, चकसकरन, गाजीपुर, मुत्तौर, गम्हरी, सांखा, सरवल, दतौली, कंधिया, आदि ।

तलिका नं0 2.18 से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में 1520 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0 से अधिक पोषण घनत्व 14 न्याय पंचायतों के अन्तर्गत 30454 व्यक्ति (5.63 प्रति.) निवास करते है जिसमें मोहनखेड़ा 1589, तारापुर, 1526, ख्वाजीपुर, सेमरैया 1576 आदि न्याय पंचायतों का पोषण घनत्व अधिक है। जबकि 738 से 1520 के मध्य 17 न्याय पंचायते आती है तथा 738 से कम न्यून श्रेणी के अन्तर्गत 24 न्याय पंचायतें हैं जिसमें कांधी (721), सातोजोगा (642), व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0 पर है जिसके अन्तर्गत 24096 (7.78 प्रति.) व्यक्ति उदरपूर्ति करते हैं।

2.7— जनसंख्या का स्थानान्तरण— मानव विकास की प्रत्येक अवस्था में गतिशीलता, जनसंख्या की एक आधारभूत विशेषता रही है तथा आर्थिक एवं तकनीकी उन्नति ने निःसंदेह स्थानान्तरण वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया है। इसके कारण ही परिवहन, संचार साधनों का विस्तार हुआ है। अतः गतिशीलता से स्थानान्तरण का जनसंख्या परिवर्तन के भौगोलिक अध्ययन में विशेष महत्व है। स्थानान्तरण मात्र एक निवास स्थान से दूसरे स्थान पर लोगों की गतिशीलता ही नहीं है वरन् यह किसी क्षेत्र के परिवर्तनशील क्षेत्रीय सम्बन्धों को समझने में सहायता प्रदान करता है [14] ।

मानव सभ्यता के प्रारम्भ से ही आर्थिक आवश्यकता और राजनैतिक आकाक्षाओं से प्रभावित होने वाली आवास–प्रवास प्रकिया क्षेत्र की ही नहीं वरन् राष्ट्र तथा संसार की जनसंख्या के संघटन एवं प्रादेशिक प्रसार का मूल कारण रही है [15] । स्थानान्तरण किसी भी प्रकार की जनसंख्या को प्रभावित करने के साथ ही साथ उस क्षेत्र की जनसंख्या के विभिन्न आर्थिक, सामाजिक पहलुओं को भी प्रभावित करता है।

ब्रिटिश शासनकाल एवं उसके बाद स्वतंत्रताकाल में आर्थिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ–साथ क्षेत्र की जनसंख्या के आवास–प्रवास प्रतिरूप में स्थानीय परिवर्तन घटित हुआ [16] ।

अध्ययन क्षेत्र में जनसंख्या का स्थानान्तरण प्रमुख रू‌प से उभय पक्षीय है यहाँ का प्रमुख केन्द्र फतेहपुर नगर है। 1991 की जनगणना के अनुसार फतेहपुर जनपद में बाह्य क्षेत्रों से आकर लोग बसे। बाहर से आने वालों में उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों से 93432 लोग आये। जिनमें बाँदा से 23609 व्यक्ति (25.27 प्रति.) इलाहाबाद से 23144 (24.77 प्रति.) तथा कानपुर से (24.40 प्रति.) सर्वाधिक व्यक्ति आये। सबसे कम व्यक्ति पिथौरागढ़ तथा अल्मोड़ा जिलों से पाँच–पाँच व्यक्ति (0.005 प्रति.) आये तथा अन्य प्रान्तों से 5290 व्यक्ति आये इनमें सबसे अधिक व्यक्ति मध्यप्रदेश से 3068 व्यक्ति, बिहार से 999 (18.88 प्रति.) तथा पश्चिमी पंगाल से 240 व्यक्ति(04.54 प्रति.) तथा सबसे कम प्रान्तों से आने वाले व्यक्ति असम, मणिपुर, त्रिपुरा, प्रत्येक से पाँच–पाँच व्यक्ति आये । भारत के बाहरी देशों (विदेशों) से 80 व्यक्ति आये जिनमें पाकिस्तान से 41 व्यक्ति (51.25 प्रति.) नेपाल से 34 व्यक्ति (42.50 प्रति.) तथा बांग्लादेश से पाँच व्यक्ति (6.25 प्रति.) आये हैं।

अध्ययन क्षेत्र में बाहर से आने वालों में जनसंख्या की दूसरी प्रमुख विशेषता यह रही है कि पुरुषों की तुलना में स्त्रियाँ अधिक प्रवासित हुई है। उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों से 78903 (84.45 प्रति.) स्त्रियाँ एवं 14529 (15.55 प्रति.) पुरुष फतेहपुर जनपद में आये। फतेहपुर जनपद में आने वाली सर्वाधिक स्त्रियों की संख्या बाँदा 22066 (93.46 प्रति.) स्त्रियाँ इलाहाबाद 20265 (87.56 प्रति.) स्त्रियाँ कानपुर 18860 (82.73 प्रति.) जनपदों से आयी जिसका प्रमुख कारण शादी–विवाहं है।

बाहरी प्रान्तों से आने वालों में 1689 (31.93 प्रति.) पुरुष एवं 3601 (68.05 प्रति0) स्त्रियाँ है जिसमें स्त्रियों की सबसे अधिक संख्या मध्य प्रदेश से 2456 (80.05 प्रति.) बिहार से 471 (47.14 प्रति.) तथा पश्चिमी बंगाल से 198 (82.50 प्रति.) स्त्रियाँ प्रवासित है। तालिका नं0 2.19 से स्पष्ट होता है ।

तालिका नं0 2.19

फतेहपुर जनपद में राज्य के अन्य जनपदों से आने वाली जनसंख्या 1991

कमांक	जनपद का नाम	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियाँ
1	2	3	4	5
01	बाँदा	23609	1543	22066
02	इलाहाबाद	23144	2879	20265
03	कानपुर	22798	3934	18860
4.3.3. **अन्य भाषा भाषी**– अन्य भाषी व्यक्तियों के अन्तर्गत अंग्रेजी भाषा बोली जाती है अंग्रेजी भाषा भाषियों की संख्या तीसरे स्थान पर है। जो तहसील के नगरीय केन्द्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों तक सीमित है जहां पर पड़ोसी प्रान्तो और उनके जनपदों से स्थानान्तरित लोग भी अंग्रेजी भाषा बोलते है। जिनका समस्त भाषायी संरचना का प्रतिशत 0.04 प्रति0 है। चित्र नं03.4

1991 की जनगणना के अनुसार अन्य भाषा सर्वाधिक पश्चिम में मोहनखेड़ा 0.209 प्रति0 पूर्व में हसवा 0.07 प्रति0 उत्तर में तालिबपुर 0.07 प्रति0 तथा दक्षिण में मुत्तौर 0.07 प्रति0 न्याय पंचायतों में अन्य भाषाएं बोली जाती है। सारिणी नं0 3.20 के अन्तर्गत फतेहपुर तहसील में अन्य भाषा भाषी जनसंख्या को एकदृष्टीय चित्रण किया गया है।

सारिणी नं03.20

फतेहपुर तहसील अन्य भाषा भाषी जनसंख्या 1991 प्रति0

अन्य भाषा भाषी प्रतिशत	न्याय पंचायत संख्या	क्षेत्रफल हे0	प्रतिशत	अन्य भाषा भाषी जनसंख्या	प्रतिशत
.02 से कम	13	357.53	22.53	8	3.72
.02–.04	15	428.59	27.00	32	14.88
.04–.06	14	523.27	32.91	86	40.00
.06 से अधिक	13	279.61	17.56	89	41.40
योग	55	5589.00	100	215	100

सारिणी नं0 3.20 से स्पष्ट होता है कि 102 प्रति0 से कम अन्य भाषायी 13 न्याय पंचायतों में 357.53 प्रति, 22.53 प्रति. क्षेत्रफल तथा 8 व्यक्ति 3.72 प्रति. जनसंख्या के अन्तर्गत आबाद हैं। जिसके अन्तर्गत फरसी 0.01 प्रति. तथा कंधिया .01 प्रति. अन्य भाषा बोलने वालों की प्रमुख न्याय पंचायतें हैं। .04 से दृ06 है मध्य 14 न्याय पंचायतों में 523.27 प्रति. क्षेत्रफल तथा 86 व्यक्ति 40.00 प्रति. जनसंख्या आवाासित है। जिसमें लतीफपुर .05 प्रति. न्याय पंचायत प्रमुख हैं। .06 प्रंति. से अधिक अन्य भाषायी वाली 13 न्याय पंचायतें हैं जो कि समस्त जनसंख्या 89 व्यक्ति 41.40 प्रतिशत हैं। जिनमें अन्य भाषाा बोलने वालों की सर्वाधिक जनसंख्या है। चित्र नं0 3.4

3.2 **शिक्षा–** किसी क्षेत्र के औद्योगीकरण, समरीकरण सामाजिक तथा सांस्कृतिक उत्थान में वहां की जनसंख्या में शिक्षा का वितरण या साक्षरता एक अनिवार्य कारक रहे हैं। अध्ययन क्षेत्र में प्राचीन काल से ही इसका उत्कृष्ट विकास होने के बावजूद आज भी अधिकांश जनसंख्या निरक्षर एवं सीमित ज्ञान वाली ही है। किसी भी क्षेत्र के शैक्षिक स्तर के माध्यम से ही वहां की संसाधनों और निवासियों के बौद्धिक विकास की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। समय और दूरी के अनुसार शैक्षिक उन्नति क्षेत्रीय संसाधनों का विकास क्षेत्र के सामाजिक स्तर और मानव संसाधन क्षमता तीव्रगति से बढ़ती है। शिक्षा के माध्यम से मानव में आत्म नियंत्रण तथा विकास की भावना बलवती होती है। जिसका आज वैज्ञानिक एवं तकनीकीकरण वातावरण में परम आवश्यक है जिससे सामाजिक स्तर के विकास के लिए आत्म नियंत्रण के साथ साथ सामाजिक विकास की चेतना को बल मिलता है। जो कि आने वाले भविष्य का निर्णायक भी है। जनसंख्या का शिक्षा स्तर तथा उसका ज्ञान उसके वितरण के माध्यम से विभिन्न प्रतिरूपों को नियमित करने में सहायता प्रदान करता हैं अतः स्पष्ट है कि शिक्षा के स्तर से ही ज़नसंख्या के भावी विकास की वास्तविक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

3.4.1 **शैक्षिक प्रगति एवं शिक्षण संस्थाएं–** अध्ययन क्षेत्र में शिक्षा की प्रशंसनीय प्रगति नहीं हुई है क्योंकि फ़तेहपुर जनपद के राज्य में पिछड़े जनपदो की श्रेणी के अन्तर्गत आता है।

स्वतंत्रता से पूर्व 1901–1941 के शिक्षण संस्थाओं में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है तथा उच्च स्तर पर कोई विद्यालय नहीं था 1901 में 18 विद्यालय प्राथमिक 5

विद्यालय हायर सेकेण्डरी स्तर के मात्र थे जबकि दशक वर्ष 1941 में कुल 19 विद्यालय प्राथमिक 31 हजार सेकेण्डरी जूनियर तथा 4 विद्यालय हायर सेकेण्डरी इण्टर

सारिणी नं0 3.21

फतेहपुर तहसील–विभिन्न स्तर पर शिक्षण संस्थाओं का वर्ष 1901–2001 विवरण

दशक वर्ष	बलिका	कुल	बलिका	कुल	बलिका	कुल	बलिका	कुल	बलिका	कुल	अन्य
1901	–	18	–	5	–	–	–	–	–	–	–
1911	–	26	–	8	–	–	–	–	–	–	–
1921	1	49	–	12	–	1	–	–	–	–	–
1931	3	63	2	23	–	4	–	–	–	–	–
1941	4	79	2	31	–	4	–	–	–	2	1
1951	6	104	4	34	–	4	–	1	–	2	2
1961	14	189	8	47	1	9	–	1	–	4	2
1971	38	269	12	57	2	17	–	1	–	7	2
1981	40	347	28	86	2	21	–	2	–	8	4
1991	40	389	28	93	2	21	–	2	–	11	4
2001	56	453	33	108	6	29	2	4	–	16	8

स्रोत – साख्यिकीय पत्रिकांए एवं गजेटियर जनपद फतेहपुर विभिन्न सत्रों के आधार पर

मुस्लिम तथा 1 अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थान या स्वतंत्रता काल में विद्यालयों का विकास 1951–2001 दशक वर्षो में क्रमबद्ध गति से वृद्धि हुयी। 1951 में प्राथमिक विद्यालय कुल 189 तथा 16 बालिका विद्यालय एवं हायर सेकेण्डरी कुल 34 एवं 4 बालिका विद्यालय थें। 2 अन्य शिक्षण संस्थाएं भी प्रारम्भ हुई 1991 में 389 प्राथमिक 93 जूनियर 21इण्टरमीडिएट 2 महाविद्यालय 11 अन्य शिक्षण संस्थाएं तथा 2001 में 453 प्राथमिक 108 जूनियर 29 इण्टरमीडिएट 4 महाविद्यालय एवं 16 अन्य शिक्षण संस्थाएं है। (सारिणी नं03.21)

3.4.2 साक्षर जनसंख्या वर्ष 1991 में अध्ययन– क्षेत्र में 164277 जनसंख्या 30.39 प्रतिशत साक्षर हैं जिनमें पुरूष 128466 जनसंख्या 78.21 प्रतिशत स्त्रियां 35811 प्रति. 21.78 प्रति. जनसंख्या साक्षर है। विकास खण्ड स्तर पर तेलियानी 23786 जनसंख्या 14.48 प्रतिशत भिटौरा 26007 जनसंख्या 15.83 प्रति. हस्वा 24911 जनसंख्या 15.86 प्रतिशत बहुआ 25523 जनसंख्या 15.55 प्रतिशत असोथर 26475 जनसंख्या 16.12 प्रतिशत साक्षर है।

अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक 25 प्रतिशत से अधिक उच्चकोटि मान स्तर के अन्तर्गत 21 न्याय पंचायतें आती है, जिसमें न्याय पंचायत स्तर पर बनरसी शिवगोबिन्दपुर 29.49 प्रतिशत कांधी 26.09 प्रतिशत प्रमुख हैं। 21.25 कोटिमान स्तर पर 18 न्याय पंचायतें है। जिसमें जमुरांवा 20.21 तथा ख्वाजीपुर सेमरैया 21.47 प्रतिशत प्रमुख न्याय पंचायतें हैं 20 प्रतिशत से कम निम्न साक्षर व्यक्तियों के अन्तर्गत 16 न्याय पंचायतें आती हैं जिसमें बराबरी 16.05 प्रतिशत बिरिहसापुर, 18.50 प्रतिशत प्रमुख न्याय पंचायतें हैं सारिणी नं04.22 एवं चित्र नं03.5 अ।

सारिणी नं03.22

फतेहपुर तहसील साक्षर जनसंख्या का प्रतिशत 1991

साक्षरता प्रतिशत	कोटि स्तर	न्याय पंचायत संख्या	न्याय पंचायतों के नाम
25 से अधिक	उच्च	21	बनरसी, शिवगोबिन्दपुर, शाह, चुरियानी, अयाह, बहुआ, मोहनखेड़ा, रावतपुर, कांधी, कोराई, अलावलपुर, खानपुर तेलियानी, सनगांव, देवरी, लक्ष्मणपुर, तारापुर, ढ़कौली, सेमरी, महना, कोण्डार, कोर्राकनक, मुत्तौर, असोथर।
21–25	म्ध्यम	18	तलिबपुर, जमुरावां, हसनुपर, हुसेनगंज हस्वा, फरसी, बेरागढ़ीवा, बड़नपुर, हस्वा, सनगांव खुमारीपुर, ख्वाजीपुर, सेमरैया, बहरामपुर, बड़ागांव, चकस्करन,गाजीपुर, सांखा, दत्तौली, सरवल, कंधिया।

20 से कम	निम्न	16	बरारी, लोहारी, मथइयापुर, चित्तिसापुर, मकनपुर, लतीफपुर, मो0बुजुर्ग, मुरांव, थरियांव, सातोंजोगा, नरैनी, कुसुम्भी, खेसहन, गम्हरी, देवलान, जरौली।

सारिणी नं0 3.23 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में पुरूष साक्षर व्यक्ति 40 प्रतिशत से अधिक उच्चकोटि स्तर के अन्तर्गत17 न्याय पंचायतें हैं जिसमें मोहनखेड़ा 40.87 प्रति0 खानपुर तेलियानी 40.98 प्रतिशत प्रमुख न्याय पंचायतें हैं। 31–40 प्रतिशत मध्यम कोटि स्तर पर 28 न्याय पंचायतें हैं। तथा निम्न 30 प्रतिशत से कम साक्षरता के अन्तर्गत 10 न्याय पंचायतें हैं। जिनमें बराबरी 27.65 प्रतिशत लोहारी 26.53 प्रतिशत प्रमुख है।

सारिणी नं03.23

फतेहपुर तहसील–साक्षर पुरूषों का प्रतिशत वर्ष 1991

पुरूष साक्षर प्रतिशत	कोटि स्तर	न्याय पंचायत संख्या	न्याय पंचायतों के नाम
40 से अधिक	उच्च	17	मोहनखेड़ा, रावतपुर, अलावलपुर, खानपुर, तेलियानी, सनगांव, देवरी लक्ष्मणपुर, तारापुर, ढ़कौली, नरैनी, सेमरी, बनरसी, शिवगोबिन्दपुर, शाह, अयाह, बहुआ, महना, कोर्राकनक, मुत्तौर
31–40	मध्यम	18	सरवल, कंधिया, असोथर कांधी, कोराई, तालिबपुर, जमुरांवा, हसनपुर, मथइयापुर, चित्तिसापुर, हुसनेगंज, फरसी, बेरागढ़ीवा, लतीफपुर, बड़नपुर, हस्वा, सनगांव, खुमारीपुर, ख्वाजीपुर सेमरैया
30 से कम	निम्न	20	थरियांव, बहरामपुर, कुसुम्भी, खेसहन, चुरियानी, चकस्करन, गाजीपुर, सांखा, कोण्ड़ार, दतौली, बरारी, लोहारी, मकनपुर, मो0बुजुर्ग मुरांव, सातो जोगा बड़ागांव, गम्हरी, देवलान, जरौली।

सारिणी नं0 3.24 से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में साक्षर स्त्री 8 प्रतिशत से अधिक कोटिमान में 30 न्याय पंचायतें आती है। जिसमें मोहनखेड़ा 16.56 प्रतिशत कोराई 12.63 प्रतिशत प्रमुख हैं। 5–8 प्रतिशत मध्यम कोटि स्तर पर 15 न्याय पंचायतें है। 5 प्रति. से कम साक्षर स्त्रियों के अन्तर्गत 10न्याय पंचायतें है जिसमें चित्तिसापुर 3.38 प्रतिशत लतीफपुर 4.35 प्रतिशत ख्वाजीपुर सेमरैया 4.95 प्रतिशत प्रमुख न्याय पंचायतें हैं चित्र नं.3.6 अ एवं सारिणी नं03.24·

सारिणी नं0 3.24

फतेहपुर तहसील–साक्षर स्त्रियों का प्रतिशत 1991

स्त्री साक्षर प्रतिशत	कोटि स्तर	न्याय पंचायत संख्या	न्याय पंचायत के नाम
08 से अधिक	उच्च	20	मोहनखेड़ा, रावतपुर, कांधी, कोराई, अलावलपुर, खानपुर, तेलियानी, तारापुर, जमुरावां, हुसनेगंज, फरसी, हस्वा, सनगांव खुमारीपुर, सातोजोगा, बहरामपुर, सेमरी, बनरसी शिवगोबिन्दपुर, शाह, चुरियानी, अयाह।
5–8	मध्यम	15	बहुआ, महना, गाजीपुर, सांखा, कोण्डार, कोर्राकनक, मुत्तौर, कंधियां, असोथर, सनगांव देवरी, लक्ष्मणपुर, बरारी, तालिबपुर
5 से कम	निम्न	20	हसनपुर, मथइयापुर, बेरागढ़ीवा, बड़नपुर, सातोजोगा, नरैनी, खेसहन, गम्हरी, दतौली, सरवल, जरौली, चित्तिसापुर, लतीफपुर, मकनपुर, मो0बुजुर्ग, मुरांव, ख्वाजीपुर सेमरइया, थरियांव, कुसुम्भी, लोहारी, देवलान।

3.4.3. साक्षरता की केन्द्रीयता–

अध्ययन क्षेत्र की कुल साक्षरता पुरूष एवं स्त्री साक्षरता की केन्द्रीयता का आंकलन निम्न सूत्र से निकाला गया है।

तहसील फतेहपुर : साक्षर जनसंख्या 1991
तहसील
पुरुष
स्त्री
संकेत
समस्त साक्षर %
≥25
20-25
<20
पुरुष साक्षर जनसंख्या की केन्द्रीयता
(1991)
स्त्री साक्षर जनसंख्या की केन्द्रीयता
(1991)
समस्त साक्षर जनसंख्या की केन्द्रीयता
(1991)
संकेत

चित्र स0 — 3.5

$$क = \frac{ख}{ग} \times घ$$

जिसमें

क= न्याय पंचायत में किसी भी वर्ग विशेष की साक्षरता का केन्द्रीयता सूचकांक

ख= न्याय पंचायत में किसी वर्ग अ की साक्षरता सख्या

ग= तहसील की किसी वर्ग अ की साक्षर जनसख्या

घ= स्थिरांक 1000

सारिणी नं0 3.25

फतेहपुर तहसील कुल साक्षर जनसंख्या की केन्द्रीयता 1991

साक्षर केन्द्रीयता	कोटि स्तर	न्याय पंचायत संख्या	न्याय पंचायत के नाम
1.80 से अधिक	उच्च	15	मोहनखेड़ा, रावतपुर, खानपुर तेलियानी, सनगांव शाह, तारापुर, बहरामपुर, चुरियानी, कोण्डार, कोर्राकनक, असोथर, कांधी ।
1.41 से 1.80	मध्यम	16	ढ़कौली, हस्वा, सनगावं, खुमारीपुर, सेमरी, गाजीपरु, गम्हरी, मुत्तौर, जरौली, थरियांव, देवलान, सरवल, कंधिया, देवरी लक्ष्मणपुर, बरारी, तालिबपुर, लोहारी।
1.40 से कम	निम्न	24	हसनपुर, मथइयापुर, चित्तिसापुर, हुसेनगंज फरसी, बेरगढ़ीवा, मकनपुर, लतीफपुर, मो0बुजुर्ग, बड़नपुर, मुरांव, ख्वाजीपुर सेमरइया, सातोजोगा, नरैनी , कुसुम्भी, खेसहन, बनरसी शिवगोबिन्दपुर, अयाह, बहुआ, महना, बड़ागांव, चकस्करन, सांखा, दत्तौली, देवलान, सरवल, कंधिया।

सारिणी नं0 3.25 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में कुल साक्षर जनसंख्या की केन्द्रीयता 1.80 से अधिक उच्च कोटिमान के अन्तर्गत 15 न्याय पंचायतें है। जिसमें मोहनखेड़ा 2.22 तारापुर 2.08 न्याय पंचायतें प्रमुख हैं 1.40 से 1.80 के मध्य केन्द्रीयता के अन्तर्गत 13 न्याय पंचायतें है, जिसमें जमुरांवा 1.70 जरौली 1.78, साक्षर केन्द्रीयता है। 1.40 निम्न साक्षर केन्द्रीयता में 24 न्याय पंचायतें है।जिसमें सातोजोगा 1.26 दत्तौली 1.21 प्रमुख है। चित्र नं0 3.6 द ।

सारिणी नं0 3.26

फतेहपुर तहसील साक्षर पुरूष जनसंख्या की केन्द्रीयता – 1991

साक्षर केन्द्रीयता	कोटि स्तर	न्याय पंचायत संख्या	न्याय पंचायत के नाम
2.00 से अधिक	मध्यम	10	मोहनखेड़ा, रावतपुर, सनगांव, तारापुर, बहरामपुर, शाह, चुरियानी, कोण्डार, कोर्राकनक,असोथर
1.51–2.00	मध्यम	15	हसनपुर, कांधी, अलावलपुर, मुत्तौर, जरौली, खानपुर तेलियानी, जमुरावा, ढ़कौली, हसवा, सनगावं, खुमारीपुर, थरियांव सेमरी बड़ागांव गाजीपुर, गम्हरी
1.50 से कम	निम्न	30	कोराई, देवरी लक्ष्मणपुर, बरारी, तालिबपुर, लोहारी, मथइयापुर, चित्तिसापुर, हुसनेगंज, फरसी, बेरागढीवा, मकनपुर लतीफपुर, मो0बुजुर्ग, बड़नपुर, मुरांव ख्वाजीपुर सेमरइया, सातोजोगा, नरैनी, कुसुम्मी, खेसहन, बनरसी शिवगोबिन्दपुर, अयाह, बहुआ, महना, चकस्करन, सांखा, दतौली, देवलान, सरवल, कंधियां

सारिणी नं0 3.26 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में साक्षर पुरूष केन्द्रीयता के अन्तर्गत सर्वाधिक उच्च श्रेणी में 10 न्याय पंचायतें आती है जो कि 2.00 से अधिक जिसमें मोहनखेड़ा 2.12, तथा कोण्डार 3.41 प्रमुख न्याय पंचायतें है 1.51 से

2.00 केन्द्रीयता सूत्र सूचकांक के अन्तर्गत 15 न्याय पंचायतें है जिसमें अलावलपुर, 1.65 ढ़कौली 1.63 प्रमुख हैं 1.50 से कम साक्षर पुरूष केन्द्रीयता के अन्तर्गत 30 न्याय पंचायतें है। जिसमें देवलान 1.16 सरवल 1.30 न्याय पंचायते प्रमुख है चित्र नं.3.6 ब

सारिणी नं0 3.27

फतेहपुर तहसील–स्त्री साक्षर जनसंख्या की केन्द्रीयता 1991

साक्षर केन्द्रीयता	कोटि स्तर	न्याय पंचायत संख्या	न्याय पंचायत के नाम
1.50 से अधिक	उच्च	15	मोहनखेड़ा, रावतपुर, अलावलपुर, खानपुर तेलियानी, तारापुर, हसवा, बहरामपुर, शाह, चुरियानी, गाजीपुर, कोण्डार, कोर्राकनक, मुत्तौर, जरौली।
1.01 से 1.50	मध्यम	11	कांधी, जमुरांवा, हुसेनगंज, ढ़कौली, नरैनी, सेमरी, बनरसी शिवगोबिन्दपुर, अयाह, बहुआ महना, कंधिया
1.00 से कम	निम्न	29	कोराई, सनगांव, देवरी, लक्ष्मणपुर, बरारी, तालिबपुर, हसनपुर, लोहारी, मथइयापुर, चित्तीसापुर, फरसी, बेरागढीवा, मकनपुर,लतीफपुर, मो0बुजुर्ग, बड़नपुर , सनगांव, खुमारीपुर, मुरांव, ख्वाजीपुर, सेमरइया, थरियांव, सातोजोगा, कुसुम्भी, खेसहन, बड़ागांव, चकस्करन, गम्भरी, सांखा, दत्तौली, देवलान सरवल।

सारिणी नं0 3.27 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि 1.50 से अधिक उच्च केन्द्रीयता के अन्तर्गत 15 न्याय पचायतें हैं। जिसमें हसवा 1.74 रावतपुर, 2.28 प्रमुख न्याय पंचायतें हैं 11.0–1.50 मध्यम स्त्री साक्षर केन्द्रीयता के अन्तर्गत 11 पंचायते हैं जिसमें कांधी 1.42 प्रमुख हैं 1.00 से कम स्त्री साक्षर केन्द्रीयता के अन्तर्गत 29 न्याय पंचायतें हैं जिमसें बरारी 0.48 प्रमुख है। चि.नं0 3.6 से ।

3.4.4 **गैर शिक्षित निरक्षर जनसंख्या का विवरण–** अध्ययन क्षेत्र में 376257 व्यक्ति गैर शिक्षित है जो समस्त गैर शिक्षित जनसंख्या का 69.61 प्रतिशत है। विकास खण्ड स्तर उच्चतम मिटौरा 97574 व्यक्ति न्यूनतम तेलियानी 62500 व्यक्ति गैर शिक्षित है न्याय पंचायत स्तर पर सर्वाधिकगैर शिक्षित कोण्डार 16112 व्यक्ति 74.88 प्रति0 जनसंख्या तथा सबसे कम निरक्षर मुत्तौर 4648 जनसंख्या 63.20 प्रति0 न्याय पंचायतों में है।

सारिणी नं03.28

फतेहपुर तहसील – गैर शिक्षित जनसंख्या का प्रतिशत

गैर शिक्षित प्रति0	श्रेणी	न्याय पंचायत संख्या	न्याय पंचायत के नाम
77 से अधिक	उच्च	27	बरारी, तालिबपुर, जमुरांवा, लोहारी, हसनपुर, मथइयापुर, चित्तिसापुर, फरसी, बेरागढ़ीवा, मकरनपुर, लतीफपुर, मो0बुजुर्ग, हसवा, मुरांव, ख्वाजीपुर सेमरइया, थरियांव, बहरामपुर, सातोजोगा, नरैनी, कुसुम्भी, खेसहन, चकस्करन, गम्हरी, साखां, देवलान, सरवल, जरौली।
73 से 77	मध्यम	14	कांधी, कोराई, जगतपुर, हुसनेगंज, ढ़कौली, बड़नपुर, सनगांव, खुमारीपुर, सेमरी, चुरियानी, बड़ागांव, गाजीपुर, कोण्डार, दतौली, असोथर, कंधिया
72 से कम	निम्न	14	मोहनखेड़ा, रावतपुर, अलावलपुर, खानपुर, तेलियानी, सनगांव, देवरी लक्ष्मणपुर, तारापुर, बनरसी शिवगोबिन्दपुर, शाह, अयाह, बहुआ, महना, कोर्राकनक, मुत्तौर आदि।

सारिणी नं0 3.28 के विवरण से ज्ञात होता है कि गैर शिक्षित जनसंख्या उच्चकोटि स्तर पर सर्वाधिक 27 न्याय पंचायतों का विभाजन 77 प्रति. से अधिक गैर शिक्षित

व्यक्तियों में किया गया है जिसमें बरारी 83.05 तथा मो0 बुजुर्ग 83.72 प्रति. न्याय पंचायतें प्रमुख है। 73.77 प्रति0 के अन्तर्गत 14 न्याय पंचायतें आती है, निम्न कोटि समूह 72 प्रति. से कम गैर शिक्षित जनसंख्या के अन्तर्गत 14 न्याय पंचायतें है। चित्र नं03.5

3.4.5 **गैर शिक्षित जनसंख्या की वृद्धि–** 1981–91 दशक में निरक्षर जनसंख्या में वृद्धि अत्यधिक वृद्धि हुयी है। विकास खण्ड स्तर पंर गैर शिक्षित जनसंख्या भिटौरा में 13855 जनसंख्या असोथर में 12318 जनसंख्या तेलियानी में 9034 जनसंख्या तथा हस्वा में 7361 जनसंख्या की बृद्धि हुयी न्याय पंचायत पर गैर शिक्षित जनसंख्या की बृद्धि अयाह में 5806 जनसंख्या तथा बहरामपुर 1799 जनसंख्या की बृद्धि हुयी। मध्यम स्तर पर रावतपुर 1465 जनसंख्या दत्तौली 1276 गैर शिक्षित जनसंख्या की बृद्धि हुयी। सबसे कम गैर शिक्षित जनसंख्या की बृद्धि देवलान 798 न्याय पंचायतों में हुयी।

3.4.6 **शिक्षण संस्थाओं में पंजीकृत विद्यार्थी:–** अध्ययन क्षेत्र के शिक्षण संस्थाओं में पंजीकृत विद्यार्थियों की जनंसख्या कम है प्राथमिक स्तर से जैसे से उच्च स्तर को कमागत बढ़ते है, विद्यार्थियों की संख्या में क्रमागत अत्यधिक कमी होती जाती है।

सारिणी नं0 3.29

फतेहपुर तहसील– शिक्षण संस्थाओं में पंजीकृत विद्यार्थी–1901–2001

वर्ष	प्राथमिक	जूनियर	हायर सेकेण्डरी	महाविद्यालय अन्य	अन्य
1901 छात्र छात्राएं	188	56	–	–	–
1911 छात्र छात्राएं	229	76	–	–	–
1921 छात्र छात्राएं	1324 116	409	62	–	43
1931 छात्र छात्राएं	3879 117	1526	535	43	43
1941छात्र	4134	1763	892	–	45

छात्राएं	149	51	–	–	–
1951 छात्र	7349	2144	1236	75	52
छात्राएं	305	106	–	–	–
1961 छात्र	14671	4389	2193	221	58
छात्राएं	913	217	103	9	–
1971 छात्र	31448	10126	5546	543	160
छात्राएं	12166	1954	853	28	11
1981 छात्र	381985	15595	8779	870	532
छात्राएं	18764	2816	1974	134	23
1991 छात्र	57862	21462	16403	1033	572
छात्राएं	29202	3092	2148	219	38
2001 छात्र	89645	48540	36813	2866	1134
छात्राएं	41324	5193	4153	954	86

स्रोत – जनपद फतेहपुर सांख्यिकीय कार्यालय

सारिणी नं0 3.29 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि स्वतंत्रता से पूर्व 1901 से 1941 तक दशक वर्षो में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या अत्यधिक कम थी 1901 में कुल पंजीकृत विद्यार्थी 244 थे जिसमें 18 छात्र प्राथमिक स्कूल में 56 छात्र जूनियर स्कूल में थे। 1941 दशक वर्ष में यह संख्या बढ़कर 7034 विद्यार्थी हो गये जिसमें प्राथमिक स्कूलों में 4283 विद्यार्थी 4134 छात्र एवं 149 छात्राएं जूनियर में 1814 विद्यार्थी 1763 छात्र एवं 51 छात्राएं हायर सेकेण्डरी में 852 छात्र एवं अन्य विद्यार्थियों में 45 विद्यार्थी थे।

स्वतंत्रता काल के पश्चात 1951–01 दशक वर्षो में शिक्षण संस्थाओं के साथ–साथ विद्यार्थियों की संख्या में भी उत्तरोत्तकर वृद्धि हुयी। 1951 दशक वर्ष में पंजीकृत कुल 11267 विद्यार्थी थे जिसमें प्राथमिक स्कूल में कुल 7654 विद्यार्थी 7349 छात्र, 305 छात्राएं जूनियर में 2250 विद्यार्थी, 2144 छात्र 106 छात्राएं हायर सेकेण्डरी एवं इण्टरमीडिएट में 1236 छात्र महाविद्यालय में 75 छात्र तथा अन्य विद्यालयों में 52

विद्यार्थी थे जबकि वर्तमान समय में 1991 दशक वर्ष में पंजीकृत कुल 132031 विद्यार्थी हैं। जिसमें प्राथमिक विद्यालय में कुल 87064 विद्यार्थी 57862 छात्र 29202 छात्राएं जूनियर 24554 विद्यार्थी 21462 छात्र 3092 छात्राएं हायर सेकेण्डरी एवं इण्टरमीडिएट विद्यालय में कुल 28551 विद्यार्थी 14403 छात्र, तथा 2148 छात्राएं एवं महाविद्यालय में पंजीकृत कुल 1252 विद्यार्थी 1033 छात्र 219 छात्राएं तथा अन्य तकनीकी विद्यालयों में कुल 610 विद्यार्थी 572 छात्र, 38 छात्राएं पंजीकृत है। 2001 में प्राथमिक विद्यालयों में पंजीकृत छात्र 89645, छात्राएं 41324, जू0विद्यालयों में पंजीकृत छात्र 4854, छात्राएं 5193 हायर सेकेण्डरी में पंजीकृत छात्र 36813–छात्राएं 4153 तथा महाविद्यालयों में पंजीकृत छात्र 2866, छात्राएं 954 तथा अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में पंजीकृत छात्र 1134, छात्राएं 86 है। सारिणी नं03.29

3.4.7 **शिक्षण संस्थाओं में पंजीकृत अनुसूचित जाति के छात्र एवं छात्राओं का विवरण–** अध्ययन क्षेत्र में पंजीकृत अनुसूचित जाति के छात्र एवं छात्राओं की स्थिति अत्यधिक दयनीय है । तहसील मुख्यालय में तकनीकी शिक्षा से सम्बन्धित संस्थाएं है, परन्तु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था न होने के कारण विद्यालयों को अध्ययन में अत्यधिक कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। क्योंकि इनकी आर्थिक, सामाजिक, परिस्थितियां एवं पारिवारिक वातावरण, रहन सहन जीवन स्तर के अनुकूल नहीं है।

सारिणी नं.3.30 से स्पष्ट होता है कि स्वतंत्रता काल से पूर्व अनुसूचित जाति के छात्र एवं छात्राओं का स्तर नगण्य है। 1921 दशक वर्ष में अनुसूचिज जाति के पंजीकृत कुल 51 विद्यार्थी थे जिसमें 38 छात्र प्राथमिक स्कूलों तथा 13 छात्र जूनियर स्कूलों में थे। 1901 से 1951 दशक वर्षो में अनुसूचित जाति की छात्रों में शिक्षा का अभाव था 1941 दशक वर्षो के अनुसूचित जाति के कुल 269 विद्यार्थी पंजीकृत थे। प्राथमिक 140 छात्र, जूनियर में 103 छात्र, हायर सेकेण्डरी में 19 छात्र तथा अन्य तकनीकी विद्यालयों में 7 छात्र पंजीकृत थे।

स्वतंत्रता काल के पश्चात् 1951–2001 दशक वर्षो में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों में शिक्षा का विकास हुआ तथा अनुसूचित जाति के छात्राओं में अपनी शिक्षा आरम्भ किया।

सारिणी नं03.30
फतेहपुर तहसील–अनुसूचित जाति के पंजीकृत छात्र–छात्राओं का विवरण
1901–2001

वर्ष	प्राथमिक	जूनियर	हायर सेकेण्डरी	महाविद्यालय अन्य	अन्य
1901 छात्र	–	–	–	–	–
छात्राएं	–	–	–	–	–
1911 छात्र	–	–	–	–	–
छात्राएं	–	–	–	–	–
1921 छात्र	38	13	–	–	–
छात्राएं	–	–	–	–	–
1931 छात्र	113	51	08	–	–
छात्राएं	–	–	–	–	–
1941छात्र	140	103	19	–	07
छात्राएं	–	–	–	–	–
1951 छात्र	238	176	104	–	09
छात्राएं	–	–	–	–	–
1961 छात्र	2120	139	436	18	19
छात्राएं	28	07	03	–	–
1971 छात्र	68	90	1861	1091	52
छात्राएं	1464	96	28	03	–
1981 छात्र	7675	2019	1157	89	102
छात्राएं	1609	208	134	12	06
1991 छात्र	12006	2880	1843	210	138
छात्राएं	4538	427	484	16	12
2001 छात्र	21385	4354	3854	716	214
छात्राएं	6897	1123	631	123	28

स्रोत जनपद–फतेहपुर सांख्यकीय कार्यालय पत्रिका 2001

1991 में अनुसूचित जाति की पंजीकृत 22554 विद्यार्थी हैं। जिसमें प्राथमिक विद्यालयों में 16544 विद्यार्थी 13006 छात्र 4538 छात्रायें जू0 में 3307 विद्यार्थी 2880 छात्र 427 छात्राएं हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में 2327 विद्यर्थी 1843 छात्र 16 छात्रायें तथा अन्य विद्यालयों में 150 विद्यार्थी 138 छात्र 12 छात्रायें अनु0जाति की पंजीकृत हैं। 2001 में प्राथमिक विद्यालयों में अनुसूचित जाति के पंजीकृत छात्र 21385 छात्राएं 6897 जूनियर विद्यालयों में पंजीकृत छात्र 4354, छात्राएं 1123, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में पंजीकृत छात्र 3854 छात्राएं 631, महाविद्यालयों में पंजीकृत छात्र 716, छात्राएं 123 तथा अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में पंजीकृत अनुसूचित जाति के छात्र 214, छात्राएं 28 है। सारिणी नं03.30।

शिक्षित नागरिक ही किसी राष्ट्र प्रगति के आधार पर स्तम्भ होते हैं। जबकि अध्ययन क्षेत्र के फतेहपुर जनपद एवं फतेहपुर तहसील के साक्षरता ऑकड़ों को देखते हुए है तो पाते है कि वर्ष 1901 में 3.8 प्रति0 1911 में 4.2 प्रति0, 1921 में 5.3 प्रति0, 1931 में 7.6 प्रति0 1941 में 10.5 प्रति0 1951 में 14.4 प्रति0 1961 में 20.7 प्रति0 तथा 1971 में 22.8 प्रति0 व्यक्ति ही साक्षर थे। 1991 की जनगणना के अनुसार तहसील फतेहपुर में 25.97 प्रति0 व्यक्ति ही साक्षर थे जबकि साक्षरता पुरूषों में 38.07 प्रति0 तथा स्त्री में 12.48 प्रति0 थी अर्थात हमारे यहॉ लगभग आधे पुरूष तीन चौथई स्त्रियों से ज्यादा अभी भी अशिक्षित हैं।

3,4,8 **समग्र साक्षरता की प्रसांगिकता** – 22 जनवरी 1990 को हमारे देश में अर्न्तराष्ट्रीय साक्षरता वर्ष के शुभारम्भ करते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि साक्षरता लोगों के विश्वास का आधार है। शिक्षा द्वारा एक हमारा दृष्टिकोण व्यापक होता है तथा सामाजिक सम्बद्धता पैदा होती है। शिक्षा का सर्वोकार केवल जानकारी एकत्र करने से ही नहीं है। बल्कि मानवीय जागरूकता को बढाना तथा नैतिक मूल्यों एवं चरित्र का विकास भी करना है ।

अनौपचारिक शिक्षा अथवा प्रौढ शिक्षा के शिक्षा के विभिन्न वर्गो के स्थान पर पत्येक आयु वर्ग के कल्याण हेतु समग्र साक्षरता कार्यक्रम का सर्वथा अनूठा प्रयोग आरम्भ किया गया है ।

सारिणी नं0 3.33

अध्ययन क्षेत्र में समग्र साक्षरता की प्रासंगिकता

विकास खण्ड प्रति0 नगर पालिका	6–2 वय वर्ग	9–15 वय वर्ग	15–35 वय वर्ग	35–45 वय वर्ग	योग
तेलियानी	3169	3783	13776	6235	26983
बहुआ	3885	4885	15368	6984	30202
हस्वा	1613	7660	22288	9387	46248
भिटौरा	6401	7474	22651	9756	46242
असोथर	4643	4941	12100	7167	28851
न0पा0फतेहपुर	1336	1878	7461	299	12734
योग	26347	30601	93694	39828	191260

स्रोत – 23 जनवरी 1990 को दैनिक आज समाचार पत्र द्वारा डा0 ए0एन0 अग्निहोत्री में प्रकाशित।

सारिणी नं0–333 के अवलोकन से प्रमाणित एंव स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में निरक्षरता की स्थिति के आंकलन हेतु जो सर्वेक्षण कार्य कराया गया है उन आंकड़ों से ज्ञात होता है कि हमारे साक्षर 6–45 आयु वर्ग के 191260 निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर करने का लक्ष्य है। विकास खण्ड स्तर पर 6–9 आयु वर्ग के अन्तर्गत तेलियानी, 3169 हसवा, 6913 भिटौरा, 6401 बहुआ, 3885 असोथर, 4643 तथा नगर पालिका फतेहपुर 1336 व्यक्तियों के साक्षर करने का लक्ष्य है जबकि 35–45 आयु वर्ग के अन्तर्गत सर्वाधिक भिटौरा 9756 एवं सबसे कम नगरपालिका फतेहपुर 299 व्यक्ति सम्मिलित किये गये हैं। जबकि कुल समग्र साक्षरता के तहत तेलियानी 26982 हसवा 46248 भिटौरा 40242 बहुआ, 30202 असोथर, 28851 तथा नगर पालिका फतेहपुर में 12734 व्यक्ति लक्ष्य में सम्मिलित किये गये है। टाउन एरिया बहुआ के ऑकडे विकास खण्ड बहुआ में सम्मिलित हैं। सारिणी नं0–3.31

हमारे समाज का एक बहुत बडा वर्ग अभी भी गरीबी, बेरोजगारी, अज्ञानता, शोषण जैसी विसमताओं व संघर्ष का शिकार है। माता की अशिक्षा एवं उनकी धीमी सामाजीकरण का सीधा प्रभाव उनके बालकों की शिक्षा पर पडता है। स्कूलों में पर्याप्त संख्या का न होना, अध्यापकों का आभाव स्थानीय आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम का न होना। सामाजिक चेतना का न होना आदि प्रमुख कारण रहे है। परन्तु अभिभावक की निरक्षरता भी एक महत्वपूर्ण कारण रही है। स्वतंत्रता की तीन दशकों के बाद भी फतेहपुर तहसील की आधे से अधिक शहरी एवं ग्रामीण जनसंख्या शिक्षा की मूल भूत आवश्यकता से वंचित रहा है।

3,5 **समाज में स्त्रियों का स्थान** —सामाजिक संरचना तथा सामाजिक व्यवस्था का स्वरूप बहुत बडी सीमा तक इस तथ्य से प्रभावित होता है कि उसके अन्तर्गत स्त्रियों की स्थिति कैसे है। भारतीय सामाजिक व्यवस्था के इतिहास में स्त्रियों की स्थिति से सम्बन्धित विवाद का कारण यह नहीं हम जैवकीय अथवा मानसिक रूप से उन्हें दोषपूर्ण मानते है बल्कि इसका कारण हमारी पवित्रता सम्बन्धी संकीर्ण विचार धारा ही है। हमारी मौलिक सामाजिक व्यवस्था में स्त्रियों को सम्पत्ति, ज्ञान और शक्ति का प्रतीक माना गया है। जिसकी अभिव्यक्ति के रूप में लक्ष्मी सरस्वती और दुर्गा की पूजा की जाती रही हैं। स्त्री को पुरूष की अर्धांगनी के रूप में स्थान दिया गया है। जिसके अभाव में किसी भी कर्तव्य की पूर्ति नहीं की जा सकती है।

भारतीय सामाजिक संरचना की एक विशेषता अनुलोम विवाह है। इससे आवश्यक है कि कन्या अपने से उच्च कुल या वर्ग में व्याही जाय। कंगाल का कुलीन वाद इसका उदाहरण है। उत्तर भारत में ब्रम्हण, क्षत्रिय, भुर्जी, कायस्थों, वैश्यों व अन्य जातियों में अनुलोम विवाह प्रचलित है इस प्रथा में एक ओर उच्च जातियों में दहेज प्रथा और बहु पत्नी विवाह को प्रोत्साहित किया।

अध्ययन क्षेत्र में स्त्री के लिए माँ बनना आवष्यक है पुत्र जन्म देने पर स्त्री भी परिस्थिति परिवार में ऊँची हो जाती है और बॉझ होना पाप समझा जाता है और ऐसी स्त्रियों के साथ दुर्वव्यवहार किया जाता रहा है। जब तक वह पुत्र को जन्म नही देती पुत्र बधू के रूप में उसकी परिस्थिति नीची रहती है।

पूर्वजों की पूजा विवाह का संस्कार होना और उत्तराधिकार का जटिल नियमों में स्त्रियों की परिस्थिति को गिराने में योगदान किया। परन्तु अपने अधिकारों को सौंपकर उन्होंने पारिवारिक षान्ति बढाई स्त्रियों में संतानोंत्पत्ति और पति सेवा को ही जीवन का लक्ष्य स्वीकार कर लिया। मुसलमानों के द्वारा देष पर आक्रमण होने से सामाजिक कार्यों से स्त्रियों को पूरी तरह विलग कर दिया गया ।

स्त्रियों की निम्न परिस्थिति के लिए केवल पुरूशों का हाथ नहीं बल्कि स्त्रियों का भी हाथ है। अपने अधिकारों को छोड कर स्त्रियों में अपने रूप और गुण से पुरूशों पर षासन किया है। अधिकतर स्त्रियॉ घर की चाहार दीवारी के अन्दर रहना चाहती है तथा साथ ही साथ न चाहते हुए भी सामाज की कठोरता का पालन करने के लिए उनको चाहारदीवारी के रहने को बाध्य होना पडता है।

पारिवारिक जीवन में स्त्री के तीन मुख्य रूप है। पुत्री–पत्नी और माता इन तीनों रूपों में महत्वपूर्ण स्थान पत्नी का है। जो अपने आत्म समर्पण और निष्चल प्रेम द्वारा पुरूश के जीवन में अनन्त रस का संचार करती है। और उसकी प्रेरणा बनती है माता के रूप में वह पुत्र के लिए अखण्ड सौभाग्य की कामना करती है पुत्री का महत्व स्वयं ही निर्धारित हो जाता है। क्योंकि इसी के विकसित रूप ही पत्नी और माता है।

विभिन्न युगों में स्त्रियों की स्थिति

वैदिक काल – ऋगवेद से ज्ञात होता है कि वैदिक काल में जहॉ तक धार्मिक और षिक्षा सम्बन्धी अधिकारों का संम्बन्ध है। सामान्यतया स्त्री की परिस्थिति पुरूश के समान ही थी वह पुरूशों के समान षिक्षित थी इस युग में स्त्रियों की षिक्षा और संध्या करने का पूर्ण अधिकार था। धर्म कार्यों में स्त्री का इतना अधिक महत्व था कि बिना स्त्री के कोई भी धार्मिक कार्य सम्पन्न नहीं होता था। उस समय समाज में पर्दा प्रथा प्रचलन तनिक न था स्त्रियों का स्वच्छता पूर्वक विचरण करने और सामाजिक सम्बन्धों की स्थापना करने के अधिकार प्राप्त थे। विधवा विवाह पर सामाजिक रूप से कोई नियंत्रण न था विवाह केवल परिपक्व आयु में ही होते थे कभी–कभी स्त्रियॉ अपना सम्पूर्ण जीवन अविवाहित रहकर ही व्यतीत कर देती थी। समाज में स्त्रियों का आपमान करना सबसे बडा पाप था तथा समाज में स्त्रियों की रक्षा करना सबसे बडी

बीरता थी वैदिक काल में भी पुत्री की अपेक्षा पुत्र को अधिक स्थान दिया जाता था। क्योंकि पुत्र से यज्ञ अनुश्ठान का कार्य होता था।

उत्तर वैदिक काल – उत्तर वैदिक काल का समय ईसा से 600 वर्श पूर्व से लेकर ईसा के 300 वर्श बाद तक माना जाता है। महाभारत की रचना इस युग के आरम्भ में ही किसी समय में हुई थी। सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में इस समय तक स्त्रियों का पूर्ण अधिकार बना हुआ था। स्त्रियॉ दो प्रकार की होती है 1–साध्वी 2–असाध्वी साध्वी स्त्रियॉ पृथ्वी की माता है और इसकी संरक्षिका है। जबकि असाध्वी स्त्रियॉ अपने पाप पूर्ण व्यवहार से कही भी पहचानी जाती है।

बौद्ध धर्म में भी स्त्रियों को अत्याधिक सम्मान प्राप्त था। इस समय अनेक स्त्रियॉ भिक्षुणी बनकर सम्पूर्ण जीवन ब्रम्हचर्य में ही व्यतीत कर देती थी। जैन व बौद्ध धर्म का ह्रास होने पर मनु परम्परा प्रारम्भ हुई उनके लिखे दो का अध्ययन करने और यज्ञ करने का प्रतिबंध लग गया। पवित्रता की धारणा के आधार पर लडकियों का विवाह राजस्वाला होने से पूर्व ही करने का आदेष दिया गया। उन्हें उपनयन संस्कार से भी वंचित कर दिया गया। व्यवहारिक रूप से स्त्रियॉ अपने अधिकारों का पूर्ण उपयोग करती रहीं।

धर्म शास्त्र कला :– यह काल सामाजिक और धार्मिक संकीर्णता का युग था स्त्रियॉ भी इस संकीर्ण विचारधारा की शिकार बनी। इस काल में स्त्रियॉ गृहलक्ष्मी से याचिका के रूप में दिखाई देनी लगी। माता सेविका बन गयी जीवन व षक्ति प्रदायिनी देवी जब निर्वलताओं की प्रतीक बन गयी स्त्री जो किसी अपने प्रबल व्यक्तित्व के द्वारा देष को साहित्य व समाज के आदेषों को प्रभावित करती थी अब परतंत्र, पराधीन, निसहाय और निर्वल वन चुकी थी। इस युग में यह विष्वास दिलाया गया कि पति की स्त्री के लिए देवता और विवाह ही उसके जीवन का एक मात्र संस्कार है। विवहा का विधान ही स्त्रियों का उपनयन दूसरा जन्म है। पति की सेवा ही गुरूकुल का बास है और घर का काम ही अग्नि की सेवा है। इस काल में स्त्रियों को सम्पत्ति के अधिकारों से पूर्णतया वंचित कर दिया गया। और स्त्रियों को मांसिक रूप से ही आयोग्य तथा दुर्बल सिद्ध करने के अनेक भ्रमपूर्ण प्रचार किये जाने लगे कन्या का विवाह 10 वर्श

अथवा अधिक से अधिक 12 वर्ष की आयु तक कर देने का विधान बनाया गया। विवाह पूर्णतया पिता का दायित्व हो गया जिसमें लडकी की इच्छा का कोई महत्व न था।

मध्य काल — मध्यकाल में की पवित्रता को इतना संकीर्ण रूप दे दिया गया कि लडकियों का विवाह 5–6 वर्ष की आयु में ही कर देना अच्छा समझा जाने लगा। स्त्रियों को शिक्षा से बिल्कुल वंचित कर दिया गया। पर्दा प्रथा इस सीमा तक पहुॅच गयी कि परिवार की अन्य सदस्य तो क्या स्वयं पति भी किसी के सामने बात नहीं कर सकता था और न ही मुॅह देख सकता था विधवा पुर्नविवाह के बारे में सोचना अक्षम्य अपराध माना जाता था। स्त्रियों की तनिक सी गलती में उसे शारीरिक दण्ड दिये जाने लगे। शास्त्रकारों ने भी पति को अपनी पत्नी को प्रताडित करने का अधिकार दे दिया। चाहे पत्नी कितना ही दुराचारी, पति, क्रूर न हो पति की मृत्यु के बाद पत्नी का सती हो जाना पतिब्रता धर्म की सर्वोच्च कसौटी बन गयी।

प्रविष्ट काल :–प्रविष्ट काल से हमारा तात्पर्य 18वीं0 शताब्दी के अन्तिम वर्षो से लेकर स्वतंत्रता से पूर्व के समय से है अंग्रेजी शासन काल में भारतीयों द्वारा समाज सुधार के अनेक प्रयत्न किये गये। लेकिन सरकार की ओर से स्त्रियों की स्थिति में सुधार करने में कोई भी व्यवहारिक प्रयत्न नहीं किये गये। अपने हितों का पूरा ध्यान करने के लिए स्त्रियों को शोषित बने रहना अंग्रेजों के लिए लाभप्रद था इसका परिणाम यह हुआ कि 20वीं शताब्दी के पूर्वाद्ध तक स्त्रियों को नि:योग्यताओं में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ।

क– **सामाजिक क्षेत्र** – स्त्रियों की शिक्षा प्राप्त करने स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों की मॉग करने और व्यवहार के नियमों में किसी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार नहीं था स्त्रियों में अज्ञानता इस सीमा तक बढ गयी की स्वतंत्रता के पहले तक स्त्रियों में साक्षरता 6 प्रति0 से भी कम थी। किसी भी स्त्री द्वारा बाल विवाह अथवा पर्दा प्रथा का विरोध करना उसके माता–पिता के परिवार तक ही सीमित था। तथा परम्परागत धार्मिक दायित्वों का निर्वाह करना ही उसके मनोरंजन का एक मात्र साधन था।

ख– **पारिवारिक क्षेत्र** – स्त्रियों के समस्त अधिकार समाप्त हो गये सैद्धातिक रूप से स्त्री परिवारक की सभी कार्यो की संचालिका था लेकिन व्यवहार में यह सभी अधिकार परिवार के पुरूष कर्ता को प्राप्त हो गये। स्त्री का विवाह बहुत छोटी

आयु में ही हो जाने के कारण उसका जीवन आरम्भ से ही परम्परागत निशेधों और रूढियों से मुक्त हो गया।

ग— **आर्थिक क्षेत्र** —आर्थिक क्षेत्र में स्त्रियों की निर्ममतायें सबसे अधिक थी उन्हें संयुक्त परिवार की सम्पत्ति में हिस्सा प्राप्त करने से वंचित नहीं रखा गया। बल्कि स्त्रियों को अपने पिता की सम्पत्ति में भी हिस्सा प्राप्त करने का कोई अधिकार न था। स्त्री स्वयं सम्पत्ति बन चुकी थी। फिर उसे सम्पत्ति के अधिकार किस प्रकार प्रदान किये जा सकते थे। स्त्रियों द्वारा कोई आर्थिक किया करना उसकी कुलीनता और सतित्व से विरूद्ध माना जाने लगा।

घ— **राजनैतिक क्षेत्र** — स्त्रियों द्वारा हिस्सा लेने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता था। जब घर के अन्दर स्त्रियों पर मनमाना शोषण करने वाला पुरूष घर से बाहर अंग्रेजों का गुलाम था तो स्त्रियों द्वारा राजनीति में भाग लेने की कल्पना भी कैसी की जा सकती थी। सन् 1937 के चुनाव में भी पति की शिक्षा और सम्पत्ति के आधार पर बहुत थोडी सी स्त्रियों को माताधिकार प्रदान किया गया।

विदेषी आकमण — हिन्दू स्त्रियों की स्थिति यद्यपि दूसरी ओर तीसरी शताब्दी से ही गिरना आरम्भ हो चुकी थी। लेकिन मुगल आक्रमणों के बाद में स्त्रियों की स्थिति में बहुत तेजी से ह्रास हुआ। मुसलमान हिन्दू स्त्रियों से और विधवा स्त्रियों से विवाह करने का प्रयत्न करते थे। इस स्थिति में बाल—विवाह और पर्दा प्रथा का कठोरता से पालन किया जाने लगा। सतित्व के आदर्श को इतना पढा—पढा कर दिखाया जाने लगा हमारे समाज में पत्नी को पति की चिता पर बल पूर्वक उठा कर फेंक देने को भी धर्म के नाम पर संरक्षण दिया जाने लगा। स्त्रियों और विशेषतया विधवाओं परिवार में दासी के रूप में रखा जाने लगा। समाज के तत्कालीन कर्णधारों ने यह नहीं सोचा कि रक्त की पवित्रता को बनाये रखने के लिए एक ऐसे को जन्म दे रहे है जो सम्पूर्ण समाज को समाप्त कर देगा।

कन्यादान का आदर्श – हिन्दू संस्कृत में विवाह के समय पिता द्वारा कन्या को दान में देने की परम्परा बैदिक काल से पायी जाती रही है। इसके पश्चात भी वैदिक काल में इस आधार पर स्त्रियों की स्थिति निम्न नही हैं। इसका कारण यह था कि दान का वास्तविक अर्थ कन्या के लिए सुपात्र अथवा योग्य बर की खोज करना था। इसी आधार पर स्त्री को अपने पति का चुनाव करने में पूर्ण स्वतंत्रता दी जाती थी। और पति में कोई दोष होने पर स्त्री को उससे पृथक हो जाने का भी अधिकार था।

स्वतंत्रता के पश्चात स्त्रियों की स्थिति – भारत में स्वतंत्रता के पश्चात स्त्रियों की स्थिति में क्रान्तिकारी परिवर्तन हुए हैं। पिछली एक शताब्दी से ही स्त्रियों की स्थिति में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयत्न होते रहे हैं। लेकिन स्वतंत्रता के पश्चात स्त्रियों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में जो परिवर्तन हुआ उसकी सम्पूर्ण विश्व कल्पना तक नहीं कर सकता।

1– **शिक्षा की प्रगति** – स्वतंत्रता के पहले तक लडकियों के लिए न तो शिक्षा सम्बन्धी समुचित सुविधायें प्राप्त थी और न ही माता पिता स्त्री शिक्षा को उचित समझते थे। स्वतंत्रता के पश्चात स्त्री शिक्षा में व्यापक प्रगति हुई है। इस तथ्य को इस बात से समझाया जा सकता है। कि लडकियों के लिए आज कला और विज्ञान के अतिरिक्त गृह विज्ञान, हस्तकला, शिल्पकला और संगीत की शिक्षा प्राप्त करने की भी सुविधायें प्राप्त है। शिक्षा के प्रसार के कारण स्त्रियों को बाल–विवाह और पर्दा प्रथा से छुटकारा मिला ही है साथ ही उन्होंने समाज कल्याण ओर महिला कल्याण में भी व्यापक रूप लेना प्रारम्भ कर दिया है।

2– **आर्थिक जीवन में बढती स्वतंत्रता** – स्वतंत्रता के पश्चात एक बहुत बडी संख्या में मध्यमवर्गीय स्त्रियों ने शिक्षा प्राप्त करके आर्थिक क्षेत्रों की ओर बढना प्रारम्भ कर दिया। आज शिक्षा स्वास्थ्य, चिकित्सा, समाज कल्याण, मनोरंजन उद्योगों और वर्तालापों में स्त्री कर्मचारियों की संख्या निरन्तर बढती जा रही है। भारतीय स्त्रियों की मनोवृत्ति में अभी कानून परिवर्तन न हो सकने के कारण वे शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र को ही प्राथमिकता देती है। स्त्रियों को आर्थिक स्वतंत्रता मिल जाने के कारण उनके आत्म विश्वास, कार्यक्षमता ओर मानसिक स्तर में इतनी प्रगति हुई है कि उनके व्यक्तित्व की तुलना उस स्त्री से किसी से नहीं की जा सकती है। जो आज से कुछ वर्ष पहले संसार की सम्पूर्ण

लज्जा को अपने घूँघट में समेटे हुए पुरूष के शोषण को सहन करती हुई घूँघट में अपना जीवन व्यतीत करने के लिए बाध्य थीं।

पारिवारिक अधिकारों में वृद्धि – आज की स्त्री पुरूष की दासी नहीं बल्कि उसकी सहयोगिनी और मित्र है परिवार में उसकी स्थिति याचिका न होकर बल्कि प्रबंधक है आज की शिक्षित स्त्री संयुक्त परिवार का अपने समस्त अधिकारों का बलिदान करके शोषण में रहने के लिए तैयार नहीं है बल्कि वह स्वतंत्र एकांकी परिवार की स्थापना करके अपने अधिकारों का पूर्ण उपयोग के लिए प्रयत्नशील है। बच्चों की शिक्षा पारिवारिक आय के उपभोग संस्कारों का प्रबन्ध और पारिवारिक योजनाओं के रूप का निर्धारण करने में स्त्री की इच्छा का जडत्व निरन्त बढता जा रहा है। और स्त्रियॉ तो अपने पारिवारिक अधिकारों के लिए अर्न्तजातीय व प्रेम विवाह को भी प्रथमिकता देनी लगी है। विलम्ब विवाह स्त्रियों में लोकप्रिय होता जा रहा है। कुछ व्यक्ति परिवार में स्त्रियों के बदले हुए अधिकारों से इतने चिन्तित हो उठे हैं कि उसके पारिवारिक जीवन के ही विवाहित हो जाने का भय हो गया है।

सामाजिक जागरूपता – वर्तमान समय में स्त्रियों की परिस्थिति में क्रान्तिकारी परिवर्तन हुए परन्तु सामान्यतया यह परिवर्तन औद्योगिक नगरों और बडे शहरों तक ही सीमित हैं आज देश में स्त्री शिक्षा का प्रचार बडे तजी से हो रहा है। नये संविधान में स्त्रियों को पुरूषों के सामान राजनैतिक और सामाजिक अधिकार दिये गये हैं तथा आज बडी से बडी नौकरियों के लिए स्त्री पुरूषों से होड करती है विज्ञान के क्षेत्र में भी पुरूषों से पीछे नहीं हैं। राजनैतिक क्षेत्र में उनके अधिकार का सबसे बडा प्रमाण श्रीमती इंन्दिरा गॉधी का प्रधानमंत्री होना है। असेम्बली और पार्टियॉ भेट के लिए अनेक महिलायें चुनी जाती हैं।

सामाजिक कार्यकर्ताओं के रूप में वे अप्राप्त कर रही है। तथा विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं। जैसे डाक्टर, वकील, इंजीनियर, शिक्षिका, नर्स, टाइपिस्ट, सरकारी अफसर के रूप में पुलिस विभाग में उनके कार्य सराहनीय है होटलों दफ्तरों आदि में स्वागताधिकारी सामान्यतया स्त्रियॉ ही रखी जाती है हवाई जहाज़ों के स्त्रीवईर्स के रूपा में सेल्स गर्ल्स के रूप में उन्हें काफी सफलता मिली। सैन्य विभाग को छोडकर अन्य सभी जगहों पर स्त्रियॉ नौकरी

के प्रति स्थान हुआ। आज की स्त्री सामाजिक समारोहों में निःसंकोच होकर भाग लेती है परिवार नियोजन के कारण वर्तमान समय की स्त्रियॉ कम संतानों को जन्म देती है अर्न्तजातीय विवाहों का अनुमोदन प्राप्त होने विवाह अधिनियम 1954 के द्वारा भिन्न सम्प्रदाय एवं धर्म के लोगों में विवाह आज्ञा मिलने के कारण आर्थिक वितंत्रता, सहशिक्षा के कारण उन्हें स्वयं अपनी इच्छानुसार बर ढूढने एवं विवाह करने का अधिकार हो गया। साथ ही यह भी सत्य है कि गॉव में अब भी स्त्रियों की दृष्टि में विशेष सुधार नहीं हुआ। नगरों में निम्नार्थिक वर्गों में भी स्त्रियों की परिस्थितिक संतोषजनक नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर स्त्रियों में अब भी आत्म विकास की कमी है और परिवार के साथ निकलने के बार में कम सोचते हैं।

सारिणी नं0–3.32

सर्वेक्षित गांव में स्त्रियों की आत्महत्या का विवरण–2001

गांवों के नाम	कुआं में कूदकर	गैस गोलियां	फांसी	जलकर	कुल स्त्रियां	बच्चे आत्म0	कुल
उदयराजपुर	–	3	6	4	13	2	15
मुस्तफापुर	1	3	4	2	11	3	4
खरगपुर	–	2	1	–	3	1	4
सलेमाबाद	2	–	3	2	7	–	7
पैनाखुर्द	1	2	4	3	6	3	9
घघौरा	3	4	5	1	13	1	14
रारा	–	6	9	3	18	3	21
लमेहटा	–	5	5	2	12	4	16
टीकर	–	8	6	3	17	6	23
तारापुरभिटौरा	–	3	7	4	14	8	22
मवई	1	6	3	5	15	12	27
सांखा	2	7	2	6	17	4	21
अयाह	1	3	5	9	18	20	38

सर्वेक्षित गांवों में बच्चों द्वारा आत्महत्या का विवरण
2001

ललौली	3	16	13	10	42	23	65
सरकण्डी	4	21	18	9	52	18	70
योग–	18	89	91	63	261	108	369

सर्वेक्षित 15 गॉवों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि 1995 से 2001 तक स्त्रियों की आत्म हत्या का विवरण इस प्रकार है। सारिणी नं0–3.32 के गहनतम अध्ययन से पता चलता है कि सर्वाधिक स्त्रियों ने आत्म हत्या सरकण्डी 52 तथा सबसे कम खरगपुर में 01 महिला नें गॉव में की है।

उपरोक्त विवरण से यह निष्कर्ष निकलता है कि तहसील में 35 वर्ष से अधिक उम्र में वैवाहिक जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्तियों में केवल 6.3 प्रतिशत पुरूष तथा 0.2 प्रति0 स्त्रियॉ है अतः यह अनुमान लगता है कि धीरे–धीरे बाल विवाह प्रथा समाप्त होती जा रही है लेकिन तहसील पर यदि इस स्थिति पर नियंत्रण हो जाये तो जनंसख्या वृद्धि पर इसका प्रभाव पड सकता है क्योंकि जिन बालकों की शादी 14 वर्ष तक हो जाती है तो 35 वर्ष तक उनके घरों में शिशुओं का संख्यात्मक रूप बढ जाता है। ऐसे तथ्य सर्वेक्षण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों की न्यायपंचायतों में अधिक दृटव्य है।

यदि विवाह उर्म धर्म के अनुसार वर्गीकरण किया जाय तो कहा जा सकता है कि हिन्दुओं में विवाह की आयु सबसे कम है जैन धर्म के अनुयायियों में उससे अधिक सिक्खों में विवाह की आयु सर्वाधिक है मुसलमान एवं हिन्दुओं में विवाह की आयु प्रायः समान है।

प्रो0 एस0एन0 अग्रवाल ने जनांककी वक्ताओं का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है कि प्रायः उत्तरी भारत में जहॉ हिन्दी बोली जाती है विवाह की आयु अधिक है गत वर्षो से अध्ययन क्षेत्र में शिक्षा का विस्तार एवं आर्थिक चेतना में विवाह की आयु में वृद्धि करने में मदद की है किन्तु अभी तक संतोषजनक प्रगति नहीं हुई शारदा ऐक्ट के लागू होने के बाद भी बाल विवाह की प्रथा में बहुत कमी नहीं आयी यही कारण है कि सन् 1976 में विवाह पंजीकरण को अनिवार्य बनाये जाने की चर्चा रही है तथा विवाह की आयु में वृद्धि भी की गयी थी। लडकियों की विवाह की आयु 15 वर्ष से बढाकर 18 वर्ष कर दी गयी।

अप्रैल 1976 में विवाह की आयु बढाते हुए तत्कालीन परिवार कल्याण मंत्री डा0 कर्णसिंह ने कहा कि विवाह की आयु बढने से पुरू स्थान आयु वर्ग का काल घटेगा यद्यपि अध्ययन क्षेत्र विवाह एवं प्रभावपूर्ण विवाह की आयु में अन्तर होता है प्रायः प्रभुता पूर्ण तभी होता है जब लडकी वयश्क हो जाती है जैसे गौना आदि नाम दिया जाता है। किन्तु जहां ग्रामीण जगत में विवाह 8, 10, 12 वर्ष की उम्र में हो जाता है तथा 15 वर्ष की उम्र में गौना हो जाता है इस प्रकार के कम उम्र के मातृत्व को उपयुक्त संशोधन से रोका जा सकेगा।

विधवा विवाह :– अध्ययन क्षेत्र में ही नहीं सम्पूर्ण भारत में धार्मिक प्रधानानुसार उच्च जाति के हिन्दुओं में विधवा विवाह वर्जित है। 300 शदी ईसा पूर्व से पहले विधवा विवाह का प्रचलन था किन्तु 300 ई0पूर्व पर इस प्रकार के विवाह में नियंत्रण लगा दिये गये थे मनु जो भारतीय धर्म नीति के निर्धारक माने जाते है का विचार था कि एक विधवा को कभी दूसरे विवाह के बारे में सोचना भी नहीं चाहिएं।

विवाह न केवल शरीर वर आत्माओं का निम्न है। एक विधवा अपने मृत्यु के उपरान्त स्वर्ग में अथवा दूसरे जन्म में अपने पति से अवश्य मिलेगी।

निम्न वर्ग के हिन्दू इस प्रकार के प्रतिबन्धों से मुक्त रखे गये क्योंकि उनके पवित्र एंव धार्मिक जीवन व्यतीत करने की आशा नहीं की जाती थी आज भी करीब करीब यही व्यवस्था चली आ रही है। उच्च स्तरीय हिन्दुओं में ब्रम्हण, क्षत्रिय, वैश्य, विधवा विवाह वर्जित समझते है जबकि निम्न स्तरीय हिन्दू पिछडी जाति एवं अनुसूचित जाति है हरिजन में प्रारम्भ से ही विधवा की प्रथा है इन जातियों में बडे भाई की मृत्यु हो जाने पर भाभी एवं देवर का विवाह हो जाना एक आम बात है जिसे कराब कहा जाता है। सामान्यतया पति की मृत्यु के बाद पति के छोटे भाई से ही विवाह की परम्परा है बडे भाई से नहीं यह विधवा विवाह पति की मृत्यु के एक वर्ष बाद प्रायः मृत्यु दिवस पर ही एक साधारण समारोह में किया जाता है विधवा एवं देवर की आयु में अन्तर रखा जाता है।

सारिणी नं0–3.33

सर्वेक्षित गांवों में वैवाहिक जीवन काल की विसंगतियां

गांव का नाम	विधवां स्त्रियां	तलाकशुदा स्त्रियां	पुनःविवाहित स्त्रियां
उदयराजपुर	5	1	5
मुस्तफापुर	8	4	4
खरगपुर	12	8	10
सलेमाबाद	4	—	1
पैनाखुर्दा	6	2	4
घघौरा	11	3	7
रारा	38	25	32
लमेहटा	21	2	3
टीकर	18	1	5
तारापुर भिटौरा	32	2	8
मवई	14	3	11
सांखा	42	3	7
अयाह	16	3	9
ललौली	58	38	49
सरकण्डी	45	9	23
योग–	330	103	178

'वैधव्य' जो कि एक गम्भीर सत्यता है। भारतीय जनंसख्या शास्त्रियों के लिए सिर दर्द बना हुआ है। यद्यपि सामाजिक तौर पर इस प्रकार की प्रथा को समाप्त किया जाना चाहिए क्योंकि यह मानवता के लिए कलंक है। किन्तु यह जनसंख्या की दृष्टि से देखा जाय तो विधवा विवाह में प्रतिबंन्ध स्त्रियों की एक पर्याप्त संख्या को प्रजनन आयु वर्ग से बाहर निकाल देता है। अतः जन्मदर पर नियंत्रण हो जाती है।

सर्वेक्षित गाँवों में वैवाहिक जीवन काल की विसंगतिया–2001

चित्र संख्या – 3·7

पुनर्विवाह — अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक गॉव की स्थिति को देखते हुए विधवा पुर्नविवाह की प्रक्रिया प्रायः पिछडी एवं हरिजन निम्न जातियों में होता है क्षेत्र के अन्तर्गत यह क्रिया सवर्णों में देखने को नहीं मिलती एक तरफ तो विधवा विवाह की पूरी तौर पर मनाही है तो दूसरी ओर कराब प्रथा के अन्तर्गत प्रायः पुर्नविवाह हो जाता है। प्रो0 नाग का विचार है कि विवाह व्यवस्था पितृ प्रधान समाज में मातृ प्रधान समाज की अपेक्षा अधिक दृढ रहती है पितृ प्रधान समाजों में वंश की परम्परा में चलता है। तथा मतृत्व प्रधान में मॉ अथवा मामा के बंश की परम्परा में चलता है। सर्वेक्षित गॉव में विधवा पुर्नविवाह की सर्वाधिक संख्या ललौली 45 नरैनी में 7 है जहॉ पर स्त्रियों में पुनर्विवाह की प्रक्रिया से अपना जीवन सुधार लिया है।

विधवा विवाह के सम्बन्ध में आंकडे नहीं मिलते है जो कुछ भी आंकडे उपलब्ध हो पाये है उनसे यह नहीं कहा जा सकता है कि शिक्षा एवं आर्थिक विस्तार के साथ विधवा विवाह का प्रचलन बढ रहा है किन्तु इतना जरूर कहा जा सकता है कि विधवाओं की संख्या घट रही है सन् 1901 में भारत में समस्त स्त्री संख्या का 17.3 प्रति0 विधवायें थी सन् 1931 में 15.5 प्रति0 जबकि 1961 में 10.8 प्रति0 ही विधवायें थीं।

अध्ययन क्षेत्र में सर्वेक्षित गॉव में सर्वाधिक विधवा स्त्रियॉ ललौली में 58 तथा सबसे कम लमेहटा में 03 थी। यह विधवायें अपना जीवन दूसरे के सहारे पर जी रही हैं तथा उ0प्र0 सरकार के द्वाराउन्हें आर्थिक अनुदान राशि के रूप में 100 रू0 महीना प्राप्त हो जाता है। इन विधवाओं में से 18 से 38 प्रति0 आयु वर्ग तक दुबारा विवाह कर देती है। यह प्रतिशत विधवा की आयु बढने के साथ घटता जाता है।

विधवा स्त्रियों की आयु वर्ष	पुनर्विवाह का प्रतिशत
13 वर्ष से कम	87.4
13—23	60.5
23—33	14.2
33—43	1.4
43 से अधिक	0.1

प्रो0 एस0एन0 अग्रवाल के सर्वेक्षण के अनुसार समस्त विधवा विवाहों में 36 प्रति0 ऐसी विधवायें थी जिनके पास कोई बच्चा नहीं था। जबकि कराब पद्धति में बच्चों की संख्या किसी प्रकार बाधक नहीं होती है तथा अधिकांश विधवा विवाह विधवा होने से एक ही वर्ष के अन्दर विवाह हो जाता है कभी कभी कोई विधवा गौना होने के पूर्व ही विधवा हो जाती है।

बहु पत्नी प्रथा की समस्या समाज में स्त्रियों पर व्याप्त है। जबकि इसका प्रचलन सर्वेक्षित क्षेत्र में बहुत कम देखने को मिला। बहुपत्नी प्रथा सर्वाधिक मुस्लिम सम्प्रदाय में मिलती है। प्रो0 नाग का विचार है कि बहुपत्नी प्रथा में जहॉ प्रजननता कम होती है। उसका प्रमुख कारण कि प्रायः धनी व्यक्ति अनेक औरते रखते हैं तथा नयी औरते की आयु कम होती है अतः बच्चे का जन्म नहीं होता व्यक्ति औरतों को अपनी प्रतिष्ठा का मापदण्ड मानते हैं तथा जिन औरतों के बच्चें नहीं होते वह व्यक्ति बहुपत्नी प्रथा का स्तर आता है। बहुपत्नी प्रथा से समाज में आज की औरतों को प्रताड़ित किया जाता है। तलाक एवं अलगाव अध्ययन क्षेत्र में सर्वेक्षण के दौरान सर्वाधिक तलाक सुदा औरतें ललौली–38, रारा–25, सकरण्डी–9, खरगपुर–8 मुस्तफापुर–4, मिलती है। तलाक पद्धति अधिकतम रूप से मुस्लिम जाति में देखने को मिलती है जिसकी पुष्टि तालिका नं0–3.33 से होती है।

अध्ययन क्षेत्र में गुप्त रोगों से ग्रसित महिलाओं से समाज में घृणा की भावना से देखा जाता है किन्तु कुछ ऐसे लोग है जो इस प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं मानते।

समाज में इस प्रकार का प्रतिबंध का कारण बीमारी की आशंका से घृणा है। प्रायः हिन्दू समाज के परिवारों की औरतों को रजस्वाला के समय भोजन आदि कार्यों से दूर रखा जाता है तथा अनेक समाजों में पूजा, पर्व त्योहार अनुष्ठान आदि के दिनों में रजस्वला औरतों से दम्पत्ति सम्बन्धी कार्य नहीं किये जाते हैं। जिन्हें उत्सव सम्बंधी अलगाव कहा जाता है।

अध्ययन क्षेत्र में स्त्रियों का स्थान बढती हुई जनसंख्या की दृष्टि से एवं प्राचीन रीति रिवाजों एवं परम्पराओं को दृष्टिगत रखते हुए हम यह कह सकते हैं कि आधुनिक समाज उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है परन्तु कुछ ग्रामीण स्त्रियों की दशा अब भी पूर्ववत है कहीं–कहीं पर पर्दा प्रथा इतना प्रभावी ढंग से

कार्यरत है कि समाज में उसकी वजह से अनेक घटनायें देखने को मिलती है वैसे इस बदलते हुए परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए हम यह कह सकते है कि प्राचीन काल से आज का युग स्त्रियों को भी उच्चतम सीढी की ओर बढने के लिए प्रभावी ढंग से तत्पर्य है। परन्तु अभी कहीं–कहीं पर स्त्रियों को शिक्षा के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हम देखते है कि अनेक गॉव में निर्धनता एंव बढती हुई आबादी के कारण लोग अपनी बच्चियों को बढाने में अस्मर्थ हैं और वहीं शहरों से शहर की ओर कुल 8.8 प्रति0 पुरूष, 14.3 प्रति0 महिलायें, 6.5 प्रति0 ही प्रवास हुआ। 1971 –81 तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि ग्रामीण से ग्रामीण के प्रवास में कमी हुई जबकि अन्य प्रवास की क्रियाओं में वृद्धि हुई है।

ग्रामीण से ग्रामीण एंव शहरें से ग्रामीण दोनों प्रकार के प्रवास सामाजिक व्यवस्था के परिणाम हैं। विवाह के कारण एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास है विवाह प्रवास होता रहता हैं यह उल्लेखनीय है कि स्त्रियों में ग्रामीण से ग्रामीण प्रवास पुरूषों की अपेक्षा अधिक है जिसका आशय है कि गॉवों की लडकियों की शादी प्रायः गॉवों में होती है जहॉ तक ग्रामीण से शहरी प्रवास का प्रश्न है सन् 1971 में यह 14.4 प्रति0 था जो 1981 में 15 प्रति0 हो गया। इसका आशय है कि गत 10 वर्षो में व्यक्तियों की शहरी में भागने की प्रवृत्ति में वृद्धि हुई गॉव से शहरों की ओर जाने वाले स्त्रियों की अपेक्षा पुरूषों का अनुपात अधिक है। यदि स्त्री पुरूषों की सापेक्षिक स्थिति देखी जाय तो यह स्पष्ट हो जाता है कि ग्रामीण से ग्रामीण गमन में स्त्रियों का बाहुल्य है। शहरों से गॉवों की ओर जाने वालों में पुरूषों की अधिकता है किन्तु शहर से शहर की ओर प्रवास प्रायः समान हैं। तालिका नं0–3.21

आगे चलकर आधुनिक समान का पुरूत्थान करेगें कहीं–कहीं पर प्राचीन वृहद स्त्रियों के अशिक्षित होने के कारण कई बुरी दुर्घटनायें भी देखने को मिलती है अतः आवश्यकता है कि स्त्रियों को भी शिक्षा की ओर प्रभावी ढंग से अग्रसर हो ताकि आपका मानव समाज उनसे भी कुछ सहायता प्राप्त कर सकेगा। क्योंकि आधुनिक समाज के बदलते हुए इस परिवेश में आवश्यकता है पढी समाज की अतः हम देखते है कि आज इस परिवर्तन शील युग में स्त्रियों के उत्तरोत्तर विकास के लिए काफी प्रयास किये जा रहे हैं।

